WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

रायपुर, मंगलवार, 16 दिसंबर 2025 कृष्ण पक्ष- एकादशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 298 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

शीतकालीन सत्र...कौशिक ने सदन में उठाया सैनेटरी मशीनों का मुद्दा,-कहा-

करोड़ों खर्च, फिर भी सैनेटरी मशीनें बंद

बेरोजगारी भत्ते पर विपक्ष का वॉकआउट

हेमन्त धोटे

रायपुर/नवप्रदेश। सत्र के दूसरे दिन भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने स्कूल-कॉलेजों में लगे सैनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन और इंसीनरेटर का मुद्दा उठाया। श्री कौशिक ने कहा कि कई मशीनों के खराब/बंद होने और करोड़ों खर्च होने के बावजूद छात्राओं का इसका लाभ नहीं मिल रहा है। क्या मंत्री जी इस गंभीर मामले की जांच कराएगी। जवाब में मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया कि, लगभग 1600 मशीनें ठीक हैं और 1300 खराब है इसकी जांच कराई जाएगी।

मंत्री के जवाब से असंतुष्ट दिखे विधायक

कौशिक ने पूछा - 2020 से 2023 तक मशीनों के लिए निविदा कब- कब निकली। समय पर काम न पूरा होने पर कार्रवाई और भुगतान को लेकर जानकारी मांगी। शुचिता योजना का भी विधायक धरमलाल कौशिक ने जिक्र किया। विभागीय मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जवाब दिया। लेकिन दिए गए उत्तर से विधायक बीजेपी ने अपूर्ण बताया। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जानकारी उपलब्ध कराने की बात कही है।

11 लाख 39 हजार 656 पंजीकृत बेरोजगार

शीतकालीन सत्र के प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक लखेश्वर बघेल ने युवाओं के नौकरी और बेरोजगारी भत्ते पर सवाल किया। पूछा कि 1 अप्रैल 2024 की स्थिति में प्रदेश में पंजीकृत बेरोजगारों की कुल संख्या कितनी है? जवाब में मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि 1 अप्रैल 2024 तक की स्थिति में 11 लाख 39 हजार 656 पंजीकृत बेरोजगार हैं। मंत्री ने कहा कि बरोजगारों के लिए रोजगार मेला, प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। अभी की स्थिति में करीब 15 लाख के आसपास पंजीकृत बेरोजगार हैं।

प्रदेश में 15 लाख बेरोजगार, देंगे रोजगार

मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने सदन में जानकारी दी कि एक साथ 14 हजार से ज्यादा लोगों को हम रोजगार देने जा रहे हैं। इसके लिए बहुत जल्द राज्य स्तरीय रोजगार मेला आयोजित होगा। यहां युवाओं को उनके हुनर के अनुसार जॉब मिलेगी। कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने सवाल किया कि क्या प्रदेश के युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा है। इस पर मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि हम लोग युवाओं को सक्षम बना रहे हैं। इस पर विधायक ने सवाल किया कि युवाओं को योजना का लाभ कब देंगे?

मोबाइल नेटवर्क समस्या पर हंगामा

विधायक रेणुका सिंह ने सदन में टॉवरों को लेकर गलत और अधूरी जानकारी देने पर विभागीय अधिकारियों को घेरा। उन्होंने कहा कि कई इलाकों में अब भी नेटवर्क की गंभीर समस्या बनी हुई है, लेकिन कागजों में टॉवर चालू दिखाए जा रहे हैं। इस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जवाब देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने इस विषय में भारत सरकार को पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री ने सदन को आश्वस्त किया कि जिन क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या है, वहां जल्द मोबाइल टॉवर लगाए जाएंगे।

भूपेश बोले- युवाओं के साथ धोखा

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मुझे विधानसभा से जवाब में मिला है कि ये योजना बंद नहीं हुई है, फिर योजना का लाभ क्यों नहीं दिया जा रहा, कब बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा? इस पर मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा- हम युवाओं को सक्षम और सामर्थ्यवान बना रहे हैं। भूपेश बघेल ने कहा कि सरकार ने बजट में योजना के तहत प्रावधान किया है लेकिन दे नहीं रही, ये युवाओं के साथ धोखा है। इसके साथ सदन में पक्ष-विपक्ष में नोक-झोंक शुरू हो गई। भारी हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही कुछ देर तक प्रभावित रही।

पूर्व गृह मंत्री को दी गई श्रद्धांजलि

कार्यवाही शुरू होने के दौरान स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने पूर्व गृह मंत्री शिवराज पाटिल के निधन की सूचना दी। जिसके बाद स्पीकर, सीएम, नेता प्रतिपक्ष, संसदीय कार्य मंत्री ने श्रद्धांजलि दी। इस दौरान दिवंगत के सम्मान में सदन की कार्रवाई 10 मिनट स्थगित की गई।

धान खरीदी में अव्यवस्था पर भूपेश ने सरकार को घेरा

विधानसभा में धान खरीदी में अव्यवस्था को लेकर विपक्ष ने स्थगन प्रस्ताव लाया। भूपेश बघेल ने कहा कि सरकार धान खरीदने के पक्ष में नहीं है और जानबूझकर व्यवस्था कमजोर कर निजी हाथों में सौंपने का षडयंत्र रच रही है। उन्होंने बताया कि समिति प्रबंधक, कर्मचारी और कंप्यूटर ऑपरेटर हड़ताल पर हैं, पंजीयन में गंभीर खामियां हैं, वन अधिकार पट्टाधारी किसानों का पंजीयन नहीं हुआ और ऑनलाइन टोकन व्यवस्था पूरी तरह फेल है, जिससे कई किसानों को चॉइस सेंटरों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

चंद्राकर ने विपक्ष से पूछा- दिल्ली गए थे या हैदराबाद

कार्यवाही के दौरान अजय चंद्राकर ने विपक्ष पर तंज कसा। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत से पूछा दिल्ली गए थे या हैदराबाद, राहुल गांधी को फुटबॉल खेलते देखा या नहीं। इस पर महंत ने कहा- कल तो आप हमारी जगह थे। इस पर अजय चंद्राकर ने कहा- मैं कल भी अपनी ही जगह था। भूपेश बघेल ने अजय चंद्राकर से पूछा- आप क्या खेल रहे थे।

दो वर्षों में विभाग को मिली बड़ी उपलब्धियां

नवा रायपुर बना ऋणमुक्त और निवेश का केंद्रः चौधरी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने कहा है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बीते दो वर्षों में आवास एवं पर्यावरण विभाग ने ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। छत्तीसगढ़ संवाद ऑडिटोरियम में आयोजित प्रेस वार्ता में मंत्री चौधरी ने बताया कि किफायती आवास, बेहतर रहवासी सुविधाएं, आजीविका के अवसर और पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए विभाग ने योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया है, जिससे नागरिक जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने बताया कि दो वर्ष पूर्व छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल पर 735 करोड़ रुपये का ऋण था और 3200 से अधिक संपत्तियां अविक्रित थीं। राज्य शासन द्वारा ऋण चुकता कर मंडल को पूरी तरह ऋणमुक्त किया गया। अविक्रित संपत्तियों के लिए एकमुश्त निपटान योजना के तहत 30 प्रतिशत तक की छूट दी गई, जिससे 9 महीनों में 1251 संपत्तियों का विक्रय हुआ और 190 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। भविष्य में मांग आधारित निर्माण नीति लागू कर वित्तीय जोखिम को कम किया गया है।

अटल नगर देश का पहला ऋणमुक्त ग्रीनफील्ड शहर बन गया

मंत्री चौधरी ने कहा कि नवा रायपुर अटल नगर देश का पहला ऋणमुक्त ग्रीनफील्ड शहर बन गया है। 1345 करोड़ रुपये का संपूर्ण ऋण चुकता कर 5030 करोड़ रुपये मूल्य की भूमि और संपत्तियां गिरवी-मुक्त की गईं। इससे निवेश और विकास को नई गति मिलेगी। नवा रायपुर में टेक्सटाइल पार्क, आईटी, सेमीकंडक्टर, मेडिकल सिटी, एजु सिटी और साइंस सिटी जैसी परियोजनाओं से हजारों रोजगार सृजित होंगे।

निवेश और पर्यावरण की दिशा में मजबूत आधारः उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी रियल टाइम उत्सर्जन निगरानी, स्वचालित नोटिस प्रणाली और कॉमन हाजर्डस वेस्ट प्रबंधन सुविधा जैसी पहल की गई है।

गृह निर्माण मंडल की प्रमुख उपलब्धियां

- 735 करोड़ रुपये का ऋण पूर्णतः चुकाया
- ओटीएस योजना से 1251 संपत्तियों का विक्रय
- 190 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व अर्जित
- मांग आधारित नई निर्माण नीति लागू

आज बेबाक

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बड़ा बोल बोला है। उनका कहना है कि बिहार सरकार चारा चोट्टा लालू यादव की संपत्ति जब्त कर वहां स्कूल खोलेगी। सुनने में बात अच्छी है किन्तु कहते है न कि कुछ भी कहना आसान होता है और करना मुश्किल इन भ्रष्टासूरों ने कच्ची गोलियां नहीं खेली होती। इनके हराम के माल को उनकी हलक में हाथ डालकर निकालना उतना ही मुश्किल है जितना चील के घोसले में मांस ढूंढना। देखना दिलचस्प होगा कि लालू एंड सन्स की हजारों करोड़ की संपत्ति सरकार जब्त कर पाती है या नहीं।

स्क्वैश वर्ल्ड कप 2025 जीतकर भारतीय टीम ने रचा इतिहास

नई दिल्ली (आईएएनएस)। चेन्नई में आयोजित स्क्वैश वर्ल्ड कप 2025 के फाइनल में भारतीय टीम ने टॉप सीड हांगकांग, चीन को 3-0 से करारी शिकस्त देकर इतिहास रच दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीम को बधाई देते हुए इसे गौरव का पल बताया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा, 'एसडीएटी स्क्वैश वर्ल्ड कप 2025 में इतिहास रचने और अपना पहला वर्ल्ड कप टाइटल जीतने के लिए भारतीय स्क्वैश टीम को बहुत-बहुत बधाई!

राम मंदिर आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने वाले रामविलास वेदांती का निधन

अयोध्या(आईएएनएस)। राम मंदिर आंदोलन के प्रमुख सूत्रधार और पूर्व सांसद डॉ. रामविलास दास वेदांती का निधन हो गया है। उन्होंने मध्य प्रदेश के रीवा में अंतिम सांसें ली, जहां उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन की खबर मिलते ही अयोध्या और पूरे संत समाज में गहरा शोक छा गया है। साथ ही राजनीतिक जगत में भी उनके चले जाने से भारी दुख का माहौल है।

शाह-नड्डा ने हाथ पकड़कर नितिन नबीन को कुर्सी पर बैठाया

बीजेपी मुख्यालय में नए कार्यकारी अध्यक्ष पर फूल बरसाए गए, जय श्रीराम के नारे लगे

नई दिल्ली। बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन ने दिल्ली स्थित बीजेपी मुख्यालय में भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभाला। गृहमंत्री अमित शाह और निवर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हाथ पकड़कर उन्हें कुर्सी पर बिठाया। इससे पहले नितिन नबीन का पार्टी मुख्यालय में जोरदार स्वागत किया। उन पर फूल बरसाए गए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जय श्रीराम के नारे लगाए। अमित शाह और जेपी नड्डा नितिन नबीन के स्वागत के लिए बीजेपी मुख्यालय में पहले से मौजूद थे। भाजपा नेताओं ने उन्हें बधाई दी। नितिन नबीन सोमवार सुबह इंडिगो की फ्लाइट से 8.25 बजे की फ्लाइट से दिल्ली जाने वाले थे, लेकिन उनकी फ्लाइट 4 घंटे लेट हो गई है। वो दोपहर 1 बजे दिल्ली पहुंचे। बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारी शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम साय, डिप्टी सीएम और गृहमंत्री ने दी शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि नितिन नबीन का मार्गदर्शन संगठन और कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। उनकी नियुक्ति युवा नेतृत्व पर पार्टी के विश्वास का प्रतीक है। उनकी संगठनात्मक क्षमता कार्यकर्ताओं से गहरे जुड़ाव को दर्शाती है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि नितिन नबीन की राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति से छत्तीसगढ़ भाजपा परिवार गौरवान्वित है। उनके मार्गदर्शन में विधानसभा और लोकसभा चुनावों में पार्टी को ऐतिहासिक सफलता मिली है। वहीं गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि नितिन नबीन का नेतृत्व कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा देगा। उनके मार्गदर्शन में विधानसभा से लेकर निकाय-पंचायत चुनावों तक पार्टी का प्रदर्शन एक ऐतिहासिक उपलब्धि रहा है।

इंडिगो मामले में सुको ने दखल देने से किया इनकार

नई दिल्ली (आईएएनएस)। इंडिगो एयरलाइंस की उड़ानों के रुकने से यात्रियों को हुए नुकसान को लेकर दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने साफ कहा कि यह मामला पहले से ही दिल्ली हाईकोर्ट में चल रहा है, इसलिए सुप्रीम कोर्ट इसमें दखल नहीं देगा।

इस मामले की सुनवाई कर रहे सीजेआई सूर्यकांत ने याचिकाकर्ता से कहा कि वह अपनी बात दिल्ली हाईकोर्ट में ही रखें। सीजेआई ने कहा कि जब किसी मामले पर हाईकोर्ट पहले से सुनवाई कर रहा हो और उसने कुछ निर्देश भी दिए हों, तो ऐसे में अगर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई शुरू करता है, तो हाईकोर्ट को अपनी सुनवाई रोकनी पड़ती है। यह न्यायिक व्यवस्था के लिहाज से सही नहीं होगा। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने यह भी माना कि यह मुद्दा जनता से जुड़ा हुआ है और इससे बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हुए हैं। कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट से कहा कि वह इस मामले में याचिकाकर्ता नरेंद्र मिश्रा की दलीलों को भी ध्यान से सुने और उन पर विचार करे।

दरअसल, याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट से इस मामले में स्वतः संज्ञान लेने की मांग की थी। याचिका में कहा गया था कि इंडिगो की उड़ानों के अचानक रुकने से यात्रियों को भारी परेशानी और आर्थिक नुकसान हुआ है। कई लोगों की यात्राएं रद्द हुईं, जरूरी काम अटक गए और उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था के लिए ज्यादा पैसे खर्च करने पड़े।

नए नाम पर सियासी घमासान जारी

मनरेगा स्कीम की जगह लेगा 'विकसित भारत-जी राम जी'

नई दिल्ली/वार्ता। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून का नाम बदलने के फैसले को लेकर सरकार कटघरे में है। केंद्र सरकार संसद में विधेयक पेश कर इस योजना का नाम बदलने की तैयारी में है। अब सियासी आलोचकों की दलील है कि नई योजना का नाम ऐसा रखा गया है कि संक्षेप में इसे 'विकसित भारत जी राम जी पढ़ा जा रहा है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने सरकार से तीखे सवाल किए हैं। कांग्रेस ने सरकार को मनरेगा का नाम बदलने से लेकर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति तक पर घेरा है। केरल से निर्वाचित पार्टी सांसद प्रियंका गांधी ने सरकार से तीखे सवाल पूछे हैं। भारतीय शेष पृष्ठ 6 पर

महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा है?

प्रियंका ने संसद परिसर में पत्रकारों के एक सवाल पर कहा, जब भी किसी योजना का नाम बदला जाता है, तो कार्यालयों, स्टेशनरी आदि में बड़े पैमाने पर बदलाव करने पड़ते हैं। ऐसी गतिविधियों पर सरकार का बहुत पैसे खर्च करती है। उन्होंने सवाल किया कि नाम बदलने का फायदा क्या है? यह सब क्यों किया जा रहा है? महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा है?

राज्यसभा में चर्चा: चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में मुख्य न्यायाधीश को शामिल किया जाए

नई दिल्ली (आईएएनएस)। चुनाव सुधार पर चर्चा के दौरान समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद राम गोपाल यादव ने कहा कि जिस दिन चुनाव आयोग के कंपोजिशन के बारे में संशोधन किया गया, मुख्य न्यायाधीश को हटाकर उनके बदले एक कैबिनेट मिनिस्टर को शामिल किया गया। इससे जनता में एक संदेश गया कि यह इलेक्शन कमीशन की निष्पक्षता को खत्म करने का एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि पुरानी व्यवस्था फिर से लागू की जाए, जिसके तहत चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में मुख्य न्यायाधीश, प्रधानमंत्री और लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष होते थे। राम गोपाल यादव ने राज्यसभा में बोलते हुए कहा कि चुनाव से जुड़े हुए अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति धार्मिक या जाति के आधार पर नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन सभी चीजों से अलग हटकर ये नियुक्तियां निष्पक्ष व पारदर्शी होनी चाहिए। उन्होंने सदन में कहा कि उत्तर प्रदेश में कुछ उपचुनाव शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

उपलब्धि...

गेड़ी नृत्य के अद्भुत प्रदर्शन को यूनेस्को और 180 देशों के प्रतिनिधियों ने सराहा

लाल किले में गूंजा 'छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया'

नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ के गेड़ी नृत्य का अद्भुत प्रदर्शन को यूनेस्को ने सराहा है। बिलासपुर जिले की सांस्कृतिक संस्था 'लोक श्रृंगार भारती0 के गेड़ी लोक नृत्य दल द्वारा सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) व संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के आमंत्रण पर नई दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला प्रांगण में गेड़ी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। 7 से 13 दिसम्बर तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय समारोह में 180 देशों के प्रतिनिधियों की सहभागिता रहीं। समारोह में बिलासपुर के गेड़ी नर्तक दल ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंतर्राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति को काफी सराहा गया।

सीएम विष्णु देव साय ने इस गेड़ी नर्तक दल को बधाई और शुभकामनाएं दीं है। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत प्रभावित हुए। उन्होंने 'छत्तीसगढिया सबले बढिया का नारा दिया। समारोह शेष पृष्ठ 6 पर

गेड़ी नृत्य दल ने छत्तीसगढ़ राज्य को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सांस्कृतिक पहचान दिलाई

छत्तीसगढ़ की पारंपरिक वेशभूषा, कौडिय़ों व चीनी मिट्टी की मालाएं, पटसन वस्त्र, सिकबंध एवं मयूर पंख धारण कर प्रस्तुत भाव नृत्य ने प्रस्तुति को और भी आकर्षक बना दिया। यूनेस्को के महानिदेशक डॉ. खालिद एन. एनानी सहित विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने गेड़ी नृत्य दल के साथ स्मृति चित्र लिया व छत्तीसगढ़ राज्य को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सांस्कृतिक पहचान दिलाने के लिए शुभकामनाएं दी।

दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

सीजेआई ने कहा- गरीब और मजदूर सर्वाधिक प्रभावित

नई दिल्ली (आईएएनएस)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु प्रदूषण एक बार फिर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण पर गहरी चिंता जताई और साफ कहा कि अब ऐसे आदेश देने की जरूरत है, जिनका जमीन पर सख्ती से पालन हो सके। दिल्ली-एनसीआर के वायु प्रदूषण से जुड़े मामलों को शेष पृष्ठ 6 पर

घने कोहरे से हवाई यातायात प्रभावित, कई उड़ानें रद्द

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार सुबह घने कोहरे और बेहद कम दृश्यता के कारण हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। खराब मौसम का असर सभी एयरलाइनों की उड़ानों पर पड़ा है। इस बीच एयर इंडिया ने ट्रैवल एडवाइजरी जारी करते हुए सुरक्षा कारणों से कई उड़ानें रद्द करने की जानकारी दी है। इससे पहले इंडिगो एयरलाइंस ने भी कोहरे को लेकर यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की थी।

पूर्व मुख्यमंत्री बघेल बोले-भत्ता देना नहीं चाहती सरकार, जवाब में मंत्री बोले-हमारी सरकार युवाओं को रोजगार देने वाला बना रही

■ **पक्ष-विपक्ष में तीखी नोक-झोंक, विपक्ष ने नारेबाजी कर किया सदन से वॉकआउट**

हेमन्त धोटे

रायपुर/नवप्रदेश। दूसरे दिन सदन में बेरोजगारी भत्ता के मसले पर जोरदार हंगामा हुआ। सरकार के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने इस मसले पर वॉकआउट कर दिया। दरअसल कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने सवाल पूछा कि, बेरोजगारों को भत्ता दे रहे हैं या नहीं। इस पर कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा- हमारी सरकार युवाओं को रोजगार देने वाला बना रही है। जल्द सरकार राज्यस्तरीय रोजगार मेले का आयोजन करेंगी। इसी बीच पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा- पिछले सत्र में जानकारी दी गई थी कि, योजना चालू है, जब योजना प्रारंभ है तो युवाओं को भत्ता क्यों नहीं दे रहे हैं?

जमकर हंगामे के बाद विपक्ष का वॉकआउट

इसके बाद युवाओं को रोजगार देने पर दोनों पक्षों में तीखी बहस हो गई। सदन में जमकर नारेबाजी और हंगामा होने लगा। काफी हंगामा और हो हल्ले के बाद संतोषजनक जवाब ना मिलने पर विपक्ष ने बेरोजगारी भत्ता नहीं देने पर सदन से बहिर्गमन किया।

पूर्व मंत्री को श्रद्धांजलि देने के बाद सदन की कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई थी। उस समय सदन में पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव पहुंचे उनसे मिलने पक्ष-विपक्ष के नेता भी मिलने पहुंचे। वहीं विधायक अजय चंद्राकर ने मिलते हुए जमकर ठहाका लगाया। सदन के वॉल में पूर्व सीएम बघेल से विधायक चंद्राकर बोले राहुल गांधी के साथ फुटबॉल खेले की नहीं। ये सुनकर जमकर ठहाकें लगे।

चंद्राकर का कांग्रेसियों पर तंज, पूछा- दिल्ली गए थे या हैदराबाद

कार्यवाही के दौरान अजय चंद्राकर ने विपक्ष पर तंज कसा। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत से पूछा दिल्ली गए थे या हैदराबाद, राहुल गांधी को फुटबॉल खेलते देखा या नहीं। इस पर महंत ने कहा- कल तो आप हमारी जगह थे। इस पर अजय चंद्राकर ने कहा- मैं कल भी अपनी ही जगह था। भूपेश बघेल ने अजय चंद्राकर से पूछा- आप क्या खेल रहे थे।

धान खरीदी पर गरमाया सदन, पूर्व सीएम बघेल ने लगाया आरोप

'सरकार सिस्टम को बर्बाद कर निजी हाथों में सौंपने का रच रही है षड़यंत्र'

छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन विपक्ष धान खरीदी की अव्यवस्था पर स्थगन प्रस्ताव लेकर आया। आसंदी ने ग्रहिता पर चर्चा की अनुमति देने पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि अव्यवस्था से लगता है कि सरकार की मंशा धान खरीदने का नहीं है। सरकार सिस्टम को बर्बाद कर निजी हाथों में सौंपने का षडयंत्र कर रही है।

किसानों का पंजीयन नहीं हुआ: पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि अगर ग्राह्य कर चर्चा कराते तो सत्तापक्ष के सदस्यों को भी बोलने का मौका मिलता, और सरकार की ओर से इस पर जवाब आता। उन्होंने कहा कि धान खरीदी से जुड़े समिति के प्रबंधक, कर्मचारी, कंप्यूटर ऑपरेटर हड़ताल पर चले गए हैं। सरकार उनकी मांगे मानने के बजाय उन्हें जेलों में ठूस रही है, उन पर कार्रवाई कर रही है। पंजीयन में समस्या आई, वन अधिकार पट्टा वाले किसानों का पंजीयन नहीं हुआ।

ऑनलाईन टोकन में परेशानी: पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि धान खरीदी के लिए ऑनलाइन टोकन नहीं कट रहा है। कई लोगों के पास एंड्रॉयड मोबाइल नहीं, कई लोग चॉइस सेंटर का चक्कर लगा रहें हैं। महासमुंद के किसान मनबोध ने अपना गला काटकर आत्महत्या का प्रयास किया उनकी कोई सुध लेने वाला नहीं है।

सरकार की मंशा धान खरीदने की नहीं: पूर्व सीएम बघेल ने कहा कि धान खरीदी केंद्र से सीधे धान उठाने वाले नहीं हैं। धान खरीदी केंद्र से संग्रहण केंद्र ले जा रहे हैं, और आरओ फरवरी में कटेंगे। इस अव्यवस्था से लगता है कि सरकार की मंशा धान खरीदने की नहीं है। पिछले साल के धान खरीदी का उठाव नहीं हो पाया। सरकार इस पूरे नाकामी के लिए जिम्मेदार है। सरकार सिस्टम को बर्बाद कर निजी हाथों में सौंपने का षडयंत्र कर रही है। इसलिए आसंदी से आग्रह कर मुद्दे को ग्राहय कर पूरी चर्चा कराई जाए।

नई विधानसभा का नाम 'मिनी माता भवन' रखने की मांग

■ **सतनामी समाज के युवाओं ने विपक्ष से सत्र में मुद्दा उठाने का किया आग्रह**

रायपुर/नवप्रदेश। सतनामी समाज ने छत्तीसगढ़ की नई विधानसभा भवन का नाम 'मिनी माता विधानसभा भवन' रखने की मांग की है। इसको लेकर समाज के युवाओं ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को ज्ञापन सौंपते हुए विधानसभा सत्र में इस विषय को मजबूती से उठाने का आग्रह किया है।

युवाओं ने नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, भिलाई विधायक देवेंद्र यादव और बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे को ज्ञापन सौंपा। समाज का कहना है कि, पुराने विधानसभा भवन का नाम 'मिनी माता विधानसभा भवन' था, उसी परंपरा को बनाए रखते हुए नए भवन को भी यही नाम दिया जाना चाहिए। सतनामी समाज का तर्क है कि यह विषय केवल नामकरण का नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की सामाजिक पहचान, इतिहास और सर्व समाज की भावनाओं से जुड़ा है। मिनी माता का नाम समानता, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक रहा है। ऐसे में उनके नाम को बनाए रखना जनभावनाओं के अनुरूप होगा।

सामाजिक इतिहास में उनका योगदान ऐतिहासिक रहा

समाज के युवाओं ने बताया कि मिनी माता अविभाजित मध्यप्रदेश की पहली दलित महिला सांसद थीं और छत्तीसगढ़ के सामाजिक इतिहास में उनका योगदान ऐतिहासिक रहा है। उनके योगदान को सम्मान देने के लिए विधानसभा भवन का नाम यथावत रखा जाना चाहिए। युवाओं ने उम्मीद जताई कि विधानसभा सत्र के दौरान जनप्रतिनिधि इस मांग को सदन में प्रभावी ढंग से उठाएंगे, जिससे छत्तीसगढ़ की सामाजिक और ऐतिहासिक विरासत को सम्मान मिल सके। इस दौरान पुनेश्वर लहरे, अंकित बंजारे, आलोक खरे, मनीष बांधे, ऋतिक बघेल, सौरभ महिलांगे और कुनाल खूंटे सहित समाज के कई युवा मौजूद रहे।

नवंबर में पीएम मोदी ने किया था नए विधानसभा भवन का उद्घाटन

नवा रायपुर में बनी छत्तीसगढ़ की नई विधानसभा भवन एक आधुनिक और इको-फ्रेंडली इमारत है। 324 करोड़ रुपए की लागत से बने इस भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1 नवंबर 2025 को किया था। इसी भवन में 14 दिसंबर 2025 से पहला शीतकालीन सत्र शुरू हुआ। नई विधानसभा को मॉडर्न सुविधाओं से लैस किया गया है। जिसमें पेपरलेस कार्यवाही, सोलर पैनल, रेन वाटर हार्वेस्टिंग और आधुनिक ऑडियो-वीडियो सिस्टम शामिल हैं। इसे लोकतंत्र और जन-आवाज़ का आधुनिक मंदिर माना जा रहा है।

एसआईआर समीक्षा बैठक : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सख्त, बोले-

छूटे हुए सभी मतदाताओं का दोबारा सत्यापन करने दिए निर्देश

■ **बीएसओ ऐप से गणना पत्रक अपलोड करना अनिवार्य**

रायपुर/नवप्रदेश। मतदाता सूची को सही और अपडेट रखने के लिए प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। कलेक्ट्रेट स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में रविवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार की अध्यक्षता में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी ईआरओ और एईआरओ को स्पष्ट निर्देश दिए कि गणना पत्रकों का भौतिक सत्यापन कर उन्हें अनिवार्य रूप से बीएसओ ऐप के माध्यम से अपलोड कराया जाए। उन्होंने कहा कि अगर किसी मतदाता का नाम सूची से हटाया जा रहा है, तो उससे जुड़े सभी जरूरी दस्तावेज सुरक्षित रखना अनिवार्य होगा। यशवंत कुमार ने कहा, कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे, यह प्रशासन की जिम्मेदारी है। इसके लिए छूटे हुए सभी योग्य मतदाताओं का दोबारा सत्यापन किया जाए। साथ ही एएसडी श्रेणी में शामिल अनुपस्थित, स्थानांतरित और मृत मतदाताओं के मामलों में निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार सटीक जांच कर कार्रवाई करने को कहा गया।

एसआईआर की समय-सीमा 7 दिन बढ़ी, संशोधित कार्यक्रम जारी

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली ने निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर संशोधित कार्यक्रम जारी किया है। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार एसआईआर प्रक्रिया को 7 दिन के लिए बढ़ा दिया गया है। अब घर-घर मतदाता सत्यापन का कार्य 18 दिसंबर तक किया जाएगा। मतदाता सूची का प्रारूप (ड्राफ्ट) 23 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा। इसके बाद दावे और आपत्तियां दर्ज करने की अवधि 23 दिसंबर से 22 जनवरी 2026 तक तय की गई है। वहीं, सुनवाई और सत्यापन की प्रक्रिया 23 दिसंबर 2025 से 14 फरवरी 2026 तक चलेगी।

बूथ लेवल एजेंटों के समन्वय कर सूची साझा करें

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अप्राप्त गणना पत्रकों को लेकर भी निर्देश दिए कि राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों के साथ समन्वय कर सूची साझा की जाए और उनके हस्ताक्षर लिए जाएं, ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मतदाता सूची का अद्यतन कार्य पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अंर्त-आयुर्वेद महाविद्यालयीन क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर में आज अंर्त-आयुर्वेद महाविद्यालयीन क्रीड़ा प्रतियोगिता÷ का शुभारंभ संचालनालय आयुष छत्तीसगढ़ के संचालक सुश्री संतन देवी जांगड़े के मुख्य आतिथ्य में हुआ। दो दिनों तक चलने वाले इस प्रतियोगिता में राज्य के 2 शासकीय सहित 3 निजी आयुर्वेद महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के अंतर्गत छात्र एवं छात्राओं के इंटर कॉलेज क्रिकेट और व्हालीबॉल स्पर्धा आयोजित की जा रही है।

शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए संचालक सुश्री संतन देवी जांगड़े ने कहा कि खेल के जरिए ही विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है जो उन्हें भविष्य की अनेक चुनौतियों पर विजय दिलाती है। इस अवसर पर संयुक्त संचालक डॉ. सुनील कुमार दास ने संबोधित करते हुए कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए व्यायाम और खेल को नियमित दिनचर्या में शामिल करने पर बल दिया गया है।

समारोह का स्वागत भाषण संस्था के प्राचार्य डॉ. प्रवीण जोशी ने दिया। कार्यक्रम में आयुर्वेद एवं होम्योपैथी कौंसिल के रजिस्ट्रार डॉ.संजय शुक्ला, छात्रसंघ प्रभारी डॉ. जी.आर. रात्रे, डॉ. एस.आर इंचुलकर, डॉ.हरिन्द्र मोहन शुक्ला, डॉ. सरोज परहाते, डॉ. रुपेन्द्र चंद्राकर सहित शिक्षक एवं छात्र उपस्थित थे। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी।प्रतियोगिता के अंतर्गत आज छात्रों के क्रिकेट क्वार्टर फाइनल मैच में शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय रायपुर और बिलासपुर तथा छात्राओं के क्वार्टर फाइनल मैच बिलासपुर की टीम जीती। इसी तरह छात्राओं के व्हालीबॉल क्वार्टर फाइनल मैच राजीव लोचन आयुर्वेद महाविद्यालय दुर्ग, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय रायपुर और बिलासपुर की टीम ने जीती।

पोटा केबिन के 833 अनुदेशकों का दर्द सुनो सरकार..

संजय लिखितकर

बीजापुर/नवप्रदेश। संभाग के चार जिलों में राजीव गांधी शिक्षा मिशन द्वारा संचालित बालक-बालिका आवासीय रेसिडेंशियल विद्यालय (पोटाकेबीन) में पदस्थ अनुदेशक एवं अनुदेशिकाओं का हालत हंगामा फिल्म के कलाकार राजपाल यादव के समान है। अनुदेशक एवं अनुदेशिकाओं को मंदिर का घंटा बनाकर रखा है। हमेशा अधिक्षिका एवं अधीक्षक व अधिकारी भय बना रहता है। कम वेतन में अधिक कार्य, ऊपर से मानसिक एवं शारीरिक रूप से परेशान। ये बस्तर संभाग के 69 पोटा केबिन के 833 अनुदेशक हाल है। ना ही शासन की सुविधा का लाभ ना अन्य लाभ? चौबीस घंटे सेवा के बाद भी सुध लेना ना शासन ने समझा ना ही प्रशासन ने?

तत्कालीन केन्द्र सरकार द्वारा लगभग 15 वर्ष पहले अति संवेदनशील व पिछड़े क्षेत्रों में सूदूरवर्ती ग्रामीण अंचलों के गरीब आदिवासी बच्चे जो शिक्षा से वंचित या यों कहें कि शाला त्यागी बच्चों को शिक्षा देने के लिए आवासीय विद्यालय में ब्रीज पाठ्यक्रम लागू किया, जिससे की पालकों में शिक्षा के अलख जगे। जिसका ग्रामीणों में सकारात्मक परिणाम मिला। जिसमें बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य आदि सुविधाओ का विशेष ध्यान रखा गया। तत्कालीन केन्द्र सरकार प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के द्वितीय कार्यकाल में 2009 में प्रस्ताव पारित कर ब्रीज पाठ्यक्रम के स्थान पर राजीव गांधी शिक्षा मिशन का गठन किया गया। जिसमें बालक-बालिका आवासीय रेसिडेंशियल विद्यालय पोटाकेबीन संचालित किया गया। अतिसंवेदनशील और अति पिछड़े सूदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा व शाला त्यागी बच्चों को शिक्षा प्रदान करने का उद्देश्य था। पोटाकेबीन में बच्चों को पढ़ाने के लिए प्रशासन द्वारा अनुदेशक एवं अनुदेशिकाओं का भर्ती किया गया। इन लोगों का कार्य सूदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर शिक्षा से

वंचित व शाला त्यागी बच्चों को लाकर शिक्षा, स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना।

संभाग में चार जिल सुकमा , दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बीजापुर राजीव गांधी शिक्षा मिशन में कार्यरत अनुदेशको की संख्या लगभग -833 है।लेकिन अनुदेशक और अनुदेशिकाओं का ध्यान ना तो शासन,ना ही प्रशासन रख रहा है। विगत 15 वर्षो से शासन प्रशासन द्वारा इन्हें आश्वासन का झुनझुना थमा रहा है। चाहे भाजपा हो या कांग्रेस सरकार सभी ने मुंह फेर लिया। अनुदेशक और अनुदेशिकाओं दोनों नियमित शिक्षकों की भांति कार्य कर रहे हैं। नियमित शिक्षकों को 50- 60 हजार रुपए मासिक वेतन है। लेकिन अनुदेशक व अनुदेशिकाओं को वर्तमान में मात्र 16 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है। इन्हें प्रारंभ में 12 सौ रुपए मिलता था। तत्कालीन कलेक्टर अनुराग पांडे ने अनुशंसा कर ढाई हजार रुपए बढ़ाया जो एक माह मिला लेकिन बाद में पुनः10 हजार रुपए दिया जा रहा है। वहीं मुख्य रसोईया का 14 हजार और सहायक रसोईया का 12 हजार रुपए माह वेतन है। नियमित शिक्षकों की भांति अनुदेशक शिक्षक डायरी, बच्चों की हाजिरी लेना, अंकसूची में हस्ताक्षर करना बीमार बच्चों को ईलाज के अस्पताल ले जाना आदि कार्य करते हैं। साथ ही चौबीस घंटे सेवा देते हैं। अनुदेशको द्वारा शिक्षित बच्चे आज शासकीय सेवाओं में है,आज अनुदेशको से पांच गुना वेतन पा रहे हैं। प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी भी अनुदेशको द्वारा कराया जा रहा है इन प्रतियोगिताओं में उत्तीर्ण बच्चे डाक्टर और इंजीनियर कालेज में अध्ययनरत हैं। आखिर शासन प्रशासन इनके साथ भेदभाव क्यों कर रहा है? नियमित शिक्षकों में किसी कारणवश मौत हो जाती है तो उन्हें अनुकंपा नियुक्ति लेकिन लगभग 35 अनुदेशक की मृत्यु होने के बाद आज भी उनका परिवार मुफलिसी का जीवन गुजार रहा है। अनुदेशक संघ ने इस संबंध में बड़े बड़े मंत्री और मुख्यमंत्री को अनेक बार ज्ञापन सौंपा लेकिन वह भी ढांक के तीन पात रहे। जितने भी मीटिंग या प्रशिक्षण होता है वहां अनुदेशक अपने स्वयं के व्यय पर जाते हैं। उन्हें किसी प्रकार का भत्ता नहीं मिलता।

कथित तौर पर विश्वनीय सूत्रों ने बताया है कि तेलंगाना के किसी नेता को पकड़कर लगभग 30 हजार रुपए नियमित के नाम पर हर अनुदेशक से लिया गया। दिल्ली तक अनुदेशक संगठन के पदाधिकारी उस नेता के साथ गए। लेकिन ÷ भरोसे की भैंस गोबर दे दी।÷ कुछ अनुदेशक ने नाम ना छापने की शर्त बताया की राजधानी में हमें पार्ट टाइम शिक्षक के नाम से जाना जाता है। यही से जो जानकारी दी जाती है दिल्ली में भी वही जानकारी है। अनुदेशको का कहना है कि हमारी भी शैक्षणिक योग्यता है। हम लोग डीएलएड है, जो राज्य सरकार द्वारा कराया गया है और कुछ बीएड है। एक विशेष अभियान के तहत सरगुजा से शिक्षक भर्ती किया गया तो हम लोगों को क्यों नहीं? यहां तो खुल्ला खेल फर्रुखाबादी है।' ना ही सत्तापक्ष और ना ही विपक्ष इन अनुदेशको पर ध्यान दें रहा है। सब अनुदेशको को आशा है कि विपक्ष द्वारा अनुदेशक की समस्या को विधानसभा सत्र में जोर शोर से उठाया जाएगा?

मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना से 68 हजार मरीजों को मिला लाभ

कोडागांव/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना जरूरतमंद नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य शहरी स्लम क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को निःशुल्क और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। नगर पालिका परिषद कोंडागांव के विभिन्न वार्डों में नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों का आयोजन कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन में व मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री दिनेश डे के द्वारा किया जा रहा है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से शहर में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से अब तक लगभग 68 हजार मरीजों का इलाज किया गया है, इनमें से 62 हजार से अधिक मरीजों को निःरूशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई हैं और 24 हजार से अधिक लोगों की लैब जांच मुफ्त में की गई है। इन शिविरों में डॉक्टर, फार्मासिस्ट, नर्स और प्रशिक्षित लैब टेक्नीशियन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इस योजना के अंतर्गत नागरिकों को 170 प्रकार की दवाइयां और 41 प्रकार की लैब जांच की सुविधा निःशुल्क प्रदान की जाती है।

नपा अध्यक्ष नरपति पटेल एवं उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी द्वारा योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की जाती है। इसके अलावा नगर के सफाई मित्रों को भी प्रतिमाह स्वास्थ्य जांच की सुविधा दी जाती है। इस योजना के माध्यम से जरूरतमंद नागरिकों को उनके घर के पास ही उच्चतम स्वास्थ्य परामर्श और मुफ्त चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस योजना के एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर जय संचेती ने बताया कि जिले में कुल दो गाड़ी है, जो केशकाल कोंडागांव और फरसगांव में चलती है। उन्होंने बताया कि एक महिला जो बाजार गई थी बाजार में जाते वक्त इनको एक सांड ने जोर से टक्कर मार दी जिससे यह जख्मी हो गए।

■ न्यूज गैलरी

देर रात दो कारोबारी भाइयों पर चाकू से जानलेवा हमला

रायपुर/नवप्रदेश। कबीर नगर इलाके में देर रात हुई एक घटना ने कानून-व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। एम्स रेसीडेंसी परिसर में दो कारोबारी भाइयों पर चाकू से जानलेवा हमला किया गया। इस अचानक हुई घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। हमले में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, कपड़े के कारोबारी आकाश सखूजा शनिवार रात लगभग 10 बजे अपने दोस्तों के साथ एक जन्मदिन समारोह में शामिल होने गए थे। इसी दौरान कुछ युवक उनकी दुकान पर पहुंचे और वहां मौजूद कर्मचारी के साथ बदसलूकी करने लगे। आरोप है कि युवकों ने कर्मचारी को धमकाया और हंगामा किया। घबराए कर्मचारी ने तुरंत फोन पर आकाश को सूचित किया। सूचना मिलने पर आकाश विवाद को सुलझाने के लिए मौके पर पहुंचे, लेकिन बातचीत के बजाय युवक और उग्र हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुछ समय बाद आरोपी एम्स रेसीडेंसी परिसर में पहुंचे और आकाश के साथ गाली-गलौच करने लगे। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने चाकू निकालकर आकाश पर हमला कर दिया।

नाली सफाई, जलभराव की समस्या से मिली राहत

रायपुर/नवप्रदेश। न्यू राजेंद्र नगर स्थित मेडिसिन हॉस्पिटल के पीछे नाली की सफाई नहीं होने से जलभराव की शिकायत पर नगर पालिक निगम ने त्वरित कार्रवाई की। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही ने संबंधित जोन स्वास्थ्य अधिकारी को मौके का निरीक्षण कर तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए। जोन स्तर पर कार्रवाई करते हुए नाली की समुचित सफाई कराई गई तथा जमे हुए गंदे पानी की निकासी सुनिश्चित की गई, जिससे सड़क पर जलभराव की स्थिति समाप्त हो गई। सफाई कार्य के बाद क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था सामान्य हो गई। भविष्य में समस्या दोबारा न हो, इसके लिए नियमित नाली सफाई और सतत निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

फॉगिंग और लार्वा नाशक का छिड़काव जारी

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा शहर के सभी वार्डों में मच्छर नियंत्रण का कार्य सुनियोजित और सतत रूप से किया जा रहा है। प्रत्येक जोन में स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा वार्डवार रोस्टर तैयार कर नियमित फॉगिंग और लार्वा नाशक दवाओं का छिड़काव कराया जा रहा है, ताकि मच्छरजनित रोगों की रोकथाम सुनिश्चित की जा सके। पूर्व में कार्यरत एजेंसी की अवधि समाप्त होने के बाद जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर वार्डवार फॉगिंग को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया। इसके अनुरूप अब जोन स्वास्थ्य अधिकारियों के माध्यम से निर्धारित रोस्टर के अनुसार कार्य कराया जा रहा है। निदान 1100 सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का भी प्राथमिकता के साथ त्वरित निराकरण किया जा रहा है।

30 स्थानों पर नियमित अलाव की व्यवस्था

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में बढ़ती शीतलहर से आमजनों को राहत देने नगर पालिक निगम द्वारा शहर के लगभग 30 से अधिक प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर प्रतिदिन अलाव जलाने की नियमित व्यवस्था की जा रही है। जयस्तम्भ चौक, रेलवे स्टेशन, मेकाहारा परिसर, पुराना बस स्टैंड पंडरी, नेताजी सुभाष स्टेडियम, टाटीबंध चौक, शंकर नगर, अवंति विहार, कबीर नगर, सरोना, चंदनीडीह सहित कई स्थानों पर अलाव जलाए जा रहे हैं। महापौर मीनल चौबे और आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन कार्यालयों के माध्यम से यह व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। प्रतिदिन सैकड़ों लोग इन अलावों से ठंड से राहत प्राप्त कर रहे हैं। नगर निगम ने शीतलहर की पूरी अवधि के दौरान यह व्यवस्था निरंतर जारी रखने का निर्णय लिया है, जिससे आम नागरिकों को सुरक्षित और त्वरित राहत मिल सके।

11 सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन जारी

रायपुर/नवप्रदेश। नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ का 11 सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन लगातार जारी है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रीना राजपूत ने बताया कि संघ की मांगें पिछले 10 वर्षों से लंबित हैं। विभागीय मंत्री द्वारा 4 जुलाई 2024 को आश्वस्त किया गया था कि 6 माह के भीतर कैबिनेट में मुख्य मांगों को रखकर निर्णय लिया जाएगा, लेकिन 1 वर्ष 5 माह बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने से संघ सदस्यों में नाराजगी है। इसलिए चरणबद्ध आंदोलन जारी है। डॉ. रीना राजपूत ने कहा कि आंदोलन के तहत आज अस्पताल परिसर में प्रदर्शन किया गया। प्रथम चरण में 11 दिसंबर को ज्ञापन सौंपा गया था। द्वितीय चरण में 12, 13 और 14 दिसंबर 2025 को नर्सिंग कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर कार्य किया। तृतीय चरण के अंतर्गत 15, 16 और 17 दिसंबर को अस्पताल परिसर में सुबह 11 से 12 बजे तक एक घंटे का विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। वहीं चतुर्थ चरण में 29, 30 और 31 दिसंबर को अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लिया गया है।

महानदी जल विवाद सुलझाने हाई लेवल कमेटी की पहली बैठक 22 को

रायपुर/नवप्रदेश। महानदी जल विवाद को सुलझाने के लिए ओडिशा सरकार ने उच्चस्तरीय कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी की पहली बैठक 22 दिसंबर को शाम चार बजे लोक सेवा भवन में होगी। ओडिशा के उपमुख्यमंत्री कनकबर्धन सिंह देव इसकी अध्यक्षता करेंगे, जबकि कमेटी के अन्य सदस्य और अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। हालांकि यह मामला अब भी ट्रिब्यूनल में विचाराधीन है।

अलग-अलग मोर्चों पर बातचीत: ओडिशा और छत्तीसगढ़ सरकार अलग-अलग मोर्चों पर बातचीत कर रही है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के निर्देश पर बनी इस कमेटी में भाजपा, बीजद और कांग्रेस के प्रतिनिधि शामिल हैं। इसके अलावा महानदी से जुड़े जिलों के विधायक भी सदस्य हैं। कमेटी का उद्देश्य विवाद के तकनीकी और प्रशासनिक पहलुओं का विश्लेषण कर समाधान की दिशा में मार्गदर्शन देना है।

पानी से जुड़े सभी पहलुओं की जांच करेगी कमेटी

कहा जा रहा है कि यह कमेटी महानदी के पानी से जुड़े सभी पहलुओं की जांच करेगी और राज्य में तकनीकी तथा प्रशासनिक स्तर पर किए जा रहे प्रयासों को आवश्यक मार्गदर्शन देगी।

कमेटी में ये हैं आठ सदस्य

कमेटी के आठ सदस्यों में ओडिशा के राजस्व मंत्री सुरेश पुजारी, कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन, उद्योग मंत्री संपदा चंद्र स्वैन, गवर्नमेंट चीफविजिलेंट सरोज कुमार प्रधान, बीजद विधायक निरंजन पुजारी, संबलपुर विधायक जयनारायण मिश्रा और कांग्रेस विधायक सोफिया फिरदौस शामिल हैं।

क्या कहना है ओडिशा के विधायक का?

कमेटी गठन के बाद ओडिशा के विधायक जयनारायण मिश्रा ने जानकारी दी कि पिछली सरकार का ट्रिब्यूनल जाने का निर्णय गलत था और इसके लिए राजनीतिक समाधान आवश्यक था। उन्होंने कहा कि ट्रिब्यूनल जाने से प्रक्रिया में देरी हुई। उनका मानना है कि जैसे छत्तीसगढ़ ने महानदी पर बैराज बनाया, वैसे ही ओडिशा को भी हीराकुद डैम के नीचे और बैराज बनाने चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि राजनीतिक समाधान और कमेटी के प्रयास से विवाद समाप्त होगा।

क्या कहना है कमेटी के सदस्य का?

कमेटी की सदस्य सोफिया फिरदौस का कहना है कि नौ साल बाद ऐसी कमेटी बनना महत्वपूर्ण है। न्यायिक प्रक्रिया में अक्सर देरी होती है। इसलिए यह कमेटी विवाद का त्वरित और प्रभावी समाधान निकालने में मदद करेगी। कमेटी की पहली बैठक को लेकर ओडिशा में राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर व्यापक चर्चा चल रही है और इसे विवाद सुलझाने का ऐतिहासिक अवसर माना जा रहा है।

वैवाहिक सीजन और नववर्ष पर मिलावटी मिठाई-खोवा के खिलाफ बड़ा अभियान

मार्केट में खपत से पहले 14 लाख का नकली खोवा और मिठाई जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। वैवाहिक सीजन और नववर्ष के आगमन को देखते हुए नकली खोवा, मावा, पनीर और गुणवत्ताहीन मिठाइयों की बिक्री की आशंका बढ़ जाती है। इससे लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा होता है।

इसी को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ के नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन दीपक कुमार अग्रवाल (आईएएस) के निर्देश पर रायपुर जिले में डेयरी दुकानों और पनीर निर्माण इकाइयों का सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है।

मिलावटी मिठाई, पनीर और खोवा बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। अभिहित अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता, प्रभारी सहायक आयुक्त डोमेन्द्र ध्रुव तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारियों एहसान तिग्गा, बृजेन्द्र भारती, सिद्धार्थ पाण्डेय, सतीश कुमार राज, संतोष ध्रुव, रोशनी राजपूत, साधना चंद्राकर और नमूना सहायकों की संयुक्त टीम ने शहर की कई डेयरी एवं स्वीट्स इकाइयों का निरीक्षण किया। इस दौरान निम्नलिखित फर्मों से नमूने लिए गए और मिलावटी/गुणवत्ताहीन सामग्री जब्त की गई।

इन-इन मिठाई दुकान और डेरियों में खाद्य विभाग की टीम ने मारा छापा

- **मेसर्स गोपी डेयरी एंड स्वीट्स, बोरियाखुर्द:** अस्वास्थ्यकर स्थिति में पाए जाने पर 200 किलो लूज मिठाई नष्ट कराई गई। इसके अलावा खोवा, कलाकंद और कृष्णा बर्फी के 900 किलो सामग्री जब्त की गई, जिसकी कीमत 1.75 लाख रुपये है।
- **काशी एग्रो फूड, बीरगांव:** 500 किलो एनालॉग कॉटेज जब्त, कीमत 1.15 लाख रुपये।
- **विवान फूड, प्रोफेसर कॉलोनी (मलाशय तालाब के पास):** 500 किलो लूज पनीर जब्त, कीमत 1.50 लाख रुपये।
- एस. जे. डेयरी, बिलासपुर हाईवे, निमोरा: 4450 किलो पैक्ड मिल्की मलाई फेस पनीर और एनालॉग जब्त, कीमत 10.235 लाख रुपये।
- कुल मिलाकर चारों फर्मों से 6350 किलोग्राम एनालॉग पनीर, लूज पनीर, खोवा, कलाकंद और पैक्ड कृष्णा बर्फी जब्त की गई, जिसकी कुल कीमत 14.635 लाख रुपये (चौदह लाख तिरसठ हजार पांच सौ रुपये) है।
- सभी जब्त सामग्रियों के नमूने परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, कालीबाड़ी रायपुर भेज दिए गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

महादेवघाट कॉरिडोर का काम 8 प्रतिशत कम बजट में होगा

■ निर्माण के लिए 18 करोड़ रुपये का लगा था टेंडर, तेलीबांधा ट्रेड टॉवर भी 1 करोड़ रुपये कम में बनेगा

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम के चार महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट में से एक महादेवघाट कॉरिडोर तय बजट से लगभग 8 प्रतिशत कम यानी 17 करोड़ 60 लाख में तैयार होगा। इसके लिए 18 करोड़ रुपये का अनुमानित बजट तैयार किया गया था, लेकिन पहले ही टेंडर में कम दर आने के कारण निगम ने इसका टेंडर स्वीकृत करने के बाद रेट अप्रूव्हल के लिए राज्य शासन को भेज दिया है।

इसके अलावा तेलीबांधा ट्रेड टॉवर, बूढ़ापारा सीएसईबी ऑफिस से टिकरापारा चौक होते हुए पचपेढ़ीनाका तक गौरवपथ, खम्हारडीह में पानी टंकी एवं शहर के 18 चौक-चौराहों को यातायात के अनुरूप तैयार करने संबंधी टेंडर स्वीकृति के बाद निगम आयुक्त विश्वदीप ने शासन को रेट अप्रुव्हल के लिए भेज दिया है। इस सप्ताह अप्रुव्हल आते ही भूमिपूजन के बाद नये साल से इन सभी प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर दिये जाएंगे। इन सभी प्रोजेक्ट पर लगभग 108 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

महादेवघाट में तीन एजेंसी करेगी काम

महाकाल कॉरिडोर की तर्ज पर बनने वाले महादेवघाट कॉरिडोर का काम नगर निगम के साथ ही सिंचाई और लोक निर्माण विभाग भी करेगा। इस प्रोजेक्ट के लिए विधायक राजेश मूणत ने अलग-अलग दो आर्किटेक्ट से प्रस्ताव मंगाये थे। इनमें कॉरिडोर के रास्ते में आने वाली दुकानों को बिना हटाये ही व्यवस्थित रूप देकर उसी जगह पर उन्हें रखने का निर्देश दिया था। वहीं सामाजिक भवनों के रास्ते कॉरिडोर से अलग कर दिये जाएंगे। कॉरिडोर का काम महादेवघाट चौक के पास पेट्रोल पंप के सामने से शुरू किया जाएगा।

रेल्वे टिकट कालाबाजारी पर सख्ती, 3 करोड़ से अधिक फर्जी आईडी बंद

रायपुर/नवप्रदेश। रेलवे टिकटों की कालाबाजारी रोकने के लिए भारतीय रेलवे और आईआरसीटीसी ने सख्त कदम उठाए हैं, जिसके सकारात्मक नतीजे सामने आए हैं। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, आईआरसीटीसी वेबसाइट पर रोजाना बनने वाली नई यूजर आईडी की संख्या अब घटकर करीब 5 हजार रह गई है, जबकि पहले यह आंकड़ा लगभग एक लाख प्रतिदिन तक पहुंच जाता था। नए कड़े सत्यापन तंत्र लागू होने के बाद यह कमी दर्ज की गई है।

रेलवे अधिकारियों के मुताबिक ऑनलाइन तत्काल टिकट बुकिंग में धोखाधड़ी रोकने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आधार आधारित ओटीपी प्रणाली लागू की गई है। यह प्रणाली फिलहाल 322 ट्रेनों में शुरू हो चुकी है, जिससे तत्काल टिकट की पुष्टि का समय लगभग 65 प्रतिशत तक बढ़ गया है और आम यात्रियों को अधिक अवसर मिल रहा है।

फर्जी आईडी पर हुई कार्रवाई: रेलवे अधिकारियों ने बताया कि नकली पहचान के जरिए टिकट बुकिंग पर की गई कार्रवाई से अब तक 3.03 करोड़ फर्जी यूजर आईडी को निष्क्रिय किया जा चुका है। इसके अलावा 2.7 करोड़ यूजर आईडी को या तो अस्थायी रूप से निलंबित किया गया है या उनकी संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर जांच के दायरे में रखा गया है। रेल मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि टिकटिंग प्रणाली को और बेहतर बनाया जाए, ताकि वास्तविक और प्रामाणिक यूजर आईडी के माध्यम से यात्री आसानी से टिकट बुक कर सकें। उन्होंने कहा कि इन सुधारों से कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा और आम यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा।

होर्डिंग माफिया हुए पस्त: 25 सालों में पहली बार अवैध बैनर-पोस्टर से मुक्त हुई राजधानी

■ लगाने पर तुरन्त उखाड़ा जा रहा, तगड़ा जुर्माना भी

रायपुर/नवप्रदेश। नया छत्तीसगढ़ राज्य बने 25 साल बीत चुका है। इसके बाद से ही राजधानी रायपुर अवैध बैनर-पोस्टरों से हर जगह पटा नजर आता था। चाहे जयस्तंभ चौक हो या फिर जीई रोड कोई भी इलाका होर्ड्रिंग माफियाओं के अतिक्रमण से बच नहीं पाया था।

बीते सालों में नगर निगम में कई कमिश्नर कुर्सी पर लम्बे समय तक बने रहे और स्थानांतरण से पहले कई विभागों में बेहतर कार्य करके भी दिखाया लेकिन जहां बात राजधानी को अवैध होर्डिंग से मुक्त कराने की आती थी तो माफियाओं के सामने पस्त नजर आते थे। लेकिन राजधानी नगर निगम की सत्ता में लम्बे समय के बाद भारतीय जनता पार्टी की सत्ता आने के बाद माहौल पूरी तरह बदल गया है। माफियाओं का मनमानी पर अंकुश लग गया है। विभिन्न मार्गों पर अवैध होर्ड्रिंग पोस्टर को लगाते ही निकाल फेका जा रहा है। लगाने वालों पर तगड़ा जुर्माना भी वसूला जा रहा है।

राजधानी की सुंदरता हो रही थी प्रभावित

अवैध होर्डिंगों से राजधानी की सुंदरता प्रभावित हो रही थी। राजधानी में बाहर से आने वाले बेतरतीब होड्रिंग देख आश्चर्यचकित हो जाते थे। इसके अलावा मार्ग में आने जाने वालों का ध्यान इन होर्डिंग से भटकता था, दुर्घटना होने की आशंका भी बनी रहती थी। अब अवैध होर्डिंग हटने से शहर साफ-सुथरा नजर आ रहा है।

जीई रोड हुआ फ्लैक्स मुक्त जोन

राजधानी के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है जब जीई रोड के बड़े हिस्से को नो फ्लेक्स जोन घोषित किया गया है। इस इलाकें में अब सरकारी या निजी कोई भी बैनर पोस्टर नहीं लगाया जा रहा है। इससे मुख्य मार्ग से गुजरने वाले बेहद साफ-सुथरा वातावरण महसूस कर रहे है।

बीते दिनों को याद करते हो गई शाम, साल 2005 के बाद सीधा 2025 में मिले

20 साल बाद मिले कॉलेज विद्यार्थी, पुराने दिनों को याद किया

रायपुर/नवप्रदेश। दो दशक बितने के बाद कॉलेज के विद्यार्थी अपने सहपाठियों के साथ मिलने के प्रदेश की राजधानी रायपुर में पहुंचे। सभी का मुलाकात होने के बाद कॉलेज के साथ बीते दिनों व आपसी चर्चा करते देर शाम हो गई। सभी योग्यताओं के अनुरूप कई शासकीय कार्यालयों में अपनी सेवा दे रहे है। सबसे अधिक शिक्षक बन बच्चों को शिक्षा दे रहे है।

दरसल बात साल 2005 की है। धमतरी जिले के एक मात्र बाबू छोटे लाल श्रीवास्तव शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय में एम.ए.हिन्दी साहित्य बैच में 12 विद्यार्थी पढ़ाई कर निकले थे। इसके बाद सभी लोग अपने-अपने जीवनयापन में लग गए। सभी ने दुरभाष के माध्यम से संपर्क का मिलने की योजना बनाई। लंबे अरसे के बाद 14 दिसंबर 2025 को सभी रायपुर में मुलाकात किए। मुलाकात होते ही सभी साथियों के चेहरे पर मुस्कान साफ दिख रही थी। कॉलेज के दिनों का याद करते हुए अपने-अपने पारिवारिक जानकारी दी। इसके बाद सीधा जंगल सफारी का सैर का शेर,नील गाय,हिरन सहित अन्य वन्यप्राणियों का देखे। 2005 के बेच में छात्र प्रहलाद पटेल,तनेश्वर नागवंशी,शैलेन्द्र चेलक,धनेश्वर गोयल,देवेन्द्र सिन्हा और छात्रा वर्ग में गायत्री सिन्हा,जनक बंजारे शामिल रही। पांच विद्यार्थी किसी कारणवश नही पहुंच पाए।

समय का नही चला पता: कॉलेज के दिनों को याद करते-करते कम शाम हो गई पता ही नही चला। अपने छात्र जीवन को याद करते हुए शिक्षा देने वाले वरिष्ठ प्राध्यापक व हिन्दी के ज्ञानी तेज राम दिल्लीवार, डॉ.श्रीदेवी चौबे,चन्द्रिका साहू,प्रीत कुमार साहू के द्वारा दिए ज्ञान को आत्मसात किए। गुरूओं का पढ़ाने के अंदाज को स्मरण किए।

जनशिकायत का हुआ त्वरित निराकरण

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में खाली प्लॉटों और मुक्कड़ों में फैली गंदगी को लेकर प्राप्त जनशिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की गई। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को तत्काल स्थल निरीक्षण कर सफाई कार्य कराने के निर्देश दिए। निर्देशों के पालन में संबंधित जोनों द्वारा जेसीबी मशीन, वाहनों और सफाई कर्मियों की टीम के माध्यम से खुले में पड़े कचरे का उठाव कर क्षेत्र को साफ-सुथरा किया गया। इस प्रकार की समस्या की पुनरावृत्ति रोकने के लिए खाली प्लॉटों और मुक्कड़ों को चिन्हांकित किया गया है।

सुविचार

आसान नहीं है अपने ढंग से जी पाना। अपनों को भी खटकने लगते हैं जब आप अपने ढंग से जीने लगते हैं। -अज्ञात

नितिन नबीन को भाजपा की कमान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अकसर चौकानें वाले फैसले लेते हैं। इसी क्रम में भाजपा ने बिहार के लोकनिर्माण मंत्री नितिन नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाने का निर्णय लेकर सबको चौंका दिया है। इस पद के लिए मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से लेकर प्रहलाद जोशी तक लगभग आधा दर्जन वरिष्ठ नेताओं के नाम की अटकलें लगाई जा रही थी। किन्तु भाजपा ने नितिन नबीन पर भरोसा जताया जो युवा नेता है। नितिन नबीन चार बार के विधायक हैं और वर्तमान में बिहार की नीतीश कुमार सरकार में लोकनिर्माण मंत्री का दायित्व संभाल रहे हैं। वे छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रभारी भी रहे हैं और उनके ही नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में भाजपा संगठन को मजबूती मिली थी जिसका सुपरिणाम यह निकला कि छत्तीसगढ़ में भाजपा लोकसभा, विधानसभा, नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में शानदार जीत दर्ज करने में सफल हुई थी। बिहार विधानसभा चुनाव में भी नितिन नबीन ने मोर्चा संभाला था और संगठन को मजबूत करने में अग्रणी भूमिका निभाई थी जिसकी वजह से बिहार में भाजपा और एनडीए ने अभूतपूर्व सफलता हासिल की। नितिन नबीन की सांगठनिक क्षमता को देखकर ही भाजपा ने उन्हें इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। यह भी एक संयोग है कि इसके पूर्व जब नितिन गडकरी को भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया था तब उनका भी नाम इस पद की दौड़ में नहीं था वे भी महाराष्ट्र सरकार में लोकनिर्माण मंत्री थे। नितिन नबीन भी इस पद की दौड़ में शामिल नहीं थे और वे बिहार में लोकनिर्माण मंत्री हैं। भाजपा ने नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर यह भी संदेश दे दिया है कि भाजपा अब दूसरी पीढ़ी को आगे बढ़ाने की कवायद कर रही है। इसके लिए भाजपा ने जातिगत समीकरण को दरकिनार करते हुए योग्यता को महत्व दिया है। नितिन नबीन कायस्थ समाज से आते हैं जिनकी संख्या बिहार में मुश्किल से डेढ़ प्रतिशत ही है। इसके साथ ही भाजपा नेतृत्व ने अपने कार्यकर्ताओं को इस बात का भी संकेत दिया है कि यदि वे पार्टी के प्रति निष्ठावान रहते हैं और ईमानदारी से संगठन का का करते हैं तो उनकी योग्यता और क्षमता के अनुरूप उन्हें पार्टी सम्मानजनक स्थान प्रदान करने के लिए संकल्पित हैं। जहां अन्य पार्टियों में अध्यक्ष पद किसी राजनीतिक परिवार की बपौती बनकर रह गया है वहीं भाजपा परिवारवाद से दूर रहकर पार्टी के साधारण कार्यकरता को भी उच्च पदों पर आसीन करती है। बहरहाल नितिन नबीन के नेतृत्व की अग्नि परीक्षा बंगाल और असम विधानसभा चुनाव में होगा। भाजपाई उम्मीद कर रहे हैं कि युवा नेतृत्व भाजपा को इसी तरह चुनाव में सफलता दिलाने में सफल होगा।

प्रधानमंत्री के खिलाफ फिर आपत्तिजनक नारे

कांग्रेस पार्टी ने एसआईआर के खिलाफ हल्ला बोलते हुए देश की राजधानी नई दिल्ली में बड़ी रैली की जिसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकाजुर्न खड़गे ने वोट चोरी का आरोप लगाते हुए कहा कि वोट चोरी करना देश से गद्दारी है और इन गद्दारों को हराना जरूरी है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे को उछालते हुए चुनाव आयोग पर जमकर निशाना साधा और चुनाव आयोग के अधिकारियों को खुली धमकी दी कि जिस दिन भी कांग्रेस सत्ता में आएगी चुनाव आयोग के इन अधिकारियों को जेल भेजा जाएगा भले ही वे रिटायर हो जाएंगे। कांग्रेस नेताओं के ये आरोप फिर भी स्वाभाविक है लेकिन रैली के दौरान जयपुर कांग्रेस की अध्यक्ष सहित कई कांग्रेसियों ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक नारे लगाये उन्होंने मोदी तेरी कब्र खुदेगी आज नहीं तो कल खुदेगी। इस तरह के अपमानजनक नारे लगाकर ये कांग्रेसी खुद अपनी पार्टी की कब्र खोदने में लगे हुए हैं। इसके पूर्व जब जब कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक अपशब्द कहे हैं तब तब भाजपा को और बड़ी जीत मिली है। इसका हालिया उदाहरण बिहार विधानसभा के चुनाव परिणाम हैं जहां मोदी को मां की गाली दी गई थी और बिहार में महागठबंधन का सुपड़ा ही साफ हो गया था। इसके बावजूद कांग्रेस ने सबक नहीं लिया।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ जो कुछ भी बनना है वह आज और अभी बनना है; न अतीत से कुछ बनना है, न भविष्य में कुछ बनना है।

◆ आज की सारी दुनिया परिणाम देखती है पर कोई बीज नहीं देखता। आपके दुख का एक मात्र कारण है कि आप भी केवल परिणाम देख रहे हो। उन्होंने ऐसे कह दिया ! उन्होंने वैसे कह दिया ! कितना भी सीख दे के देखो अपने सुख और दु:ख के कारण तुम स्वयं हो।

◆ जब तक कारण को जानोगे नहीं, निवारण कैसे होगा।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1991 - कजाखस्तान ने सोवियत संघ से स्वतंत्रता की घोषणा की। 1985 - तमिलनाडु के कलपक्कम में पहले फास्ट ब्रीडर टेस्ट रिएक्टर (एफब्रीटीआर) की स्थापना। 1971 - भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम पर सहमति के बाद बंगलादेश पाकिस्तान से पृथक् होकर स्वतंत्र राष्ट्र बना। 1959 - पश्चिमी पाकिस्तान के लोवाराय दर्रे में भारी बर्फबारी से 48 लोगों की मौत। 1958 - कोलंबिया की राजधानी बोगोटा में एक गोदाम में लगी भीषण आग में 82 लोगों की मौत। 1951 - हैदराबाद में सालार जंग संग्रहालय की स्थापना की गयी। 1929 - कलकत्ता (अब कोलकाता) विद्युत आपूर्ति निगम ने हुगली नदी के भीतर नहर की खुदाई आरंभ की। 1927 - आस्ट्रेलिया के महान् बल्लेबाज सर डान ब्रैडमैन ने न्यूसाउथ वेल्स और दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच से अपने प्रथम श्रेणी क्रिकेट की शुरुआत की। 1889 - ब्रिटिश संसद की अधिकार घोषणा को राजा विलियम तथा रानी मेरी ने स्वीकार कर शासन में जनता के अधिकार को मान्यता दी 1862 - नेपाल ने संविधान को अपनाया।

लोकेश्वर सिंह
डॉ. ओमप्रकाश डहरिया
सहायक जनसंपर्क अधिकारी

युवा, रोजगार और भविष्य की दिशा आज का छत्तीसगढ़ युवा राज्य है। कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और स्वरोजगार योजनाओं ने युवाओं को नए अवसर दिए हैं। स्टार्टअप, डिजिटल सेवाएं और हरित ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में संभावनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। आने वाले वर्षों में छत्तीसगढ़ ज्ञान, तकनीक और सतत विकास के नए केंद्र के रूप में उभर सकता है। छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष केवल समय की गणना नहीं, बल्कि एक परिवर्तनकारी यात्रा हैं, जहां संघर्ष से संकल्प और संकल्प से सफलता की कहानी लिखी गई। यह विकास केवल इमारतों, सड़कों और आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि किसान की समृद्धि, आदिवासी के अधिकार, महिला की आत्मनिर्भरता और युवा के सपनों में दिखाई देता है। रजत जयंती के इस पड़ाव पर छत्तीसगढ़ आत्मविश्वास के साथ भविष्य की ओर देख रहा है। एक ऐसा भविष्य, जो समावेशी, टिकाऊ और उज्ज्वल है। यही 25 वर्षों की सबसे बड़ी उपलब्धि और आने वाले कल की सबसे मजबूत नींव है।

छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष : संघर्ष, संकल्प और समग्र विकास की स्वर्णिम यात्रा

1 नवंबर 2000 को भारत के मानचित्र पर छत्तीसगढ़ एक नए राज्य के रूप में उभरा। मध्यप्रदेश से पृथक होकर बने इस राज्य ने 25 वर्षों की यात्रा में न केवल अपनी पहचान गढ़ी, बल्कि विकास, सामाजिक न्याय और सुशासन के कई नए प्रतिमान भी स्थापित किए। प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर, आदिवासी संस्कृति से समृद्ध और कृषि प्रधान छत्तीसगढ़ की यह यात्रा चुनौतियों से शुरू होकर आत्मविश्वास और उपलब्धियों तक पहुँची है।

राज्य गठन और प्रारंभिक चुनौतियाँ

राज्य गठन के समय छत्तीसगढ़ के सामने अनेक समस्याएँ थीं, कमजोर अधोसंरचना, सीमित औद्योगिक आधार, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की चुनौती। ग्रामीण और आदिवासी बहुल अंचलों में सड़क, बिजली, पानी और प्रशासनिक पहुंच का अभाव स्पष्ट था। ऐसे में शुरुआती वर्षों में सरकार का प्रमुख लक्ष्य मजबूत प्रशासनिक ढांचा खड़ा करना और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार रहा। नई राजधानी नवा रायपुर (अटल नगर) की परिकल्पना, जिलों और तहसीलों का पुनर्गठन, पंचायत और नगरीय निकायों को सशक्त बनाना, इन प्रयासों ने विकास की नींव रखी। विकेंद्रीकरण के माध्यम से योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाया गया।

कृषि: छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था की रीढ़

छत्तीसगढ़ को ÷धान का कटोरा÷ कहा जाता है और कृषि राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ रही है। पिछले 25 वर्षों में सिंचाई परियोजनाओं का विस्तार, उन्नत बीज, कृषि यंत्रीकरण और किसान हितैषी नीतियों ने खेती को अधिक उत्पादक और लाभकारी बनाया। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, डिजिटल पंजीकरण और समय पर भुगतान जैसी व्यवस्थाओं ने किसानों को आर्थिक सुरक्षा दी। इससे न केवल किसान की आय बढ़ी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिली। आज छत्तीसगढ़ की धान खरीदी व्यवस्था देशभर में एक मॉडल के रूप में देखी जाती है।

आदिवासी विकास और सामाजिक न्याय

छत्तीसगढ़ की आत्मा उसके आदिवासी समाज में बसती है। राज्य गठन के बाद अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के सर्वांगीण विकास के लिए विशेष प्रयास किए गए। वन अधिकार अधिनियम के तहत पट्टों का वितरण, छात्रावास और छात्रवृत्ति योजनाएं, स्वास्थ्य और पोषण कार्यक्रम-इन सबने सामाजिक न्याय को मजबूत किया। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में स्वयं सहायता समूहों की भूमिका ऐतिहासिक रही है। लाखों ग्रामीण महिलाएं आज आर्थिक गतिविधियों से जुड़कर आत्मनिर्भर बनी हैं और ग्रामीण विकास की धुरी बन चुकी हैं।

शिक्षा और स्वास्थ्य में परिवर्तन

शिक्षा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ने उल्लेखनीय प्रगति की है। नए प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय, कॉलेज, आईटीआई और विश्वविद्यालय स्थापित हुए। नवोदय, एकलव्य और आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों ने ग्रामीण और वंचित वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर दिया।

स्वास्थ्य सेवाओं में भी बड़ा बदलाव देखने को मिला। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेजों तक सुविधाओं का विस्तार हुआ। मातृ-शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, कुपोषण उन्मूलन और आपातकालीन सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया गया।

औद्योगिक विकास और अधोसंरचना

खनिज संपदा से समृद्ध छत्तीसगढ़ ने औद्योगिक क्षेत्र में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। इस्पात, बिजली, सीमेंट और एल्युमिनियम उद्योगों ने राज्य की आर्थिक ताकत बढ़ाई। साथ ही एमएसएमई, फूड प्रोसेसिंग और आईटी जैसे नए क्षेत्रों को भी प्रोत्साहन मिला। सड़क, रेलवे, बिजली और डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार ने विकास को गति दी। गांव-गांव तक बिजली और सड़क पहुंचने से शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार को नया आधार मिला।

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास की रोशनी

नक्सलवाद छत्तीसगढ़ की सबसे जटिल चुनौतियों में से एक रहा है। लेकिन सुरक्षा उपायों के साथ-साथ विकास को प्राथमिक हथियार बनाकर सरकार ने बड़ा बदलाव किया। सड़कों, मोबाइल नेटवर्क, स्कूलों और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार ने उन क्षेत्रों में भी उम्मीद जगाई, जहां कभी भय का माहौल था। विकास और संवाद ने शांति की राह खोली।

सुशासन, तकनीक और पारदर्शिता

पिछले 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ ने सुशासन की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए। ई-गवर्नेंस, ऑनलाइन सेवाएं, जनदर्शन और समयबद्ध सेवा गारंटी जैसी पहलों ने प्रशासन को जनता के करीब लाया। पारदर्शिता और जवाबदेही से योजनाओं का वास्तविक लाभ लोगों तक पहुंचा।

सांस्कृतिक पहचान और छत्तीसगढ़ी अस्मिता

छत्तीसगढ़ की लोककला, नृत्य, संगीत, तीज-त्योहार और भाषा को राज्य स्तर पर संरक्षण और प्रोत्साहन मिला। यह सांस्कृतिक पुनर्जागरण विकास के साथ-साथ पहचान और गर्व का प्रतीक बना। राज्य ने यह सिद्ध किया कि आधुनिकता और परंपरा साथ-साथ चल सकती हैं।

युवा, रोजगार और भविष्य की दिशा

आज का छत्तीसगढ़ युवा राज्य है। कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और स्वरोजगार योजनाओं ने युवाओं को नए अवसर दिए हैं। स्टार्टअप, डिजिटल सेवाएं और हरित ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में संभावनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। आने वाले वर्षों में छत्तीसगढ़ ज्ञान, तकनीक और सतत विकास के नए केंद्र के रूप में उभर सकता है। छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष केवल समय की गणना नहीं, बल्कि एक परिवर्तनकारी यात्रा हैं, जहां संघर्ष से संकल्प और संकल्प से सफलता की कहानी लिखी गई। यह विकास केवल इमारतों, सड़कों और आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि किसान की समृद्धि, आदिवासी के अधिकार, महिला की आत्मनिर्भरता और युवा के सपनों में दिखाई देता है। रजत जयंती के इस पड़ाव पर छत्तीसगढ़ आत्मविश्वास के साथ भविष्य की ओर देख रहा है। एक ऐसा भविष्य, जो समावेशी, टिकाऊ और उज्ज्वल है। यही 25 वर्षों की सबसे बड़ी उपलब्धि और आने वाले कल की सबसे मजबूत नींव है।

नाभिकीय ऊर्जा मिशन

अनिल काकोडकर

मुझे लगता है कि दुनिया भर में नाभिकीय ऊर्जा को ज़्यादा बढ़ावा देने के कारण, नाभिकीय पुनर्चक्रण पर ज़्यादा ज़ोर देना ज़रूरी होगा। इस तरह, फ्रंट एंड की तुलना में बैकएंड ईंधन चक्र, उतना ही बड़ा या उससे भी बड़ा उद्योग बन जाएगा। थोरियम, जो प्रसार प्रतिरोध उपलब्ध कराता है, इस मामले में और भी ज़्यादा ज़रूरी हो जाता है। हमें यह मानना ? होगा कि हमारे क्काङ्ख क्रसिस्टम सबसे ज़्यादा लचीले हैं और कई तरह के ईंधन च्रक को सरल बनाने के लिए सबसे सही हैं, खासकर थोरियम की ओर हमारे संक्रमण की योजना के मामले में। जबकि थोरियम को विखडनीय यूरेनियम-233 में बड़े पैमाने पर बदलने के लिए द्रुत प्रजनक विकास को तेज़ करने की ज़रूरत है, अब जब हम आयातित यूरेनियम का इस्तेमाल करके बड़ी क्काङ्खक्रक्षमता सेट अप कर सकते हैं, तो क्काङ्खक्रह्य ऐसा करने और थोरियम के इस्तेमाल की दिशा में हमारी तरक्की को तेज़ करने का एक आसान विकल्प देते हैं।

विकासित भारत को साकार करने के लिए बड़े पैमाने पर नाभिकीय ऊर्जा का तेज़ी से इस्तेमाल ज़रूरी हो गया है। स्वच्छ ऊर्जा तक पहुँच के अलावा, नाभिकीय ऊर्जा लंबे समय तक चलने वाली ऊर्जा और जलवायु सुरक्षा का भी वादा करती है। परमाणु ऊर्जा विभाग की लगातार और आत्मनिर्भर बनने कोशिशों की वजह से, भारत एक आत्मनिर्भर, ज़िम्मेदार देश के तौर पर उभरा है, जिसके पास प्रगत नाभिकीय प्रौद्योगिकी है, भले ही अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने हम पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए हों। देश अब नाभिकीय ऊर्जा मिशन के साल 2047 तक 100 GW बिजली बनाने की क्षमता तक पहुँचने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रौद्योगिकी के मामले में तैयार है। हालाँकि यह बहुत महत्वाकांक्षी लग सकता है, लेकिन हमारे पिछले ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए, पॉलिसी की पहल और काम, खासकर कानूनी कदम जो अभिप्रेत हैं, उनसे चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी। स्वच्छ ऊर्जा हासिल करने और जलवायु खतरे से निपटने के अलावा, नाभिकीय ऊर्जा मिशन में अर्थव्यवस्था को काफ़ी बढ़ावा देने की क्षमता है क्योंकि पूरी वैल्यू चेन देश के अंदर होगी। इससे मटीरियल, मैन्युफैक्चरिंग, कंस्ट्रक्शन, कमीशनिंग, ऑपरेशन और मेंटेनेंस, क्वालिटी एश्योरेंस, सेफ्टी और आस-पड़ोस के लोगों से जुड़ाव जैसी सभी गतिविधियों में सभी स्तर पर नौकरियाँ पैदा होंगी। प्रशिक्षित और योग्य मानव संसाधन के मामले में भी चुनौतियां हैं। हालांकि हम इन सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं, लेकिन प्रोग्राम की निरंतरता पर उद्योग का भरोसा एक अनिवार्य शर्त होगी।

आगे क्या चुनौतियां हैं? उनमें से सबसे ज़रूरी है समय लक्ष?य के हिसाब से बड़े पैमाने पर तेज़ी से परिनियोजन करना। सिर्फ़ दो दशकों में 90 तङ्ख से ज़्यादा या लगभग 200 रिएक्टर जोड़े जाने हैं। स्पष्ट है कि NPCIL, NTPC और BHAVINI के अलावा कई इम्प्लीमेंटिंग एजेंसियों की ज़रूरत है, जो फ्लीट मोड में रिएक्टर प्लांट के मानक डिज़ाइन वाली परियोजना शुरू करें। हालांकि हमें अपनी राष्ट्रीय नाभिकीय ऊर्जा नीति के आधार पर प्रौद्योगिकी के साथ प्रोग्राम को परिनियोजित करना चाहिए। PHWR प्रौद्योगिकी स्पष्ट रूप से एक सिद्ध और किफायती प्रतिस?पर्धी स्वदेशी प्रौद्योगिकी है जो तेज़ी से आगे बढ़ने के लिए तैयार है। इसलिए NPCIL को अपने प्रोग्राम को कार्यान्?वित करते समय PHWR प्रौद्योगिकी में दूसरी प्राधिकरणों को रचनात?मक रूप अपने से जोड़ते हुए उनका मार्गदर्शन करना चाहिए। दूसरी परिपक?व प्रौद्योगिकी को भी एक अतिरिक?त संभावना के तौर पर माना जा सकता है, बशर्ते वे किफायती और संरक्षा मानकों को पूरा करें।

निवेश का भी एक ज़रूरी मुद्दा है, जो अकेले नाभिकीय ऊर्जा उपयोगिता क्षेत्र के लिए 20 लाख करोड़ के ऑर्डर का होगा। ईंधन चक्र अवसंरचना के लिए निवेश इसके अलावा होगा। इसलिए निजी क्षेत्र से वित्तपोषण बहुत ज़रूरी है। जबकि नाभिकीय क्षेत्र का आर्थिक पक्ष अच्छा है, दूसरी स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी के बराबर नीति सहयोग अनिवार्य होगा।

निर्धारित क्षमता के लिए नाभिकीय ईंधन हासिल करना अगली बड़ी चुनौती है। जबकि वैश्विक यूरेनियम स्रोत काफी हैं, नाभिकीय ऊर्जा विस्?तार के कारण यूरेनियम की बढ़ती मांग और यूरेनियम आपूर्ति पर रुकावटों से अंतरिम आपूर्ति में कमी और मूल्य में वृद्धि होगी। नाभिकीय बाज़ार से जुड़ी जटिल भू-राजनीति को देखते हुए यह एक बड़ी ईंधन आपूर्ति सुरक्षा चुनौती बन सकती है। इसलिए अपने बड़े थोरियम भंडारों के साथ भारत को जल्द से जल्द थोरियम पर स्विच कर लेना चाहिए और ऊर्जा सुरक्षित बनना चाहिए। इसके लिए हमारे थोरियम आधारित नाभिकीय ऊर्जा कार्यक्रम और उससे जुड़ी प्रौद्योगिकी के विकास में तेज़ी लाने की ज़रूरत है। थोरियम का इस्तेमाल और यूरेनियम से बहुत ज़्यादा एनर्जी वैल्यू पाना, जो किसी भी तरह से आज के समय की ज़रूरत बन जाएगी, इसमें नाभिकीय ऊर्जा का पुनर्संसाधन और पुनर्चक्रण करना ज़रूरी होगा। इस तरह संवृत नाभिकीय ईंधन चक्र में हमारी काबिलियत एक सुरक्षित और अनवरत ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने और भरोसेमंद दीर्घकालिक नाभिकीय अपशिष्?ट प्रबंधन में काम आएगी। हालांकि, यह एक संवेदनशील व नाभिकीय प्रौद्योगिकी है और इसका शासन और नियंत्रण सरकार के पास ही रहना चाहिए। अमेरिका सहित ज़्यादातर देश इस्तेमाल किए गए नाभिकीय ईंधन के स?थाई निपटान का मुद्दा नहीं सुलझा पाए हैं। निजी नाभिकीय प्रतिष?ठान और सरकारी नाभिकीय पुनर्चक्रण उद्योग के बीच ईंधन प्रबंधन इंटरफेस को कानून में ठीक से शामिल करने की ज़रूरत है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कुछ लम्हे जब

कुछ लम्हे जब फुरसतिया हुए तुम याद आए, काम से हम जब थक कर चूर हुए तुम याद आए, और याद आया तुम्हारे साथ रातों को, रात रात भर तकना और यूँ ही बेमतलब की बातें करना बेमतलब का हंसना, सुनो बेमतलब कुछ नहीं था यह तब जाना जब उन यादों ने मतलब बताते हुए गीले नयनों को आज हंसाया, अच्छा है तुम्हारा यूँ एक याद बन जाना और मुझे हंसाना। – **शुचि 'भवि'**

क्या यही चेहरा

क्या यही चेहरा यही बदन और बदन पर नूर होगा क्या यही सोचकर कहा है आपने कि रिश्ता अगले जन्म भी जरूर होगा ना ये चेहरा ना ये रूप ना ही ये बदन होगा अगर मिल भी जाएं तो पहचान ही लेंगे क्या आपमें इतना हुनर होगा अजी जाइए हम ना करेंगे वादा जन्म हो ना हो अभी क्या खबर होगा आप ही को है इतनी तलब इश्क की अजी हमपर ना इस बात का असर होगा क्या यही चेहरा.... – **प्रीति श्रीवास्तव**

बीते जा रहे हैं दिन – एक पल के बाद

बीते जा रहे हैं दिन - एक पल के बाद दूसरा पल और दूसरे के बाद तीसरा पल पल में ही बीते जा रहे हैं दिन - और दिन दिन करते बीते जा रहे हैं महीने फिर वर्ष - मन में पल रही है कुंठा , जलन , क्रोध , प्रतिस्पर्धा के भाव - और ऐसे ही लग रहा जीवन का दाव - अनमोल जीवन मिट्टी में लाकर चल देता है मनुष्य छोड़ यहीं का पाया यहीं पर!!! – **सीमा राय**

अपनों से आशा नहीं दूसर से क्या आस

अपनों से आशा नहीं दूसर से क्या आस । राम भरोसे आस रख जो है सबके पास ।। राम संवारत काज है ऊंच नीच नहिं भेद। क्यूं प्राणी करता नहीं निज करनी पर खेद ।। पहले तो गलती करे फिर पीछे पछिताय । काज बिगारे अपनों रामहि दोष लगाय ।। पहले सुमिरन यदि करे सफल होय सब काम। दुख में सुमिरन होत नहि दोष लगावत राम ।। – **अजय मिश्रा अभिज्ञ**

फूलों का क्या दोष , जिन्हें राहों में

फूलों का क्या दोष , जिन्हें राहों में बिखराया जाता है कभी कहो इन पूजनियों से, चार फूल उगाकर देखें लूट का माल है पैरों में पड़ा जो, तुझे तो दिखता होगा घाव नहीं भाव मर गए, मसले फूलों को उठाकर देखें। **–केदारशब्द मसीहा**

जाने किस बात पे फिर से, मैनें एक बार

जाने किस बात पे फिर से, मैनें एक बार आईना देखा... देखे सच सैकड़ों होते हुए बदन पर शफ़्फ़ाक और देखा कि बिछड़ गया क्या क्या... कोई कह दे ज़रा इक बार तो जाकर उसको वो गया जब से इस आईने ने , न आईना देखा... – **प्रियंवदा अवस्थी**

जग में हरि नाम विचार करे, मुरलीधर

जग में हरि नाम विचार करे, मुरलीधर प्रान पियार बतावत। नयना कजरी बदरी बनिके, अँसुवा भरिके हरि लोहि लगावत। हथवा कँगना गल हार हरी, मथवा बिंदिया हरि नाम सजावत। पग पायल जोहत बाट पिया, घुँघरू स्वर कंत बिना हि डरावत। – **राजकिशोर मिश्र राज**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन थोड़ा उठापटक वाला रहेगा। आज एक समय मे मन दो कार्यो में भटकने के कारण मनचाही सफलता नही मिल पाएगी। सेहत में छोटे मोटे विकार लगे रहेंगे।

वृष: आज का दिन मिश्रित फल प्रदान करेगा। कभी लाभ होता नजर आएगा अगले पल निराश होने पड़ेगा। घर एवं कार्य क्षेत्र पर मनमाना व्यवहार करेंगे इससे आप तो निश्चिन्त रहेंगे।

मिथुन: आज के दिन आप पिछली गलतियों से सीख लेंगे। व्यवहार में सुधार करेंगे मीठा बोलकर अपना स्वार्थ सिद्ध कर लेंगे। मानसिक अंतर्द्वन्द को छोड़ सेहत ठीक रहेगी।

कर्क: आज भी बचते बचते कलह होने की संभावना है आज स्वभाव में नरमी रखना अत्यंत आवश्यक है। आप जल्दी से किसी विवाद में नही पड़ेंगे लेकिन वातावरण ही ऐसा बनेगा ना चाहकर भी क्रोध आयेगा।

सिंह: आज का दिन धैर्य से बिताने में ही भलाई है। मेहनत करने पर तुरंत लाभ की आशा ना रखें आज किया परिश्रम का फल संध्या बाद से दिखने लगेगा लेकिन प्राप्ति में अड़चनें आएंगी। बदन दर्द स्नायु तंत्र में दुर्बलता रहेगी।

कन्या: आज के दिन मन कार्य में आ रही बाधा के कारण अशान्त रहेगा। शारीरिक सामर्थ्य भी आज कम ही रहेगा फिर भी जबरदस्ती करेंगे। व्यवसायी वर्ग अधूरे कार्य पर ज्यादा ध्यान दें आज धन पाने का यही एक साधन है।

तुला: आज का दिन आपको कोई नई खुशी देकर जाएगा। धन लाभ उम्मीद ना होने पर भी अकस्मात होगा। कार्यो के प्रति गंभीर रहेंगे दिन भर की मेहनत का आंकलन संध्या के समय संतोषजनक रहेगा।

वृश्चिक: आज दिनचार्य संघर्ष वाली रहेगी। दिन के आरम्भ से ही मन किस अरिष्ट की आशंका से व्याकुल रहेगा हानि की सम्भवना के कारण बड़ा कार्य करने से डरेंगे लेकिन दैनिक कार्य थोड़े विलम्ब से पूर्ण हो जाएंगे।

धनु: आज का दिन वैसे तो आपके लिये कुछ ना कुछ लाभ ही देगा लेकिन आज आपके द्वारा कोई ऐसा काम हो सकता है जिसका पछतावा लंबे समय तक रहेगा।

मकर: आज का दिन आपके लिये अनुकूल बना हुआ है जिस भी कार्य मे हाथ डालेंगे उसमे अन्य लोगो की तुलना में शीघ्र सफलता मिल सकती है। स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।

कुंभ: आज भी दिन आपके पक्ष में रहेगा लेकिन आज आपके अंदर समझ की कमी भी रहेगी सही की जगह गलत बातो का समर्थन करना घर अथवा बाहर वैचारिक मतभेद बनाएगा।

मीन: आज के दिन सुख शांति में वृद्धि होगी लेकिन शरीर मे कोई नया विकार भी बनेगा। आज आप की कार्य गति थोड़ी धीमी रहेगी कोई भी कार्य एकदम सर पर आने पर ही करेंगे।

QUIZ TIME

1) द ओसान ऑफचर्न पुस्तक के लेखक कौन है?

2) पत्रकारिता में उत्कृष्टता के लिए रेडइंक पुरस्कार किस प्रेस क्लब द्वारा दिए जाते हैं?

3) टी20 प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में 600 विकेट लेने वाले पहले खिलाड़ी कौन है?

4) भारत में किस जनगणना वर्ष में लिंग अनुपात सबसे अधिक दर्ज किया गया?

5) हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय माउंटेन दिवस कब मनाया गया है?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) संजीव सान्याल (2) मुंबई (3) सुनील नारायण (4) 2011 (5) 11 दिसम्बर

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य - 259

न्यूज गैलरी

उद्यानों में सफाई व सिंचाई जारी

भिलाई नगर। नगर निगम प्रशासन द्वारा भिलाई शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के साथ पर्यावरण को हरा-भरा रखने उद्यानों की साफ सफाई और सिंचाई की जा रही है। निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय के निर्देश पर नेहरू नगर स्थित कुसुम कानन उद्यान, योग उद्यान, राशि उद्यान, सेक्टर 2 तालाब उद्यान, सेक्टर 6 धोबीघाट उद्यान, सेक्टर 7 उद्यान, ट्रैफिक पार्क, शास्त्री उद्यान व हुडको स्थित सुभाष उद्यान सहित अन्य उद्यानों की साफ सफाई व पौधों की सिंचाई की जा रही है। केन्द्र सरकार की वूमेन फॉर ट्री योजना के तहत सभी जोन क्षेत्र के चिन्हित स्थलों में महिला स्व-सहायता द्वारा वृक्षारोपण किया गया है। पौधों की देखरेख, गुड़ाई व सिंचाई कर पौधों की देखरेख करने का कार्य सौंपा गया है।

ज्येष्ठ नागरिक संघ का चुनाव जनवरी में

दुर्ग। ज्येष्ठ नागरिक संघ पद्मनाभपुर की वर्तमान प्रबंध कार्यकारिणी समिति का कार्यकाल 31 जनवरी को समाप्त होगा। जनवरी में नए चुनाव कराए जाएंगे। इसके लिये तीन सदस्यीय चुनाव अधिकारियों को नामांकित किया गया है। गोपाल सिंह पवार मुख्य चुनाव अधिकारी, संतोष खरे, सहायक चुनाव अधिकारी, लाल मोहन पांडेय सहायक चुनाव अधिकारी होंगे। मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 20 दिसंबर और अंतिम प्रकाशन 28 दिसंबर को किया जाएगा।

नई ट्रेड लाइसेंस नीति से व्यापारी वर्ग में नाराजगी

दुर्ग। प्रदेश शासन द्वारा लागू नई ट्रेड लाइसेंस नीति को लेकर जिले सहित पूरे प्रदेश के व्यापारी वर्ग में भारी असंतोष है। वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों में यह नीति व्यापारियों को राहत देने के बजाय अतिरिक्त बोझ डालने वाली सिद्ध हो रही है। कैट (कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स) दुर्ग जिला इकाई अध्यक्ष प्रकाश सांखला ने इस नीति पर आपत्ति दर्ज कराते हुए प्रदेश सरकार से इस पर गंभीरता से पुनर्विचार करने की मांग की है।

2 किलो गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

दुर्ग। पुलिस ने गांजा बेचने और सप्लाई करने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। रायपुर के कबीरनगर निवासी आरोपी बंटी शाहा के पास से 2 किलो गांजा और 55 हजार कैश बरामद किया गया है। पुलिस ने 10 दिसंबर को सूचना के आधार पर रायपुर नाका दुर्ग ओवरब्रिज के पास रेड कार्रवाई की थी। इस दौरान तितुरडीह के रहने वाले सुमन पांडेय और मुकेश मिश्रा गांजा बेचते हुए गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने बताया कि उन्हें पिछले एक साल से रायपुर कबीरनगर निवासी बंटी शाहा गांजा सप्लाई कर रहा था। इसके बाद से ही पुलिस आरोपी की लगातार तलाश कर रही थी। सूचना मिलने पर आरोपी बंटी शाहा को रायपुर नाका के पास गिरफ्तार किया।

कई साल से नहीं हुआ 123 मोबाइल टावरों का नवीनीकरण, होगी 2.18 करोड़ रु की वसूली

निगम ने जारी किया डिमांड बिल, नोटिस की अनदेखी पर बिजली कनेक्शन काटने की तैयारी

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम दुर्ग सीमा क्षेत्र में बिना नवीनीकरण कराए संचालित किये जा रहे मोबाइल टावरों को लेकर निगम प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर मोबाइल टावर संचालकों को नोटिस जारी की गई है। शहर में संचालित कुल 123 मोबाइल टावर के संचालकों, व कंपनियों को निगम द्वारा 2 करोड़ 18 लाख 49 हजार रुपये का डिमांड बिल भेजा गया है। निगम की नोटिस को गंभीरता से न लेने पर अब कठोर कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम द्वारा अवैध रूप से संचालित मोबाइल टावरों के बिजली कनेक्शन काटे जाएंगे। निगम की जांच में शहर के विभिन्न वार्डों में मोबाइल टावरों का वार्षिक नवीनीकरण के बिना संचालन होने का पता चला। नियमानुसार प्रत्येक मोबाइल टावर का हर साल नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। संबंधित कंपनियों द्वारा इसका पालन

नहीं किया गया। शहर में मोबाइल टावर स्थापित करने वाली प्रमुख कंपनियों में आइडिया, अमेरिकन टावर, बीएसएनएल, बीटीए सेल्स, क्यूपो टेलीकॉम, एस्सार टेलीकॉम, एसेंड टेलीकॉम, आदित्य सेल्युलर, इंडिया टेलीकॉम, रिलायंस जियो इंफ्रेकॉम, वोडाफोन वायरलेस, टीटी इंफ्रे सर्विस सहित अन्य कंपनियां शामिल हैं। इन टावरों पर कार्रवाई की जाएगी। निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा मोबाइल टावर संचालकों, एजेंसियों और भवन मालिकों से अपील की है कि वे तत्काल निगम के लाइसेंस विभाग में उपस्थित होकर नवीनीकरण की प्रक्रिया पूर्ण कराएं। ऐसा न करने पर टावरों के बिजली कनेक्शन विच्छेदित कर दिए जाएंगे। अनुज्ञप्ति अधिकारी आरके बोरकर को निर्देशित किया गया है। सीएसईबी, राजस्व टीम व अतिक्रमण दल को संयुक्त रूप से तत्काल कार्रवाई प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं।

ध्वज पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए जिले के प्रभारी मंत्री शर्मा

25 से 29 दिसम्बर तक दिव्य हनुमंत कथा का आयोजन

भिलाई/नवप्रदेश। इस्पात नगरी भिलाई में जयंती स्टेडियम के समीप ग्राउण्ड में 25 से 29 दिसम्बर तक दिव्य हनुमंत कथा का आयोजन होने जा रहा हैं। आयोजन हेतु आज ध्वज पूजन किया गया। सेवा समर्पण समिति द्वारा आयोजित दिव्य हनुमंत कथा के ध्वज पूजन कार्यक्रम में प्रदेश के गृह, जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री और दुर्ग जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा शामिल हुए। जगदलपुर के विधायक किरण सिंह देव की मौजूदगी

में कार्यक्रम स्थल पर विधि-विधान पूर्वक हनुमंत व ध्वज पूजन कर ध्वज फहराया गया।

ध्वज पूजा के बाद सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष और सेवा समर्पण समिति के संयोजक राकेश पाण्डेय, पूर्व सांसद सरोज पाण्डेय, पूर्व मंत्री रमशीला साहू व अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

काली माता मंदिर के दान पेटी से लाखों की चोरी

भिलाई। सुपेला थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेहरू भवन रोड स्थित प्रसिद्ध काली माता मंदिर में अज्ञात चोरों ने दान पेटी से लाखों रुपए कैश चोरी कर लिया।

सोमवार को सुबह नियमित पूजा-अर्चना के लिए पंडित मंदिर पहुंचे। उन्होंने देखा कि दान पेटी खुली हुई है। उसमें रखा पूरा नगद गायब है। इसके बाद तत्काल मंदिर समिति और सुपेला थाना पुलिस को सूचना दी गई। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि काली माता मंदिर की दान पेटी पिछले करीब 6 साल से बंद थी। हाल ही में जमा राशि की गिनती को लेकर चर्चा की गई थी।

सेल-बीएसपी प्रबंधन के निर्णय के खिलाफ दो दिनों तक उपवास रखेंगे विधायक देवेंद्र

रिटेंशन स्कीम के आवास किराये में वृद्धि, कार्मिकों के मिनिमम वेज, टाउनशिप मार्केट के लीज नवीनीकरण, सेक्टर 9 हॉस्पिटल के निजीकरण, हाउस फॉर ऑल स्कीम के मुद्दे पर करेंगे आंदोलन

भिलाई/नवप्रदेश। विधायक देवेंद्र यादव सेल बीएसपी प्रबंधन के जन विरोधी निर्णय के खिलाफ गांधीवादी तरीके से विरोध प्रदर्शन करेंगे। विधायक ने 20 व 21 दिसंबर को 2 दिवसीय उपवास रखेंगे। सिविक सेंटर भिलाई चौक पर सुबह 10 बजे से हड़ताल पर बैठेंगे। विधायक यादव का कहना है कि सेल-बीएसपी प्रबंधन बजट में कटौती कर कार्मिकों, ठेका श्रमिकों, सेवानिवृत्त और पूर्व कार्मिकों को दी जाने वाली शिक्षा, चिकित्सा और आवास जैसे अनिवार्य और महत्वपूर्ण सुविधाओं में कटौती कर रहा है।

लीज और रिटेंशन स्कीम के तहत आबंटिती आवास की शर्तों में बदलाव कर किराए की दर में मनमानी बढ़ोतरी की गई है। लीजधारियों को नोटिस जारी आवास खाली करने दबाव बनाया जा रहा है। संयंत्र में वर्षों से कार्यरत श्रमिकों की छंटनी की जा रही है। उनके हक का मिनिमम वेज नहीं दिया जा रहा है। संयंत्र को निजीकरण की ओर धकेला जा रहा है।

विदित हो कि विधायक भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने बीएसपी डायरेक्टर इंचार्ज सीआर महापात्र से मुलाकात कर लोगों की समस्याओं से अवगत कराया था और कार्मिक व जनहित में नई रिटेंशन स्कीम को वापस लेने का आग्रह किया था। रिवर्स बिडिंग को बंद करने, भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा निर्धारित दर से भुगतान समय पर वर्करों को दिए जाने, बीएसपी टाउनशिप के मार्केट की दुकानों के लीज के विषय का निराकरण और जब तक निराकरण नहीं होता, तब तक कार्यवाही न करने के संबंध में चर्चा की थी।

गर्ल्स कॉलेज में गणित दिवस का आयोजन

दुर्ग/नवप्रदेश। आज गवर्नमेंट डॉ वा वा पाटणकर गर्ल्स कॉलेज के गणित विभाग द्वारा रामानुजन जयंती पर गणित दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. राजेश पांडे सेवानिवृत्त प्राचार्य व अतिरिक्त संचालक दुर्ग संभाग ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य डॉ रंजना श्रीवास्तव ने बताया कि मनुष्य के जन्म के साथ ही गणित की शुरुआत हो जाती है। उसके जीवन काल तक प्रत्येक क्षेत्र में किसी न किसी रूप में लागू होती रहती है। मुख्य अतिथि डॉ राजेश पांडे ने रामानुजन के द्वारा गणित विषय पर किए गए कार्यों को बताया। उन्होंने अंकों में छिपी रचनात्मकता के बारे में बताते हुए कहा कि 108 नंबर खगोल शास्त्र में महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ अनुजा चौहान और आभार प्रदर्शन डॉ सुमन सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रो डॉ अमिता सहगल, प्रो अनिल जैन, मोनिका देवांगन व बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

रिसाली बाजार चौक में विशाल हिंदू सम्मेलन

भिलाई/नवप्रदेश। हिंदू जन कल्याण समिति रिसाली बस्ती के तत्वाधान में बाजार चौक रिसाली में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। श्री शिवाय महिला जन कल्याण सेवा समिति द्वारा भजन कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न समाजों से बुलाए गए प्रतिनिधियों व प्रमुखों का श्रीफल व दुशाला भेंट कर सम्मान किया गया।

सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष भागवत कथापरायणकर्ता आचार्य पंकज शुक्ला ने सनातन हिंदू धर्म और उनकी मान्यताओं पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि हेमलता सिंह, समाज सेविका व संयोजिका राष्ट्रीय स्वाभिमान जागरण समिति ने बताया कि आरएसएस द्वारा सुझाए गए पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज में बदलाव ला सकते हैं।

मुख्य वक्ता महेश यादव, संयोजक हिंदू सम्मेलन व जिला सामाजिक समरसता संयोजक द्वारा हिंदुओं के संगठन और उनकी एकता पर बल दिया। उन्होंने आरएसएस की भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

आभार प्रदर्शन हिंदू जन कल्याण समिति के अध्यक्ष टीकम चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम का संचालन कौशल साहू ने किया। कार्यक्रम के अंत में भारत माता की आरती की गई और खिचड़ी के प्रसाद का वितरण किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम संयोजक किशोर जोशी, सह संयोजक सत्यनारायण चौधरी, कमलेश साहू, नमन देशमुख, शैलेश साहू पार्षद हिंद नगर, डा साधु यादव, धर्म ताम्रकार, भूपेन्द्र, रेणु पांडेय, प्रिया गुप्ता, किरण साहू व क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का योगदान रहा।

पॉवर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता के पहले दिन हुए रोमांचक मुकाबले

दुर्ग/नवप्रदेश। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र द्वारा आयोजित पॉवर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ लॉन टेनिस कॉम्प्लेक्स, सिविक सेंटर, भिलाई में आज 15 दिसंबर को किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के सचिव एचके मेश्राम के मुख्य आतिथ्य एवं कार्यपालक निदेशक केएस मनोटिया और एमएस चौहान, चेयरमेन ईसीजीआरएफ दुर्ग रीजन पीवी सजीव, ओलंपियन व अर्जुन अवार्ड प्राप्त उपमहाप्रबंधक क्रीड़ा बीएसपी राजेन्द्र प्रसाद, अधीक्षण अभियंता एस मनोज, आर के मिश्रा, जे जगन्नाथ प्रसाद, एस के भुआर्य व पद्मशा तिवारी और डीजीएम एस एल एस बाव कोसरिया के विशिष्ट आतिथ्य में दीप प्रज्जलित कर किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग रीजन के समस्त कार्यपालन अभियंता, भिलाई स्टील प्लांट के स्पोर्ट ऑफिसर अभिजीत भौमिक व सीनियर मैनेजर टीएसजी विवेक गुप्ता सहित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी और खेलप्रेमी उपस्थित हुए।

प्रतियोगिता के पहले दिन हुए मुकाबले के टीम इवेंट में ग्रुप बी में पहला मैच बिलासपुर रीजन और रायपुर सेंट्रल रीजन के बीच हुआ जिसमें रायपुर सेंट्रल ने बिलासपुर को 2-0 से पराजित किया। रायपुर सेंट्रल के अनुराग शर्मा ने समीर तिवारी को 6-3 से हराया। महेंद्र सिंह चौहान रायपुर सेंट्रल ने बिलासपुर के ओमप्रकाश को 6-0 से हराया। टीम इवेंट ग्रुप ए में पहला सेमीफाइनल रायपुर रीजन व कोरबा वेस्ट के बीच खेला गया, जिसमें कोरबा वेस्ट ने 2-0 से विजय हासिल की। पहले मैच में सुनील सिंह ने तरुण ठाकुर को 6-1 से हराया। दूसरे मैच में विकल्प तिवारी ने शेखर वर्मा को 6-0 से हराया। टीम इवेंट ग्रुप बी का दूसरा सेमीफाइनल मैच दुर्ग रीजन व रायपुर सेंट्रल के बीच खेला गया जिसमें दुर्ग रीजन ने रायपुर सेंट्रल को 2-0 से पराजित किया। पहले मैच में अरुण साहू ने महेंद्र सिंह चौहान को 6-2 से पराजित किया। दूसरे मैच में पीएल माहेश्वरी ने अनुराग शर्मा को 6-1 से पराजित किया। फाइनल मैच में कोरबा वेस्ट विजयी रही।

विधायक ललित ने पदयात्रा कर स्वदेशी वस्तुएं खरीदने और उपयोग करने किया प्रोत्साहित

भिलाई/नवप्रदेश। आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत घर-घर संपर्क अभियान की कड़ी में आज भाजपा निकुम मंडल स्तरीय पदयात्रा व घर-घर संपर्क अभियान अंडा में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर ग्राम भ्रमण कर दुकानदारों को स्वदेशी निर्मित वस्तु बेचने और स्वयं उपयोग करने व आमजनों से स्वदेशी

निर्मित वस्तुओं के उपयोग के लिये प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष मनोज सोनी, आत्मनिर्भर भारत के प्रभारी गिरेश साहू, गायत्री वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी रजनीश श्रीवास्तव, अंडा निकुम मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, पुराण देशमुख, डिलेश गब्बर साहू, जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि मनोज गोलू चंद्राकर, जनपद सदस्य बेला यादव, नूतन निर्मलकर, अजय चौहान सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे। विधायक चंद्राकर कहा कि पीएम मोदी ने 2047 तक एक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया है और इस लक्ष्य की प्राप्ति का मार्ग आत्मनिर्भर भारत से होकर गुजरता है। चंद्राकर ने कहा कि 90 दिनों के अभियान के दौरान, भाजपा और उसके कार्यकर्ता देश भर के लोगों से संपर्क कर रहे हैं और उन्हें स्वदेशी उत्पादों का समर्थन करने और उन्हें खरीदने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

स्वदेशी संकल्प यात्रा का समापन 20 को

दुर्ग। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) व स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रव्यापी स्वदेशी संकल्प यात्रा का 20 दिसम्बर को दुर्ग में समापन होगा। इसकी तैयारियों को लेकर दुर्ग में हुई बैठक में जानकारी दी गई कि कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री व गृहमंत्री के शामिल होने की भी संभावना है। कैट दुर्ग जिला इकाई अध्यक्ष प्रकाश सांखला ने बताया कि कैट द्वारा नागपुर से प्रारंभ की गई स्वदेशी संकल्प यात्रा एक राष्ट्रव्यापी अभियान है।

बौद्ध महासभा के चुनाव में 3 निर्विरोध निर्वाचित

भिलाई/नवप्रदेश। भारतीय बौद्ध महासभा की कार्यकारिणी का चुनाव डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर सांस्कृतिक भवन, सेक्टर- 6, भिलाई में रविवार को कराया गया।

मतदान प्रक्रिया सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे चली, जिसमें संस्था के सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

कुल 87.35 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान के बाद मतगणना की गई। विभिन्न वार्डों से सदस्य निर्वाचित हुए, जिसमें तीन वार्ड के सदस्य निर्विरोध चुने गए।

चुनाव परिणाम के अनुसार वार्ड 1 एससी गौतरकर (निर्विरोध), वार्ड 2 आनंद रामटेके, वार्ड 3 सविता मेश्राम, वार्ड 4 देवानंद मेश्राम, वार्ड 5 ठानेन्द्र कामडे, वार्ड 6 अशोक कुमार श्यामकुंवर, वार्ड 7 धीरेन्द्र दिगंबर धमगाये, वार्ड 8 शैलेश कुमार सुखदेवे, वार्ड 9 प्रदीप सोमकुंवर, वार्ड 10 हरिकिशन भोवते (निर्विरोध), वार्ड 11 जेबी पाटिल, वार्ड 12 अशोक नंदेश्वर, वार्ड 13 आशीष चौहान, वार्ड 14 भागवतराव बागडे, वार्ड 15 कीर्ति लांजेवार, वार्ड 16 कृष्णा राव बंसोडकर, वार्ड 17 विनोद वासनिक, वार्ड 18 प्रितेश पाटिल, वार्ड 19 वीरेन्द्र, वार्ड 20 द्वारका प्रसाद भोईर, वार्ड 21 धनंजय कुमार मेश्राम, वार्ड 22 रंजू खोब्रागड़े (निर्विरोध), वार्ड 23 जालेन्द्र उके, वार्ड 24 राजेश गजभिये और वार्ड 25 महेन्द्र कुमार खोबरागड़े शामिल हैं। सभी निर्वाचित प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर बधाई दी गई। चुनाव संचालन में सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रभाकर खोब्रागड़े, नरेश कुमार मेश्राम, अनिल रंगारी व भारती खांडेकर का सहयोग रहा।

गाइडलाइन दरों में किये गये जनहितैषी सुधार : भूपेंद्र सवन्नी

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ अक्षय ऊर्जा विकास निगम (क्रेडा) के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने आज भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में लागू नवीन गाइडलाइन दरों के संबंध में विभिन्न हितधारकों से सुझाव, ज्ञापन व प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन पर विचार कर महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं।

छत्तीसगढ़ अक्षय ऊर्जा विकास निगम अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने बताया कि नगरीय क्षेत्र में 1400 वर्ग मीटर तक भूखंडों के इंक्रीमेंटल आधार पर गणना के प्रावधान को समाप्त करते हुए पूर्व प्रचलित उपबंध अनुसार नगर निगम क्षेत्र में 50 डेसिमल तक, नगर पालिका में 37.5 डेसिमल तक, और नगर पंचायत में 25 डेसिमल तक स्लैब दर से मूल्यांकन के प्रावधान को यथावत लागू किए जाने का निर्णय लिया गया। बहुमंजिला भवनों में फ्लैट, दुकान, कार्यालय अंतरण होने पर सुपर बिल्ट अप एरिया के आधार पर बाजार मूल्य की गणना के प्रावधान को विलोपित किए जाने का निर्णय लिया गया।

अब इनमें बिल्ट अप एरिया के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा। यह प्रावधान मध्य प्रदेश के समय से चला आ रहा था और राज्य में वर्टिकल डेवलपमेंट के लिए इसकी मांग लंबे समय से आ रही थी। इससे नगर योजना में भूमि का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि बहुमंजिला भवन व कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स में बेसमेंट व प्रथम तल पर 10 प्रतिशत कमी, द्वितीय तल व उससे ऊपर के तल पर 20 प्रतिशत कमी के साथ मूल्यांकन किया जाएगा। इससे मध्यम वर्ग को किफायती दर पर फ्लैट मिल पाएंगे।

छत्तीसगढ़ क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने कहा कि कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में 20 मीटर के बाद स्थित संपत्ति के लिए भूखंड की दर में 25 प्रतिशत कमी कर मूल्यांकन किया जाएगा। 20 मीटर दूरी की गणना कॉम्प्लेक्स के मुख्य मार्ग की ओर से निर्मित भाग से की जाएगी। जिला मूल्यांकन समिति द्वारा गाइडलाइन दरों के पुनरीक्षण के प्रस्ताव केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेजे जाते हैं जिनका विश्लेषण कर केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड नवीन गाइडलाइन दरें जारी करता है।

जिला मूल्यांकन समिति को यह निर्देशित करने का निर्णय लिया गया कि हाल ही में हुई दरों में वृद्धि के बाद प्राप्त ज्ञापनों, आपत्तियों और सुझावों के आधार पर 31 दिसंबर तक गाइडलाइन दरों में पुनः पुनरीक्षण प्रस्ताव भेजें। केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड के ये निर्णय 8 दिसंबर से प्रभावशील हो गए हैं।

पत्रकार वार्ता में दुर्ग संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, भाजपा प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा, पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू, जिला महामंत्री दिलीप साहू, विनोद अरोरा, जिला मीडिया प्रभारी राजा महोबिया मौजूद रहे। सवन्नी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर पंजीयन प्रक्रिया को सरल एवं जन हितैषी बनाया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 20 नवंबर को लागू गाइडलाइन दरों में कई महत्वपूर्ण जन हितैषी सुधार किए गए हैं।

सांसद खेल महोत्सव से प्रतिभाओं को बेहतर अवसर

भिलाई/नवप्रदेश। अहिवारा विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन अहिवारा में किया गया। खेल महोत्सव का उद्देश्य युवाओं, छात्र-छात्राओं व आम नागरिकों को खेलों के प्रति जागरूक कर उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद विजय बघेल उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविशंकर सिंह, नपा अध्यक्ष विधानंद कुशवाहा, पूर्व नपा अध्यक्ष नटवर ताम्रकार, पार्षद मीना जोशी, पार्षद विदेशी साहू, पुरुषोत्तम वर्मा, मंडल अध्यक्ष राम निर्मलकर, जनपद सीईओ किरण कौशिक व नगर पालिका सीएमओ अंकुर पाण्डेय सहित अनेक जनप्रतिनिधि व

अधिकारीगण मंचासीन रहे। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि 21 सितंबर से प्रारंभ हुआ सांसद खेल महोत्सव 25 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। खेल से फिट का संदेश देते हुए विधानसभा व लोकसभा क्षेत्र को स्वस्थ और सशक्त बनाना है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों, आयोजकों व सहभागियों को आयोजन के लिए बधाई दी।

सांसद ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और पहल से देश भर में प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। अहिवारा सहित नौ विधानसभा क्षेत्रों में इस महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, खिलाड़ी, पालक, शिक्षक व खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था से परेशान हैं किसान: लोकेश डड़सेना

बालोद/ नवप्रदेश। जनपद सदस्य और किसान पुत्र लोकेश डड़सेना ने बताया कि उनके क्षेत्र के ग्राम करहीभदर, सांकरा क, लिमोरा धान खरीदी केंद्रों में

अव्यवस्था से किसान काफी परेशान है। उन्होंने स्वयं केंद्रों का जायजा लेकर समस्याएं देखी है। जिसमें पाया गया कि टोकन और लिमिट नहीं बढ़ने से किसानों को काफी चिंता है ऐसे में वे धान बेचने से वंचित हो सकते हैं। बता दें कि किसान पुत्र लोकेश डड़सेना ने कुछ महीनों पूर्व खाद को लेकर चक्का जाम करते हुए डबल इंजन सरकार को चुनौती दिए थे। लोकेश डड़सेना जनपद सदस्य बालोद ने अब धान खरीदी को लेकर शासन प्रशासन को घेरा है। उन्होंने मुद्दा उठाते हुए कहा कि धान खरीदी केंद्रों में व्याप्त अव्यवस्था को लेकर किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है। कुछ दिन पहले महासमुंद के एक किसान ने टोकन न कटने से परेशान होकर अपना गला काट लिया था। जनपद सदस्य लोकेश डड़सेना ने सरकार को घेरते हुए कहा कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार होने के बावजूद जमीनी स्तर पर किसानों को काफी दिक्कतों और समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। धान खरीदी केंद्रों न ही अभी तक लिमिट बढ़ा है और न धान की उठाव (परिवहन) किया जा रहा है। कई जगहों पर तो एक दो दिनों में धान उठाव नहीं किया गया तो धान खरीदी बंद होने की कगार पर है।

क्रेशर प्लांट का किया जा रहा निरीक्षण

राजनांदगांव/नव प्रदेश। खनिज विभाग की टीम द्वारा ग्राम डुमरडीहकला स्थित क्रेशर प्लांटों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्रेशर संचालकों द्वारा वाटर स्प्रिंकलर से क्रेशर प्लांटों में पानी छिड़काव करना पाया गया। क्रेशर संचालकों को भविष्य में धूल डस्ट का सतत नियंत्रण करने हेतु नियमानुसार उपाय करने निर्देशित किया गया। इस दौरान बिना पिटपास के खनिज चूना पत्थर के अवैध परिवहन के संलिप्त चार हाईवा वाहनों को जप्त किया गया। जिसमें सीजी 08 ए जेड 4197, एमपी 50 एच 1323, सीजी 08 बीजी 5052, सीजी 08 बीसी 6894 शामिल है। जप्त वाहनों को पुलिस थाना सुकुलदैहान एवं ठेलकाडीह की अभिरक्षा में रखा गया है तथा अवैध परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। खनिज विभाग की टीम द्वारा जिले में संचालित क्रेशरों का नियमित एवं आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान सरपंच श्री दिनेश सिंह ठाकुर, खनिज विभाग के अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

गुरू घासीदास जयंती, 18 दिसम्बर को मटन मार्केट बंद

राजनांदगांव/ नव प्रदेश। राज्य शासन के निर्देशानुसार दिनांक 18 दिसम्बर दिन गुरूवार को गुरूघासी दास जयंती के उपलक्ष्य में नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने, 5000 रूपये अर्थदण्ड वसूलने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों से कहा कि उपरोक्त आदेश का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करे एवं अपने संबंधित क्षेत्रों में पर्यवेक्षण रखे।

विद्यार्थियों को शासकीय पोस्ट ऑफिस का कराया शैक्षणिक भ्रमण

कवर्धा /नव प्रदेश। बैगलेस डे गतिविधि के अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय उड़ियाकला के विद्यार्थियों को शासकीय पोस्ट ऑफिस कवर्धा का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस विजिट का उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबों से इतर वास्तविक जीवन कौशल, गतिविधि-आधारित शिक्षा एवं व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार की डाक टिकटों, स्पीड पोस्ट काउंटर, रजिस्ट्रेशन सेक्शन, डाक छंटाई कक्ष, बचत बैंक विंग, पोस्टल लाइफइंश्योरेंस, फिलेटली विभाग, तथा ई-मेल, पार्सल प्रबंधन प्रणाली का अवलोकन किया। पोस्ट मास्टर श्री रमेश टंडन ने विद्यार्थियों को रोचक व उपयोगी जानकारी दी।

जिले में धान की खरीदी अभियान से किसानों में हर्ष व्याप्त

राजनांदगांव/नव प्रदेश। जिले में धान खरीदी अभियान से किसानों में हर्ष व्याप्त है। खरीफविपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी महाभियान के तहत शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक के मान से धान खरीदी की जा रही है। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशन में धान खरीदी सुचारू संचालन के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। धान खरीदी कार्य के के लिए इलेक्ट्रानिक तौल मशीन, पेयजल, पेयजल, छांव, बायोमैट्रिक डिवाईस मशीन, श्रमिक एवं अन्य व्यवस्था की गई है। आर्द्रता मापी यंत्र से किसानों के धान का परीक्षण किया जा रहा है।

विधायक भावना बोहरा ने वनांचल क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति, कौशल विकास का उठाया मुद्दा

■ **विधानसभा: किसानों को ट्रैक्टर खरीदी हेतु अनुदान राशि एवं युवाओं को रोजगार के संबंध में भी पूछा प्रश्न**

कवर्धा /नव प्रदेश। 14 दिसंबर से छत्तीसगढ़ के नवीन विधानसभा में भवन में शीतकालीन सत्र की शुरुआत हुई। सत्र के दूसरे दिन पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने जनहित, किसान व युवाओं को रोजगार के संबंध में महत्वपूर्ण विषयों के बारे में प्रश्न किया। इस दौरान उन्होंने पंडरिया विधानसभा के वनांचल क्षेत्रों में विद्युत विहीन ग्रामों, युवाओं के कौशल विकास कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण एवं रोजगार और किसानों को ट्रैक्टर खरीदी हेतु अनुदान राशि के आवंटन का प्रश्न किया। पंडरिया विधानसभा के विकास और जनता की प्रमुख मांगों एवं सुविधाओं के लिए क्षेत्र एवं विधानसभा में लगातार भावना बोहरा सक्रीय रहती हैं और मुखरता से विषयों को सदन के समक्ष रखती हैं ताकि जनता की समस्याओं का समाधान त्वरित एवं प्रभावी रूप से हो सके

भावना बोहरा प्रश्न किया कि पंडरिया विधानसभा अंतर्गत वनांचल क्षेत्र के ग्राम तीनगडडा, पकरीपानी, माराडबरा, अंजवाइनवाह, सरहापथरा, अमीधा, जखनाडीह, छिन्दीडीह, सेजाडीह में विद्युत आपूर्ति किस माध्यम से की जा रही है? इन ग्रामों में विद्युत् आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु क्रेडा विभाग (सोलर ऑफ़ ग्रिड ऑन ग्रिड सिस्टम) या विद्युत विभाग द्वारा क्या कोई विशेष योजना या कार्ययोजना तैयार की गई है? तो उसकी अद्यतन स्थिति एवं पूर्ण क्रियान्वयन की संभावित समय-सीमा क्या तय की गई है? के विषय में जानकारी मांगी। जिसके लिखित प्रतिउत्तर में माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी ने बताया कि पण्डरिया विधानसभा क्षेत्र के वनांचल क्षेत्र अंतर्गत उल्लेखित गाँव सघन वन क्षेत्र में होने के कारण आफग्रिड सोलर होम लाईट के

माध्यम से विद्युतीकृत है। इन ग्रामों में विद्युत् आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु क्रेडा विभाग (सोलर ऑफग्रिड / ऑन ग्रिड सिस्टम) या विद्युत वितरण कंपनी (परापंरागत ग्रिड) द्वारा वर्तमान में कोई विशेष कार्ययोजना तैयार नहीं की गई है।

भावना बोहरा जी ने प्रदेश में युवाओं के कौशल विकास एवं रोजगार के लिए प्रश्न किया कि देश में कौशल विकास के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ राज्य की वर्तमान रैंकिंग क्या है? राज्य में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना तथा ष्टस्स्ष्ठ सहित अन्य कौशल विकास कार्यक्रमों की वर्तमान स्थिति एवं उपलब्धियाँ क्या हैं? विगत तीन वित्तीय वर्षों में प्रशिक्षित युवाओं की संख्या एवं रोजगार/प्लेसमेंट प्राप्त युवाओं की संख्या क्या है? कौशल विकास अवसंरचना (ITIs/VTPs/PMKK केंद्रों), पाठ्यक्रम गुणवत्ता तथा निगरानी तंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए विभाग द्वारा क्या प्रयास किये जा रहे है? राज्य में संचालित ITI, PMKK एवं निजी VTP केंद्रों की उपलब्ध क्षमता वर्तमान मांग के अनुरूप है या नहीं? जिसके लिखित प्रतिउत्तर में माननीय मंत्री श्री गुरु खुशवंत साहेब जी ने बताया कि कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देश में कौशल विकास के क्षेत्र में राज्यों की रैकिंग का निर्धारण नहीं किया जाता है।

छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना तथा मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत वर्तमान में कौशल विकास कार्यक्रम संचालित हैं। वर्तमान स्थिति (वित्तीय वर्ष 2025-26) में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना केन्द्र शासन को 6000 युवाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य प्रेषित किया गया है। जिस पर केन्द्र शासन से स्वीकृति अपेक्षित है। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना प्रशिक्षण लक्ष्य 23085 के विरुद्ध 13,481 प्रशिक्षण उपलब्धि (6588 प्रशिक्षित एवं 6893 युवा प्रशिक्षणरत) है। विगत तीन वित्तीय वर्षों (वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25) में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रदेश में कुल 3326 युवा एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रदेश में कुल 14633 युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है और 9981 युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ है।

छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष: संघर्ष, संकल्प और समग्र विकास की स्वर्णिम यात्रा

खरीफविपणन वर्ष 2025-26

कवर्धा /नव प्रदेश। 1 नवंबर 2000 को भारत के मानचित्र पर छत्तीसगढ़ एक नए राज्य के रूप में उभरा। मध्यप्रदेश से पृथक होकर बने इस राज्य ने 25 वर्षों की यात्रा में न केवल अपनी पहचान गढ़ी, बल्कि विकास, सामाजिक न्याय और सुशासन के कई नए प्रतिमान भी स्थापित किए। प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर, आदिवासी संस्कृति से समृद्ध और कृषि प्रधान छत्तीसगढ़ की यह यात्रा चुनौतियों से शुरू होकर आत्मविश्वास और उपलब्धियों तक पहुँची है।

कृषि: छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था की रीढ़

छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है और कृषि राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ रही है। पिछले 25 वर्षों में सिंचाई परियोजनाओं का विस्तार, उन्नत बीज, कृषि यंत्रीकरण और किसान हितैषी नीतियों ने खेती को अधिक उत्पादक और लाभकारी बनाया। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, डिजिटल पंजीकरण और समय पर भुगतान जैसी व्यवस्थाओं ने किसानों को आर्थिक सुरक्षा दी। इससे न केवल किसान की आय बढ़ी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिली। आज छत्तीसगढ़ की धान खरीदी व्यवस्था देशभर में एक मॉडल के रूप में देखी जाती है।

राज्य गठन और प्रारंभिक चुनौतियाँ

राज्य गठन के समय छत्तीसगढ़ के सामने अनेक समस्याएँ थीं, कमजोर अधोसंरचना, सीमित औद्योगिक आधार, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की चुनौती। ग्रामीण और आदिवासी बहुल अंचलों में सड़क, बिजली, पानी और प्रशासनिक पहुंच का अभाव स्पष्ट था। ऐसे में शुरुआती वर्षों में सरकार का प्रमुख लक्ष्य मजबूत प्रशासनिक ढांचा खड़ा करना और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार रहा। नई राजधानी नवा रायपुर (अटल नगर) की परिकल्पना, जिलों और तहसीलों का पुनर्गठन, पंचायत और नगरीय निकायों को सशक्त बनाना, इन प्रयासों ने विकास की नींव रखी। विकेंद्रीकरण के माध्यम से योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाया गया।

शिक्षा और स्वास्थ्य में परिवर्तन

शिक्षा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ने उल्लेखनीय प्रगति की है। नए प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय, कॉलेज, आईटीआई और विश्वविद्यालय स्थापित हुए। नवोदय, एकलव्य और आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों ने ग्रामीण और वंचित वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर दिया।

आदिवासी विकास और सामाजिक न्याय

छत्तीसगढ़ की आत्मा उसके आदिवासी समाज में बसती है। राज्य गठन के बाद अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के सर्वांगीण विकास के लिए विशेष प्रयास किए गए। वन अधिकार अधिनियम के तहत पट्टों का वितरण, छात्रावास और छात्रवृत्ति योजनाएं, स्वास्थ्य और पोषण कार्यक्रम-इन सबने सामाजिक न्याय को मजबूत किया। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में स्वयं सहायता समूहों की भूमिका ऐतिहासिक रही है। लाखों ग्रामीण महिलाएं आज आर्थिक गतिविधियों से जुड़कर आत्मनिर्भर बनी हैं और ग्रामीण विकास की धुरी बन चुकी हैं।

साई क्लब के तत्वधान में बल्देव प्रसाद स्कूल में हुआ एक दिवसीय वार्ड स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

राजनांदगाँव / नव प्रदेश। डॉ बल्देव प्रसाद स्कूल में एक दिवसीय वार्ड स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित हुआ,जिसमे 8 वार्डो के टीम ने हिस्सा लिया।स्थानीय खेल प्रेमियों एवं आयोजन समिति साई क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य एवं सफल आयोजन संपन्न हुआ। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बसन्तपुर वार्ड नं. 46 एवं मोतीपुर वार्ड नं. 03 के मध्य खेला गया, जो दर्शकों के लिए अत्यंत रोमांचक और यादगार रहा।

फाइनल मैच में दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। कड़े मुकाबले और रोमांचक क्षणों से भरपूर इस मैच में अंततः मोतीपुर वार्ड ने उत्कृष्ट खेल का परिचय देते हुए 1 रन से जीत दर्ज की और टूर्नामेंट की फायनल विजेता बनी, मैच ऑफद टूनामेंट रहे ओमप्रकाश मारकंडे, बेस्ट बॉलर अजय वर्मा, बेस्ट फिल्डर दीपक यादव फायनल मैच के ऑफद मैच श्लोक कामडे रहे।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में बजरंगदल संभाग सह सयोजक सुनील सेन जी, डॉ. विजय ठाकुर जी, श्री बसंत चितलांगिया जी एवम जय जायसवाल जी, पारस साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए अपने उद्बोधन में खेलों के महत्व अनुशासन एवं टीम भावना पर प्रकाश डाला, जिससे खिलाड़ियों और दर्शकों में नया जोश और ऊर्जा का संचार हुआ।

आयोजन के समापन पर अतिथियों ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजनों से युवाओं में सकारात्मक सोच, स्वास्थ्य और आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है।

आयुक्त ने सफाई दरोगा वार्ड प्रभारियों से वार्डो में निधारित समय तक सफाई करने दिये निर्देश

राजनांदगांव/नव प्रदेश। निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के तहत सफाई दरोगा एवं वार्ड प्रभारियों की बैठक ली। बैठक में आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में उच्च स्थान प्राप्त करने सफाई व्यवस्था में सुधार के साथ साथ लोगो को स्वच्छता से जोड सफाई में सहयोग करने एवं प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने नागरिकों एवं व्यापारियों को समझाईस देने के निर्देश दिये।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बैठक में कहा कि जनवरी माह में स्वच्छता सर्वेक्षण होना है, पर आज की स्थिति में सफाई संतोषजनक नही है। उन्होंने वार्डवार सफाई कर्मचारियों की जानकारी लेकर कहा कि सभी सफाई दरोगा एवं वार्ड प्रभारी अपने अपने प्रभारित वार्ड में सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान दे, प्रतिदिन सुबह निर्धारित समय में सफाई कार्य कराये,अपने अपने प्रभारित वार्ड में प्रतिदिन निरीक्षण करे, प्रातः 6 बजे उपस्थिति लेना सुनिश्चित करे। कई कर्मचारी 7 बजे के बाद काम में आते है, ऐसे कर्मचारियो को समझाईस देवे अपालन पर अनुपस्थित करे। उन्होंने सडकों व गलियों की सफाई कर कचरा उठाने एवं नाली निकालने के बाद तत्काल कचरा उठाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वार्डो में प्लानिंग कर कार्य करावे, जैसे कुछ क्षेत्र में रोज सफाई करना है, वहा रोज करावे एवं कुछ क्षेत्र में गेप कर सफाई की आवश्यकता है वहा आवश्यकता अनुसार सफाई करावे। इसी प्रकार मुख्य मार्गो की पहली सफाई करे, ताकि आवागमन के पहले रोड साफ हो सके, उसके पश्चात गली व मोहल्लो की सफाई करे।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि अपने अपने वार्ड के गली मोहल्लो के अलावा सार्वजनिक व खुली जगह की भी सफाई करे, खुली जगह में कचरा डालते पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही करे। उन्होंने कहा कि मुक्कड को कम से कम करना है, इसके लिये कचरा जमा न करे, अनावश्यक कचरा डालने वालो पर भी कार्यवाही करे।

इसके अलावा जिन लोगों के द्वारा नाली या घर के पीछे कचरा डाला जाता है उन्हें समझाईस देवे, अपालन पर कार्यवाही करे।

महतारी वंदन योजना से निशा साहू को हर महीने मिल रहा आर्थिक सहारा

प्रतिमाह एक हज़ार मिलने से दैनिक जीवन में बढ़ाई सहजता और आत्मविश्वास

कवर्धा /नव प्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आर्थिक आत्मनिर्भरता को मजबूत करने के लिए चलाई जा रही महतारी वंदन योजना अब ग्रामीण महिलाओं की जिंदगी में वास्तविक बदलाव ला रही है। सरकार की प्रतिबद्धता और लगातार प्रयासों का परिणाम है कि आज प्रदेशभर में लाखों महिलाएँ हर महीने सीधे अपने बैंक खाते में 1 हजार रुपए प्राप्त कर रही हैं। यह योजना महिलाओं को मजबूत बनाने की दिशा में सरकार की एक बड़ी और प्रभावी पहल साबित हुई है।

कबीरधाम जिले के ग्राम मझगांव की श्रीमती निशा साहू इस योजना की लाभार्थी हैं। वे बताती हैं कि उनके खाते में हर महीने नियमित रूप से 1 हजार रुपए की राशि जमा होती है। अब तक उन्हें 21 किस्तों में कुल 21 हजार रुपए का लाभ मिल चुका है। निशा साहू बताती है कि पहले तो एक रुपया भी अपने पास नहीं होता था। हर छोटी-बड़ी जरूरत के लिए घर के मुखिया पर ही निर्भर रहना पड़ता था। तब समझ आता था कि एक रुपये का भी कितना महत्व होता है। लेकिन अब हर महीने सरकार बिना किसी परेशानी के पैसा खाते में भेज रही है। इससे मैं रोजमर्रा की कई ज़रूरतें खुद पूरी कर पा रही हूँ। वे बताती हैं कि बढ़ती महंगाई के बीच 1 हजार रुपए की राशि भी कई जरूरी चीजें खरीदने में मददगार होती है। बच्चों के लिए खाने-पीने का सामान, छोटे-छोटे घरेलू खर्च, स्कूल की जरूरतें-सब कुछ अब वे बिना झिझक और बिना किसी से पैसे मांगे खुद कर पा रही हैं। महतारी वंदन योजना ने न सिर्फ आर्थिक रूप से बल्कि आत्मविश्वास के स्तर को भी पहले से ज्यादा मजबूत बनाया है। आज वे अपने घर की छोटी-छोटी जरूरतें पूरी करने में सक्षम हैं और स्वयं को अधिक सशक्त महसूस करती हैं।

श्रीमती निशा साहू राज्य शासन की इस पहल के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहती है कि यह योजना महिलाओं के आत्मबल को बढ़ाने वाली और परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने वाली साबित हो रही है। महतारी वंदन योजना सच में प्रदेश की महिलाओं के जीवन में नई उम्मीद और आत्मनिर्भरता की किरण बनकर आई है। एक समय था जब हर रुपये के लिए सोचना पड़ता था, अब वही महिलाएँ आत्मविश्वास के साथ अपने घर की ज़रूरतें पूरी कर रही हैं।

पेज 1 का शेष

शाह-नड्डा ने हाथ पकड़कर ...

अध्यक्ष बनाने के बाद नितिन नबीन ने सोमवार को पटना के हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद वो अपने पिता को श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। भाजपा ने साल 2020 में जेपी नड्डा को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया था। 2024 में उनका कार्यकाल खत्म हुआ था। तब से वे एक्सटेंशन पर थे। नड्डा अभी केंद्र में स्वास्थ्य मंत्रालय संभाल रहे हैं। माना जा रहा है कि नितिन नबीन को ही राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाएगा। बीजेपी की ऐसे ही परंपरा रही है।

मनरेगा स्कीम की जगह ...

जनता पार्टी ने अपने सभी सांसदों को व्हिप जारी कर मनरेगा का नाम बदलने संबंधी विधेयक पारित कराते समय सदन में मौजूद रहने का निर्देश दिया है। सरकार का तर्क है कि यह बदलाव 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य के तहत है। मनरेगा का नाम बदलने के निर्णय को लेकर केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए प्रियंका गांधी ने सवाल किया कि योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाने के पीछे सरकार की नीयत क्या है? तृणमूल कांग्रेस सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने भी सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। मनरेगा के अलावा कांग्रेस पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने दिल्ली में वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए किए जाने वाले उपाय- ग्रेप को लेकर सरकार का घेराव किया है।

महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा है?

प्रियंका ने संसद परिसर में पत्रकारों के एक सवाल पर कहा, जब भी किसी योजना का नाम बदला जाता है, तो कार्यालयों, स्टेशनरी आदि में बड़े पैमाने पर बदलाव करने पड़ते हैं। ऐसी गतिविधियों पर सरकार का बहुत पैसे खर्च करती है। उन्होंने सवाल किया कि नाम बदलने का फायदा क्या है? यह सब क्यों किया जा रहा है? महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा है?

राज्यसभा में चर्चा: चुनाव ...

हुए थे। इन चुनावों के जो बीएलओ थे, उनमें से जितने भी यादव और मुसलमान बीएलओ थे, उनको एक-एक करके हटा दिया गया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की जानकारी में यह विषय लाया गया। लिस्ट में पहले लोगों का नाम था लेकिन बाद में ये नाम हटा दिए गए। केवल कुंदरकी में गलती से एक मुस्लिम बीएलओ रह गया।

उन्होंने कहा कि पीपुल्स रिप्रजेंटेशन एक्ट के मुताबिक मतदाता को बूथ तक लाना या रिश्वत देना एक अपराध है। यदि यह सिद्ध हो जाता है तो चुनाव रद्द हो जाता है। लेकिन हमने देखा कि ट्रेन में किस तरह से लोग आ रहे थे। उन्होंने कहा कि बिहार में चुनाव से ठीक पहले जिस तरह से पैसे बांटे गए, अगर टीएन शेषन जैसे चुनाव आयुक्त होते तो चुनाव स्थगित हो जाता या फिर रद्द हो जाता। उन्होंने इसे करप्ट प्रैक्टिस व रिश्वत बताया।

उन्होंने कहा कि सत्ता में 100 साल बने रहिए लेकिन जनता की नजर में सही बने रहिए। पहले जब पोलिंग हो जाती थी तो राजनीतिक दलों को उस गाड़ी का नंबर दिया जाता था जिससे कि मतदान की पेटियां को ले जाया करते थे। चुनाव के बाद विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता मोटरसाइकिल से इन गाडियों के पीछे स्ट्रांग रूम तक जाते थे। स्ट्रांग रूम में ईवीएम या फिर बैलेट पेपर की पेटियां रखी जाती थीं, तो विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि वहां मौजूद होते थे। इसके उपरांत स्ट्रांग रूम सील किया जाता था। अब यह प्रक्रिया प्रैक्टिस में नहीं रही।

उन्होंने आगे कहा, खाली ईवीएम को स्ट्रांग रूम में नहीं रखा जाना चाहिए। यह चुनाव आयोग का निर्देश भी है, लेकिन फिर भी खाली ईवीएम स्ट्रांग रूम में रखी जाती हैं। सरकार भले ही आपकी हो, लेकिन इस देश के लगभग 60 प्रतिशत लोग आपके पक्ष में नहीं हैं। ये सब लोग ईवीएम के खिलाफ हैं। जनमत की इच्छा का मान रखते हुए ईवीएम की बजाए मत पत्रों से चुनाव कराया जाना चाहिए। ईवीएम जैसी मशीन पूरे विश्व में एक-दो पिछड़े देशों को छोड़कर कहीं इस्तेमाल नहीं की जाती है। इसलिए ईवीएम की बजाए बैलेट से चुनाव कराना चाहिए।

लाल किले में गूंजा 'छत्तीसगढ़िया ...

का ऐतिहासिक क्षण तब आया जब भारत के महापर्व दीपावली को यूनेस्को द्वारा विश्व सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मान्यता प्रदान की गई। इस उपलब्धि में छत्तीसगढ़ के गेड़ी लोक नृत्य दल की प्रस्तुति को विशेष सराहना मिली गेड़ी नृत्य की भावपूर्ण और साहसिक प्रस्तुति से केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत प्रभावित हुए। उन्होंने 'छत्तीसगढिया सबले बढिया' कहकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

सीजेआई ने कहा- गरीब...

सुप्रीम कोर्ट में उठाया गया। सुनवाई के दौरान एमिकस क्यूरी अपराजिता ने अदालत को बताया कि जब तक अदालत की ओर से स्पष्ट और कड़े निर्देश नहीं दिए जाते, तब तक राज्य सरकारें गंभीरता से उनका अनुपालन नहीं करतीं। उन्होंने कहा कि इस समस्या से निपटने के लिए व्यावहारिक और प्रभावी आदेश जरूरी हैं। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने इस मुद्दे पर टिप्पणी करते हुए कहा कि अदालत इस समस्या से पूरी तरह अवगत है और अब ऐसे आदेश पारित किए जाएंगे, जिन्हें वास्तव में लागू किया जा सके।

अवैध परिवहन पर कार्रवाई, 694 बोरा धान जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं विक्रय के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में सरायपाली विकासखंड अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुपमा आनंद के नेतृत्व में बीती रात संयुक्त टीम द्वारा रेहटीखोल क्षेत्र में 694 बोरा धान जप्त किया गया।

संयुक्त टीम द्वारा अवैध धान परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई के दौरान एक ट्रक को रोका गया, जिसमें ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर बिना वैध दस्तावेजों के धान का परिवहन किया जा रहा था। जांच में ट्रक में कुल 694 बोरा धान, जिसका कुल वजन लगभग 319 क्विंटल पाया गया।

परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर धान से भरे ट्रक को मौके पर ही जब्त किया गया। जब्त किए गए धान एवं वाहन को आगे की कार्रवाई के लिए थाना सिंघोड़ा के सुपुर्द किया गया है। जिला प्रशासन ने कहा है कि धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए धान परिवहन एवं भंडारण पर सतत निगरानी जारी रहेगी।

एक महीने की धान खरीदी में महासमुंद जिला अव्वल

182 उपार्जन केन्द्रों से कुल 279996.44 टन धान की खरीदी

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हुए आज एक महीने पूरा हो चुका है। इस एक महीने के दौरान कुल 21 दिन खरीदी हुई, जिसमें जिले के 182 उपार्जन केन्द्रों से कुल 279996.44 टन धान की खरीदी हो चुकी है। पूरे प्रदेश में धान खरीदी के तुलना में महासमुंद धान खरीदी के मामले में अव्वल है।

बता दें कि पूरे प्रदेश में सहकारी समितियों के कर्मचारियों की हड़ताल के बीच 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू हुई। शुरूआत में कर्मचारियों की हड़ताल से धान खरीदी प्रभावित जरूर हुई पर, हड़ताल खत्म होने के बाद से ही खरीदी पटरी पर आई और खरीदी में तेजी आने लगी। जानकारी के अनुसार इस बार धान खरीदी के लिए 1 लाख 58 हजार 983 किसानों का पंजीयन हो चुका है। आज धान खरीदी का 22वां दिन है। पिछले 21 दिनों जिले के 182 उपार्जन केन्द्रों से 48376 किसानों से 279996.44 टन धान खरीदा जा चुका है, जो पिछले 21 दिनों की अपेक्षा कम तो है। पर, प्रदेश में सबसे अधिक धान खरीदी के मामले में पहले स्थान पर है। धान खरीदी कम होने के पीछे कारण बताया जा रहा है कि जिले में धान कटाई तो पूरी हो चुकी है पर उपार्जन केन्द्रों में खरीदी लिमिट कम होने से किसानों का टोकन नहीं कट पा रहा है। साथ ही कई किसानों का धान अभी ब्यारा में ही मिंजाई के लिए रखा है। बताया गया कि आने वाले 10-15 दिनों में बड़ी संख्या में किसान धान बेचने उपार्जन केन्द्रों में पहुंचेंगे, जिससे खरीदी बढ़ेगी।

खरीदी केन्द्रों से मात्र 1546 टन धान का उठाव

जानकारी के मुताबिक महासमुंद जिले में कुल 48376 किसानों से सबसे अधिक 279996.44 टन खरीदा जा चुका है। बेमेतरा में कुल 43680 किसानों से 255841.20 टन, बलौदाबाजार के कुल 48621 किसानों से 221897.52 टन, बालोद के 45179 किसानों से 208622.52 टन और राजनांदगांव के कुल 40086 किसानों से 203511.36 टन खरीदी हुई है। लेकिन धान का उठाव काफी कम हो रहा है। जानकारी के अनुसार जिले में अभी तक 18754.23 टन धान का उठाव हुआ है। उपार्जन केन्द्रों में लगातार धान खरीदी होने और उठाव कम होने से खरीदी केन्द्रों में 262079.22 टन जाम पड़ा है।

अंजान वाहन ने मारी ठोकर, डायल 112 चालक की मौत

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम दर्राभांठा के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक में सवार डायल 112 वाहन के चालक को ठोकर मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार ग्राम मोहदा निवासी मनीष पटेल (24) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 28 नवंबर की रात लगभग 11 बजे उनके पिता सनत कुमार पटेल डायल 112 वाहन चलाकर ड्यूटी खत्म कर बाइक प्लेटिना क्रमांक सीजी 06 जीयू 9015 में सिंघोड़ा से घर मोहदा जा रहे थे। सारंगढ़ मार्ग में ग्राम दर्राभांठा के पास अज्ञात वाहन के चालक ने बाइक को ठोकर मार दिया। इससे उनके सिर एवं नाक में गंभीर चोट आई है। ईलाज के लिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(1) के तहत अपराध दर्ज किया है।

चार ने मिलकर मां-बेटी को पीटा, अपराध दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। शीतलापारा वार्ड नंबर 16 की एक महिला और उसकी बेटी के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पद्मा बाई बघेल ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि 12 दिसंबर की सुबह 9 बजे घर में काम कर रही थी, तभी जेठ नेहरू बघेल, देवर हेमंत बघेल और पंचराम बघेल ने आकर गाली -गलौज कर घर के शौचालय हटाने कहा। बाद देवर हेमंत बघेल ने गुस्से में बाल पकड़कर और नेहरू बघेल व पंचराम बघेल ने मारपीट की। उसकी बेटी सोनम बघेल के साथ पंचराम बघेल और शशि बघेल ने मारपीट की। सिर में डंडे के वार से उसे चोट आई है। ओमप्रकाश बघेल ने उन्हें जिला अस्पताल महासमुंद में भर्ती कराया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

बाइक से देशी प्लेन शराब ले जाते एक गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। तेंदूकोना पुलिस ने एक बाइक सवार से देशी प्लेन शराब बरामद की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बाइक क्रमांक सीजी 06 जीडब्लू 7563 में शराब रखकर बिक्री करने ले जा रहा है। बाद पुलिस ने ग्राम मुड़ागांव तिराहा के पास पहुंचकर घेराबंदी की। कुछ देर बाद उक्त बाइक सवार वहां आया। जिसे रोककर पूछताछ की गई। उसने अपना नाम कौहाकुड़ा निवासी प्रेमलाल साहू (34) बताया। संदेही के कब्जे से बैग में 55 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत करीब 4400 रुपए बरामद किया गया। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। हाई, हायर सेकेण्डरी स्कूलों में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण होगा

एक माह के लिए कराटे प्रशिक्षक की भर्ती

महासमुंद/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में जिले के 183 हाई, हायर सेकेण्डरी शालाओं में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण आयोजित किया जाना है। जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने बताया कि समग्र शिक्षा के बालिका शिक्षा योजना अंतर्गत जिले के 183 हाई, हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में निर्धारित मानदेय 5 हजार रुपए (एकमुश्त) केवल एक माह हेतु कराटे प्रशिक्षक रखे जाने आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन की प्रक्रिया पूर्णतः ऑफलाइन होगा। संबंधित विद्यालयों में आवेदन 17 दिसंबर 2025 अपरान्ह 5 बजे तक स्वीकार किया जाएगा। 01 अभ्यर्थी केवल 01 विद्यालय में आवेदन कर सकेंगे।

कलेक्टर ने की आदिम जाति कल्याण विभाग के निर्माण कार्यों की जांच के लिए टीम गठित

जीवन एस साहू

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बीएस उइके ने आदिम जाति कल्याण विभाग जिला गरियाबंद में वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में विभिन्न निर्माण कार्यों की निविदा प्रक्रिया एवं भौतिक तथा वित्तीय स्थिति की जांच करने के लिये समिति का गठन किया है। जिसके अध्यक्ष जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर होंगे तथा सदस्य के रूप में लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन विभाग मैनपुर के अनुविभागीय अधिकारी जिला पंचायत के लेखाधिकारी होंगे।

उक्त जांच समिति निर्माण कार्यों की स्वीकृत विभिन्न कार्य के निविदा प्रक्रिया तथा वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगी।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बी एस उइके द्वारा स्कूल जतन योजना के निर्माण कार्यों की जांच के लिये भी समिति का गठन किया गया है। इस समिति के द्वारा मैनपुर विकासखण्ड के स्कूल भवनों की गुणवत्ता व प्रगति की जांच होगी।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बी एस उइके ने दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों पर संज्ञान लेते हुये तथा उक्त निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, पूर्णता के संबंध में विभिन्न सामाजिक संगठनों व जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार शिकायतें प्राप्त होने पर मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत स्कूल जतन योजना के तहत निर्मित समस्त स्कूलों,भवनों की शिकायतों की जांच हेतु जांच समिति गठन किये जाने का ओदश जारी किया है।

इस जांच समिति के अध्यक्ष भी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर होंगे तथा सदस्य के रूप में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मैनपुर, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन विभाग मैनपुर के अनुविभागीय अधिकारी जिला पंचायत के लेखाधिकारी शामिल है।

जांच समिति के द्वारा स्कुल जतन योजना के तहत स्वीकृत समस्त कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की जांच मय फोटोग्राफ के 7 दिवस के भीतर जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

सामाजिक व साहित्यिक संस्था वक्ता मंच गंगा पहुंचा कुष्ठ आश्रम

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। प्रदेश की प्रतिष्ठित सामाजिक व साहित्यिक संस्था वक्ता मंच द्वारा जारी समाज सापेक्ष कार्यों के क्रम में संस्था द्वारा 13 व 14 दिसंबर को लगातार 2 दिनों तक गंगा कुष्ठ बस्ती, पंडरी, रायपुर में पहुंचकर कंबल वितरण एवं रात्रि भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान स्व. शिव प्रसाद यदु ÷शिकुम÷ की स्मृति में उनके परिजनों द्वारा कुष्ठ बस्ती के निवासियों को कंबल वितरित किए गए।

स्व. मुकेश थिटे की स्मृति में उनके परिजनों द्वारा यहां के रहवासियों को रात्रि भोज प्रदान किया गया। टीम वक्ता मंच द्वारा कुष्ठ बस्ती का निरीक्षण कर यहां के रहवासियों से मुलाकात की गई तथा इस परिसर की व्यवस्था, साफ सफाई, चिकित्सा, पेयजल, प्रकाश व अन्य आवश्यक मुद्दों के प्रबंध संबंधी जानकारी एकत्रित की गई। इस आयोजन में भवन एवं सन्निर्माण मंडल के पूर्व अध्यक्ष सन्नी अग्रवाल, राज्य निर्माण आंदोलनकारी डॉ उदयभान चौहान, वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते, संयोजक शुभम साहू, संरक्षिका ज्योति शुक्ला, प्रगति पराते, डॉ इंद्रदेव यदु, यशवंत यदु, प्रभात यदु, प्रशांत यदु, नारायण यदु, उत्तम देवहरे, रुनाली चक्रवर्ती, मो हुसैन, हेमलाल पटेल सहित अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित थे। आयोजन को संबोधित करते हुए सन्नी अग्रवाल द्वारा कुष्ठ बस्ती में सेवा कार्य हेतु वक्ता मंच की सराहना करते हुए कहा गया कि यह कार्य अत्यधिक महत्व का है।

लोहरसी धान उपार्जन केंद्र के प्रभारी निलंबित

■ अवैध कटौती और पैसों की मांग पर किसानों ने किया था प्रदर्शन

राजिम/नवप्रदेश। राजिम क्षेत्र के ग्राम लोहरसी धान उपार्जन केंद्र के प्रभारी को गरियाबंद कलेक्टर के निर्देश के बाद निलंबित कर दिया गया है। बीते दिनों किसानों ने केंद्र प्रबंधन पर खुलेआम मनमानी, अवैध कटौती और उगाही का आरोप लगाते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया था।

शिकायत पर कलेक्टर बीएस उईके के निर्देश पर धान उपार्जन केन्द्र लोहरसी में जांच की गई। जिसमें तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार राजिम द्वारा जांच के दौरान अनियमितता पाई गई। सहायक आयुक्त सहकारिता महेश्वरी तिवारी ने बताया कि कलेक्टर श्री उईके के निर्देशानुसार त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मर्यादित लोहरसी के प्राधिकृत अधिकारी को पद से हटाया गया तथा धान खरीदी प्रभारी को निलंबित किया गया है।

आई.टी.एस. महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद आज से प्रारंभ

गरियाबंद/नवप्रदेश। स्थानीय संस्था आई.टी.एस. महाविद्यालय गरियाबंद में आज दिनांकः 15/12/2025 से वार्षिक खेलोत्सव 2025 की शुरूआत हुई । जिसमें इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोजलॉजी एण्ड सांइसेस, डिपार्टमेंट ऑफ नर्सिंग, प्रेरणा कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी, जूनियर कॉलेज (नवमीं से बारहवीं हिन्दी माध्यम), आई.टी.आई. के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमे कबड्डी, क्रिकेट, खो-खो, बॉलीबाल, फुटबाल, कैरम, लम्बीकुद, शतरंज, रंगोली, मेंहदी, लुडो, अन्य सहित 30 विद्याओं को प्रतियोगिता में शामिल किया गया है। साप्ताहिक खेलोत्सव 2025 के कार्यक्रम का शुभारंभ में मुख्य अतिथि यू.एस. नवरत्ने (मुख्य जिला स्वास्थ्य अधिकारी, जिला अस्पताल गरियाबंद), एवं विशेष अतिथि रविन्द्र सिंह ठाकुर जिला परिवाहन अधिकारी, गरियाबंद जिला-गरियाबंद थे, कार्यक्रम में अन्य अतिथि सरदारी लाल जी गुप्ता (संस्थापक), राजीव गुप्ता (अध्यक्ष) मोना गुप्ता (सचिव) बी.पी.वर्मा (निदेशक) थे, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र तिवारी थे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथि सत्कार, विशाल मार्चपास्ट, कर्तल ध्वनियों दीपवंदना, सरस्वती पूजन वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात मुख्य अतिथि आशंदी वक्ता मुख्य जिला स्वास्थ्य अधिकारी यू.एस. नवरत्ने ने कहा कि शिक्षा समाज का दर्पण है और शिक्षा के साथ सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास भी आवश्यक है, साथ ही उन्होने मूल जीवन में खेलों के महत्व, योग, व्यायम, तथा वर्तमान खाना-पान का मानव शरीर में होने वाले दुष्प्रभाव पर अपना विचार व्यक्त किया।

वहीं विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रविन्द्र सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल एवं जीवन में आगे बढने के लिए अनुशासन महत्वपूर्ण है, एवं आदिवासी अंचल से शिक्षा के विकास के लिए इस महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा किया जाने वाला शैक्षणिक पहल अनुकरणीय है।

खालसा प्रीमियर लीग का शानदार समापन

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। जोड़ मेला सिक्ख युथ वेलफेयर सोसायटी के तत्वाधान में आयोजित 9 दिवसीय KPL-6 का आयोजन् गत दिनों 5 दिसंबर से 13 दिसंबर तक खालसा स्कूल के फ्लड लाइट ग्राउंड में किया गया। जिसमे सिक्ख समाज के सभी वर्गों के लिए विभिन्न प्रकार के आयोजन किये गए । आयोजन के अंतर्गत क्रिकेट प्रतियोगिता में सभी वर्गों की कुल 18 टीमों ने अपने खेल जोहर का प्रदर्शन किया । जूनियर वर्ग मे राज रॉयलस की टीम विजेता रही, सीनियर वर्ग में कक्कड़ राइजर्स एवम सुपर सीनियर वर्ग में युवराज मोटर्स ने ट्रॉफी पर कब्ज़ा जमाया। विजेता टीम और अन्य खिलाड़ियों को समाज के वरिष्ठ जनों ने देर रात तक मंच मे मौजूद हो कर पुरस्कृत किया । फाइनल्स के दिन डोंगरगढ़ के मशहूर गायक त्रिलोचन सिंह गोल्डी द्वारा अपनी मधुर आवाज़ मे शबद गुरबानी की शानदार प्रस्तुति दी गई जिसकी सराहना की गयी।

पीएम सूर्य घर योजना से हर घर को मिलेगी राहत

■ ग्राम पोंड में जागरूकता शिविर आयोजित

गरियाबंद/नवप्रदेश। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत गरियाबंद जिले के ग्राम पोंड में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण नागरिकों को सौर ऊर्जा योजना की जानकारी देकर अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ दिलाना रहा।

कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती कौशल्या कंवर, क्रेडा के उप अभियंता कैलाश मारकंडे एवं अशोक कुमार, वेंडर सूरज सिन्हा (सोलक्सी इको पावर सॉल्यूशन, गरियाबंद), निकिता साहू, अभिषेक वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। शिविर को संबोधित करते हुए सूरज सिन्हा ने बताया कि पीएम सूर्य घर योजना के तहत आम नागरिक अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगाकर प्रति माह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्राप्त कर सकते हैं। इससे न केवल बिजली बिल में भारी राहत मिलेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा 40 से 60 प्रतिशत तक की सब्सिडी सीधे लाभार्थी के खाते में दी जाती है। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है और आम नागरिक आसानी से इसमें पंजीयन कर सकते हैं। योजना का लाभ उठाने के लिए पक्का मकान, छत की उपलब्धता और घरेलू बिजली कनेक्शन होना आवश्यक है।

जिलाध्यक्षों के स्वागत में दिखी गुटबाजी, अधिकतर कांग्रेस पदाधिकारी रहे नदारद

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। कांग्रेस संगठन में खींचतान एक बार फिर खुलकर सामने आ गई है। कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव ग्रामीण के नए जिलाध्यक्ष विपिन यादव और राजनांदगांव शहर जिलाध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार पदभार ग्रहण करनें के बाद पहली बार डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन के लिए डोंगरगढ़ पहुंचे, लेकिन स्वागत में दिखी सूनी भीड़ ने पूरे इलाके में राजनीतिक चर्चा तेज कर दी। सबसे ज्यादा चर्चा इस बात की रही कि जिलाध्यक्ष की दौड़ में सबसे मजबूत दावेदार माने जाने वालें जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान और उनके समर्थक कांग्रेसी कार्यकर्ता इस कार्यक्रम से पूरी तरह नदारद रहे। जिलाध्यक्षों के आगमन के समय न तो शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजयराज सिंह चौहान मौजूद थे और न ही स्थानीय विधायक हर्षिता स्वामी बघेल। राजनीतिक गलियारों में इसे नवाज खेमा और विधायक खेमे की नाराजगी से जोड़कर देखा जा रहा है।

दिलचस्प बात यह है कि जिलाध्यक्ष चयन से पहले जब केंद्रीय पर्यवेक्षक चरण सिंह सपरा डोंगरगढ़ आए थे, तब दावेदारों ने जोरदार शक्ति प्रदर्शन किया था, लेकिन अब नए जिलाध्यक्षों के स्वागत में वही दमखम नदारद दिखा।

सूत्रों का कहना है कि संगठन ने इस बार किसी भी दिग्गज नेता के समर्थक को महत्व न देकर अपनी पसंद से विपिन यादव को जिलाध्यक्ष बनाया, जो पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव और शीर्ष नेताओं के कट्टर समर्थकों की लाइन से बाहर के थे। यही वजह है कि कई खेमों में नाराजगी उभर आई। स्वागत के दौरान केवल डोंगरगढ़ के पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, डोंगरगढ़ ग्रामीण अध्यक्ष सुरेश सिन्हा सहित कुछ चुनिंदा कांग्रेसी नेता ही मौजूद दिखे, जो अधिकतर भुनेश्वर गुट के माने जाते हैं। कार्यक्रम में जितेंद्र भाटिया, रिम्मी भाटिया, हरीश भंडारी, शिशुपाल भारती, अनिल गट्टानी, अनिल मेश्राम, मतीन खान, धीरज मेश्राम, प्रमोद टेम्भूर्णिकर, पल्टू लहरे, ललिता साखरे, ममता शिंदे, संजय यादव, निधि, चंद्रशेखर बोरकर, सुरेंद्र अंबादे और सुमित खोबरागड़े मौजूद रहे। नए जिलाध्यक्षों के स्वागत से दूरी और खेमेबाजी की खुली झलक ने कांग्रेस संगठन के भीतर फिर से कलह को हवा दे दी है।

चंद्रकांत सोनवानी को पीएचडी की उपाधि सतनामी समाज व क्षेत्र का नाम किया रोशन

सरसींवा (सारंगढ़-बिलाईगढ़)/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत भिनोदा निवासी, वरिष्ठ अधिवक्ता स्वर्गीय एम. आर. सोनवानी के सुपुत्र चंद्रकांत सोनवानी ने शिक्षा और शोध के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग के प्रथम दीक्षांत समारोह में डॉक्टर ऑफ फिलोसॉफी (पीएचडी) की उपाधि प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे सतनामी समाज और क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। चंद्रकांत सोनवानी ने गुरु घासीदास एवं सतनाम संदर्भित साहित्य दर्शन जैसे अत्यंत गंभीर, सामाजिक और आध्यात्मिक महत्व वाले विषय पर अपना शोधकार्य हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. बिंदु सिंह के कुशल निर्देशन में सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

उनका यह शोध गुरु घासीदास जी के मानवतावादी विचारों, सत्य, अहिंसा और समानता के संदेश को साहित्यिक दृष्टि से नई पहचान देता है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगा। वर्तमान में चंद्रकांत सोनवानी शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पीपरडीह (सारंगढ़) में हिंदी विषय के शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। शिक्षक रहते हुए उच्चस्तरीय शोध कार्य पूरा करना उनकी लगन, अनुशासन और शिक्षा के प्रति समर्पण को दर्शाता है। उनका यह शैक्षणिक सफर ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए यह संदेश देता है कि कठिन परिस्थितियों में भी निरंतर परिश्रम से उच्च शिखर हासिल किया जा सकता है। पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने पर सतनामी समाज, ग्राम भिनोदा सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है। समाज के प्रबुद्धजनों, शिक्षकों और युवाओं ने इसे समाज के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है।

न्यूज गैलरी

कलेक्टर ने अमलीडीह खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया

खैरागढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने सेवा सहकारी समिति अमलीडीह के धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर धान उपार्जन की व्यवस्थाओं, भंडारण क्षमता, गुणवत्ता मानकों एवं किसानों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने खरीदी केंद्र परिसर में जमीन पर रखे गए धान स्टॉक को देखकर पर्याप्त डनेज (प्लेटफॉर्म) की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि धान की गुणवत्ता प्रभावित न हो। उन्होंने मानक स्टैक तैयार करने, पूर्ण स्टैकों को विधिवत ढककर सुरक्षित रखने तथा वर्षा एवं नमी से बचाव की पुख्ता व्यवस्था करने के लिए समिति प्रबंधन को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि धान उपार्जन केंद्र की बफर लिमिट 7200 क्विंटल निर्धारित है, जबकि अब तक 17,414.40 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। इस पर कलेक्टर ने शीघ्र डीओ कटाकर धान का उठाव कराने के निर्देश दिए, जिससे खरीदी केंद्र पर अनावश्यक दबाव न बने और आगामी खरीदी सुचारु रूप से जारी रह सके। कलेक्टर चन्द्रवाल ने किसानों के हित में निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे किसान जिन्होंने समिति में धान विक्रय कर दिया है, लेकिन टोकन में दर्शित शेष मात्रा उनके पास उत्पादन कम होने के कारण उपलब्ध नहीं है, वे नियमानुसार रकबा समर्पण की प्रक्रिया अवश्य पूर्ण कराएं। इससे खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहेगी और अनावश्यक तकनीकी समस्याओं से बचा जा सकेगा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को खरीदी कार्य में सतत निगरानी रखने, किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने तथा शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप धान उपार्जन कार्य संपादित करने के निर्देश दिए।

आदिम जाति कल्याण विभाग के निर्माण कार्यों की जांच हेतु समिति गठित

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री बीएस उइके ने आदिम जाति कल्याण विभाग जिला गरियाबंद में वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में विभिन्न निर्माण कार्यों की निविदा प्रक्रिया एवं भौतिक तथा वित्तीय स्थिति की जांच करने के लिए समिति गठन किया गया है। जिसके अध्यक्ष जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रखर चंद्राकर होंगे तथा सदस्य के रूप में लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन विभाग मैनपुर के अनुविभागीय अधिकारी जिला पंचायत के लेखाधिकारी होंगे। उक्त जांच समिति निर्माण कार्यों की स्वीकृत विभिन्न कार्य के निविदा प्रक्रिया तथा वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

नरेंद्र सोनी को मनोविज्ञान विषय मे मिली डाक्टरेट की उपाधि

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर के अधिवक्ता नरेंद्र सोनी को भारती विश्वविद्यालय दुर्ग के कला और मानविकी संकाय के अंतर्गत मनोविज्ञान विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। जिले में मनोविज्ञान विषय पर पहली पीएचडी है, जो आत्महत्या की समस्या का सामाजिक मनोवैज्ञानिक और विधिक अध्ययन पर आधारित है। उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा ने सोनी को यह डिग्री प्रदान की। शोध में सोनी ने आत्महत्या के सामाजिक-मनोवैज्ञानिक कारणों, रोकथाम के उपायों तथा कानूनी प्रावधानों का विस्तृत विश्लेषण किया, जो समाज में बढ़ती इस समस्या को संबोधित करने में सहायक सिद्ध होगा।

साहू समाज के लोगों से मारपीट करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

■ प्रतिनिधिमंडल ने गुरुर टीआई से की मुलाकात,

गुरुर/नवप्रदेश। साहू समाज के व्यक्तियों के साथ हुई मारपीट, लूटपाट एवं अमानवीय कृत्य की गंभीर घटना को लेकर साहू समाज के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुर थाना प्रभारी टीआई सुनील तिर्की से मुलाकात कर विस्तारपूर्वक चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की।

इस अवसर पर जिला साहू संघ बालोद के अध्यक्ष महेंद्र साहू, पूर्व प्रदेश महामंत्री हलधर साहू गुरुर तहसील साहु संघ अध्यक्ष मिथलेश साहु तहसील साहू संघ गुरुर के कोषाध्यक्ष खेदूराम साहू एवं दुलार साहु उपस्थित रहे। प्रतिनिधियों ने थाना प्रभारी से मामले की संपूर्ण जानकारी प्राप्त करते हुए निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच की मांग की।

निर्दोषों को परेशान न किया जाए– समाज की मांग

प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट रूप से कहा कि जांच के दौरान किसी भी निर्दोष व्यक्ति को परेशान न किया जाए तथा दोषियों को किसी भी प्रकार का संरक्षण न मिले। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि यह घटना केवल मारपीट तक सीमित नहीं है, बल्कि मानवता को शर्मसार करने वाला गंभीर अपराध है।

प्रदेश अध्यक्ष से टीआई की मोबाइल पर बातचीत

घटना की गंभीरता को देखते हुए साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेन्द साहू से गुरुर थाना प्रभारी की मोबाइल पर बातचीत कराई गई। प्रदेश अध्यक्ष ने निष्पक्ष जांच एवं दोषियों पर त्वरित और सख्त कार्रवाई की मांग की। इस पर टीआई सुनील तिर्की ने दो दिन के भीतर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। साहू समाज के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि तय समय-सीमा में दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई नहीं की गई, तो साहू समाज द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी

जान से मारने का प्रयास व लूटपाट का आरोप

साहू समाज द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, आरोपियों ने पीड़ितों के साथ बेरहमी से मारपीट की। आरोप है कि गुप्तांग काटने की धमकी देते हुए जान से मारने का प्रयास किया गया। घटना के दौरान पीड़ितों से ?25,000 नकद राशि एवं मोबाइल फोन की लूट की गई, साथ ही अत्यंत अपमानजनक एवं अमानवीय व्यवहार किया गया, जिससे समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है।

समाज में आक्रोश, न्याय की मांग

घटना के बाद साहू समाज सहित क्षेत्रवासियों में भारी रोष देखा जा रहा है। समाज के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि अमानवीय कृत्य में शामिल सभी आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोर सजा दिलाई जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

सीमेंट प्लांट विरोध

सांसद सहित जनप्रतिनिधियों के पास पहुँच किसान सौंपेगें परियोजना को बंद कराने पत्र

■ गांव गांव मे बैठक कर दे रहे प्लांट से होने वाले नुकसान की जानकारी और बना रहे रणनीति

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले के विचारपूर पंडरिया मे सीमेंट प्लांट और चूना पत्थन खनन के खिलाफजारी क्षेत्र के किसानो का विरोध जनसुनवाई स्थगित होने के बाद भी लगातार बढ़ रहा है । जनसुनवाई स्थगित होने के बाद क्षेत्र के किसान नई रणनीति बनाने मे जूटे है इसके लिए खनन और परियोजना से प्रभावित होने वाले गांवो मे लगातार बैठको का दौर जारी है । परियोजना को पूरी तरह बंद कराने मे जुटे किसान उच्च न्यायालय मे याचिका की तैयारी करने के बाद अब क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को घर पहुँच कर सीमेंट प्लांट परियोजना बंद करने पत्र सौंपेगें । विचारपूर, पंडरिया सहित प्रभावित इलाके के किसानो ने बताया कि सीमेट परियोजना के विरोध मे क्षेत्र के सांसद विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को सीमेंट परियोजना बंद कराए जाने का पत्र सौंप खनन और परियोजना पूरी तरह बंद कराने की मांग करेंगें । किसान इस दौरान जनप्रतिनिधियों को क्षेत्र मे उपजाऊ क्षेत्र की स्थिति, किसानो के परिवारो का व्योरा और खनन और प्लांट बनने से होने वाले दुष्परिणामों की दस्तावेजी जानकारी भी देकर समर्थन मांगेगें ।

दुष्परिणामों को सामनें रखा जा रहा है

सीमेंट प्लांट के विरोध और परियोजना को बंद कराने क्षेत्र के हर गांव मे लगातार बैठको का दौर जारी है । विरोध की रणनीति लगातार तैयार की जा रही है । जनप्रतिनिधियों को पत्र सौंपने, उच्च न्यायालय मे याचिका लगाने सहित गांव गांव मे सीमेंट प्लांट से होने वाले दुष्परिणामों को सामनें रखा जा रहा है । इसको लेकर क्षेत्र मे व्यापक जनसमर्थन भी मिल रहा है । आज भी प्रभावित क्षेत्र के रेमड़वा, जगमड़वा, हनईबन और मरदकठेरा मे बैठक कर किसानो और उनके परिवारो को इसकी जानकारी दी जाएगी । किसान श्रवण जंघेल ने बताया कि परियोजना के पूरी तरह बंद होने तक किसानो और इलाके के ग्रामीणो का संघर्ष जारी रहेगा ।

उच्चन्यायालय मे याचिका लगाने तैयार किए दस्तावेज

सीमेंट प्लांट और चूना पत्थर खनन से प्रभावित होने वाले गांव, इलाको के किसानो ने उच्च न्यायालय मे याचिका लगाने दस्तावेजी तैयारी पूरी कर ली है । किसान श्रवण जंघेल ने बताया कि आंदोलन कारी किसानो द्वारा क्षेत्र के शिक्षणसंस्थानो, पंचायतों, जनपद, खनन क्षेत्र मे शामिल पंचायतों सहित 19 पंचायतों से ग्राम सभा प्रस्ताव, पर्यावरणीय प्रभाव के तकनीकी दस्तावेज इकटठा किए है जिसे न्यायालय मे प्रस्तुत कर जनहित याचिका लगाकर परियोजना को पूरी तरह बंद करने की मांग की जाएगी । सीमेंट परियोजना और खनन को लेकर प्रभावित और आसपास के गांवो की महिलाएं और युवा सबसे ज्यादा आक्रोशित है । महिलाओं और युवाओ ने कहा कि सीमेंट प्लांट के लिए जमीन देने के बाद उनके पास परिवार चलाने कुछ नही बचेगा ।

समर्थन मूल्य से समृद्धि तक : किसान हंसराज साहू की प्रेरक सफलता कथा

■ ई-स्कूटी खरीदी चल रही साँय-साँय

धमतरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की किसान हितैषी नीतियाँ आज ग्रामीण जीवन में सकारात्मक बदलाव की मजबूत मिसाल बन रही हैं। ऐसी ही एक प्रेरक सफलता की कहानी है ग्राम बोड़रा के मेहनती किसान श्री हंसराज साहू की, जिन्होंने समर्थन मूल्य पर धान विक्रय की पारदर्शी व्यवस्था का लाभ उठाकर न केवल अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ की, बल्कि आधुनिक जीवनशैली की ओर भी सार्थक कदम बढ़ाया।

श्री हंसराज साहू बताते हैं कि पिछले खरीफ सत्र में उन्होंने संबलपुर सहकारी समिति (सोसायटी) में समर्थन मूल्य पर धान का विक्रय किया था। धान विक्रय के पश्चात प्राप्त राशि से उन्होंने एक ई-स्कूटी खरीदी। यह ई-स्कूटी उनके लिए केवल एक वाहन नहीं, बल्कि समय, सुविधा और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन गई है। चल रही साँय-साँय द्य इसके माध्यम से उन्हें धमतरी शहर, रिश्तेदारों के घर, खेतों तथा कृषि एवं पारिवारिक कार्यों के सिलसिले में आवागमन में बड़ी सुविधा मिली है। ई-स्कूटी के उपयोग से ईंधन खर्च में कमी आई है और समय की भी उल्लेखनीय बचत हो रही है, जिससे वे अपने कार्यों को अधिक कुशलता से कर पा रहे हैं।

श्री साहू के पास कुल 2 एकड़ 25 डिस्मिल कृषि भूमि है, जिसमें वे पारंपरिक अनुभव और आधुनिक कृषि समझ के साथ धान की खेती करते हैं। इस वर्ष उन्होंने समर्थन मूल्य पर कुल 46 क्विंटल 40 किलोग्राम धान का विक्रय किया है। उन्हें पूरा विश्वास है कि समय पर भुगतान और स्पष्ट प्रक्रिया से किसानों को अपनी भविष्य की योजनाओं को साकार करने में मदद मिल रही है। श्री साहू ने बताया कि इस वर्ष धान विक्रय से प्राप्त राशि का उपयोग वे अपने पुत्र के विवाह जैसे महत्वपूर्ण पारिवारिक कार्य में करेंगे, जिससे परिवार में खुशियों का माहौल है।

मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना : सपनों को मिली नई उड़ान

■ आर्थिक सहयोग से भूषण साहू की उच्च शिक्षा का मार्ग प्रशस्त हुआ

धमतरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत निर्माणी श्रमिक श्रीमती चंदा बाई साहू, पति श्री हरिशंकर साहू, निवासी ग्राम सिंधौरीकला, विकासखंड कुरूद, जिला धमतरी के परिवार के लिए मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना आशा की किरण बनकर आई है। श्रीमती चंदा बाई साहू एक निर्माणी श्रमिक (रेजा) के रूप में कार्य करती हैं तथा उनके पति भी दैनिक मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। सीमित आय के कारण उच्च शिक्षा का सपना अधूरा प्रतीत हो रहा था। इसी बीच श्रम विभाग से संपर्क के दौरान उन्हें निर्माणी श्रमिकों के बच्चों हेतु संचालित मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना की जानकारी मिली।

योजना के अंतर्गत उनके पुत्र श्री भूषण साहू, जो कि ब्च्म्ज् कॉलेज, रायपुर में डिप्लोमा इन प्लास्टिक टेक्नोलॉजी (द्वितीय वर्ष) में अध्ययनरत हैं, के लिए आवेदन किया गया। सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ ऑनलाईन आवेदन करने के कुछ ही दिवसों में राशि रूपये 82,496/ सीधे डी.बी.टी. के माध्यम से हितग्राही के खाते में प्रदान की गई। इस आर्थिक सहयोग से भूषण साहू की उच्च शिक्षा का मार्ग प्रशस्त हुआ।

हितग्राही श्रीमती चंदा बाई साहू ने बताया कि आर्थिक तंगी के कारण बच्चों को पढ़ाने का सपना अधूरा लग रहा था, परंतु योजना से मिली सहायता ने उनके परिवार को संबल दिया। वहीं, पिता श्री हरिशंकर साहू ने कहा कि वे चाहते थे कि उनका बेटा मजदूरी के बजाय शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़े और आत्मनिर्भर बने। योजना से मिली सहायता से उनका यह सपना साकार हो रहा है।

जिले में पल्स पोलियो अभियान : 21 दिसम्बर को 0-5 वर्ष के बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की दवा

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले में बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने हेतु पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान का आयोजन 21 दिसम्बर 2025 को किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत जिले के 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक उनके निकटतम निर्धारित पोलियो बूथ पर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

जिले में कुल 772 पोलियो बूथों के माध्यम से 1 लाख 10 हजार 553 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान को सफल बनाने हेतु स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ-साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, कोटवार, प्रशिक्षु महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता तथा पैरामेडिकल विद्यार्थियों की ड्यूटी लगाई गई है।

पोलियो की दवा की समय पर उपलब्धता और कार्य की प्रभावी निगरानी के लिए सभी पोलियो बूथों को सेक्टरों में विभाजित किया गया है तथा प्रत्येक सेक्टर के लिए एक पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इसके अलावा सभी विकासखण्डों को जोन में विभाजित कर जिला स्तर के अधिकारियों को निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अभियान की व्यापक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शहरी इलाकों में बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी पोलियो बूथ बनाए गए हैं। वहीं खदानों, ईंट-भट्टों, छात्रावासों, मदरसों एवं छूटे हुए क्षेत्रों में बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने हेतु ट्रांजिट टीमों एवं मोबाइल टीमों का गठन किया गया है। प्रथम दिवस 21 दिसम्बर को बूथों पर दवा पिलाने के पश्चात 22 एवं 23 दिसम्बर को सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगे। अभियान के दौरान जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किए जाएंगे, जो 24 घंटे क्रियाशील रहेंगे। कंट्रोल रूम में प्रत्येक दो घंटे में प्रगति रिपोर्ट प्राप्त करने की व्यवस्था की गई है। अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी मैदानी अमलों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के सभी अभिभावकों से अपील की गई है कि वे 21 दिसम्बर को अपने 0 से 5 वर्ष के बच्चों को निकटतम पोलियो बूथ पर लाकर दवा अवश्य पिलाएं, ताकि पोलियो मुक्त समाज के लक्ष्य को साकार किया जा सके। साथ ही 22 एवं 23 दिसम्बर को घर-घर भ्रमण के दौरान स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का सहयोग कर छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाने में सहभागिता निभाने का आग्रह किया गया है।

ई केवाईसी नहीं कराने वाले हितग्राहियो के राशनकार्ड ब्लाक

राशन दुकानों मे नही मिल रहा राशन

खैरागढ़/नवप्रदेश। राशन दुकानों से राशन लेने वाले राशनकार्ड धारियो द्वारा राशनकार्ड की ई केवाईसी नही कराए जाने से शहर सहित इलाके के कई राशनकार्डधारियो को दिसंबर माह मे राशन नही मिल पा रहा है । खादय विभाग द्वारा पिछले माह भर से राशनकार्ड की ईकेवाईसी कराए जाने की सूचना दिए जाने के बाद ईकेवाईसी कार्य जारी था । लेकिन शहर के वार्डो मे लगभग एक हजार से अधिक राशनकार्डधारियो ने समय पर राशनकार्ड की ईकेवाईसी नही कराई । दस दिसंबर के बाद से ऐसे बिना ईकेवाईसी वाले राशनकार्ड से राशन लेने राशनदुकान पहुँच रहे राशनकार्डधारियो को राशन नही मिल पा रहा है । राशन दुकान और स्थानीय खादय विभाग के पास भी अब इसकी लगातार शिकायतें मिल रही है ।

दुकान पहुँच रहे तो मिल रही जानकारी

दो माह से जारी ईकेवाईसी मे शामिल नही हो पाए राशनकार्डधारी राशन लेने दुकान पहुँच रहे है तो उनका राशनकार्ड ब्लाक होने की जानकारी सामने आ रही है ऐसे मे इन राशनकार्डधारियो को मिलने वाला राशन नही मिल पा रहा है । राशनदुकान संचालक हितग्राहियों को ईकेवाईसी कराने की सूचना देकर वापस भेज रहे है । इसके चलते दिसंबर माह मे शहर के लगभग हर वार्ड मे ऐसी स्थिति बन गई है कि हर वार्ड मे 50 से 60 हितग्राहियो के राशनकार्ड पूरी तरह ब्लाक हो गए है ।जिन्हे बिना राशन के वापस भेजा जा रहा है । कूछ हितग्राहियों को 35 किलो की जगह दस किलो ही राशन मिल पा रहा है । इन राशनकार्डधारियो को अब ईकेवाईसी कराए जाने पर ही पूरा राशन उपलब्ध हो पाएगा।

आधार अपडेट के साथ होगा ईकेवाईसी

समय पर राशनकार्ड की ईकेवाईसी नही कराने वाले राशनकार्ड हितग्राहियों को अब अपना आधार कार्ड लोक सेवा केन्द्र से अपडेट कराना होना । आधार अपडेट होने के बाद ही राशनदुकानों मे पहुँचकर राशनकार्ड की ईकेवाईसी पूरी हो सकेगी । विभागीय अधिकारियो ने बताया कि ईकेवाईसी की प्रक्रिया राजधानी स्तर से ही संचालित हो रही है ऐसे मे बिना ईकेवाईसी के राशनकार्ड हितग्राहियो को राशन उपलब्ध नही हो पाएगा । ईकेवाईसी होते ही हितग्राहियो को पूर्व की भांति राशन मिल सकेगा ।

राशनकार्ड का ईकेवाईसी नही होने के कारण कूछ हितग्राहियो के राशनकार्ड ब्लाक हो गए है । ईकेवाईसी कराए जाने के बाद राशन मिल सकेगा । इसके लिए समय पर ईकेवाईसी कराया जाना आवश्यक है

विनोद सागर, खादय निरीक्षक खैरागढ़

गरियाबंद में नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन

■ 70 हजार से अधिक प्रकरणों का त्वरित निराकरण

गरियाबंद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के अध्यक्ष तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायपुर श्री बलराम प्रसाद वर्मा के मार्गदर्शन में 13 दिसंबर को जिला एवं अपर सत्र न्यायालय गरियाबंद सहित जिले के समस्त सिविल न्यायालयों, राजस्व न्यायालयों तथा राजिम एवं देवभोग न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया।

नेशनल लोक अदालत के अंतर्गत विभिन्न खण्डपीठों का गठन कर न्यायालयीन लंबित प्रकरणों एवं प्री-लिटिगेशन मामलों का आपसी सहमति एवं राजीनामा के माध्यम से त्वरित एवं प्रभावी निराकरण किया गया। गरियाबंद की न्यायालयों में गठित खण्डपीठों द्वारा बड़ी संख्या में मामलों का निपटारा करते हुए लाखों रुपये की राशि के एवार्ड पारित किए गए। इसके साथ ही राजस्व न्यायालयों में भी व्यापक स्तर पर मामलों का समाधान किया गया।आयोजित नेशनल लोक अदालत में कुल 70 हजार 363 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें कुल 93 लाख 59 हजार 426 रुपये की राशि का सेटलमेंट किया गया। यह आयोजन आम नागरिकों को शीघ्र, सुलभ एवं निःशुल्क न्याय उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

नबीन के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर छत्तीसगढ़ भाजपा में जश्न का माहौल

कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर हम सबका सम्मान बढ़ा है -किरण देव

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव आज भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में प्रदेश प्रभारी एवं बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन जी के भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर आयोजित उत्सव में शामिल हुए। इस दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा आतिशबाजी कर जश्न मनाया गया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि नितिन नबीन जी ने एक कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। वे एक युवा और परिश्रमी नेता हैं, जिनके पास संगठन का अच्छा-खासा अनुभव है। बिहार में विधायक और मंत्री के रूप में उनका कार्य बहुत प्रभावी रहा है, साथ ही जनआकांक्षाओं को पूरा करने के लिए उन्होंने पूरे समर्पण भाव से काम किया है। वे अपने विनम्र स्वभाव के साथ जमीन पर काम करने के लिए जाने जाते हैं। उनकी ऊर्जा और प्रतिबद्धता आने वाले समय में हमारी पार्टी को और अधिक सशक्त बनाएगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि श्री नबीन के संगठनात्मक अनुभव का प्रतिसाद छत्तीसगढ़ को मिला है। उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में भाजपा विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज की और प्रदेश में 54 विधानसभा सीटों में भाजपा को बहुमत मिली और एक मजबूत सरकार प्रदेश में बनी। लोकसभा चुनाव में 11 में से 10 सीटों में जीत उनके तेज तर्रार कार्यों से मिली। श्री नबीन के नेतृत्व में विधानसभा और लोकसभा चुनाव में जीत से यह कारवां नहीं रुका बल्कि नगरीय निकाय चुनाव में तो कांग्रेस का सूपड़ा साफ रहा और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी प्रचंड जीत भाजपा को मिली। उन्होंने कहा कि आज पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक भाजपा का परचम लहरा रहा है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि श्री नबीन के कठोर परिश्रम, कार्य कुशलता, कर्तव्यनिष्ठा, संगठनात्मक अनुभव का लाभ पूरे देश को मिलेगा आज छत्तीसगढ़ का प्रत्येक भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता श्री नबीन के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर उत्साहित हैं। उन्होंने श्री नबीन को कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर पुनः बधाई दी। इस दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, जिला प्रभारी राजेंद्र शर्मा, रायपुर ग्रामीण जिला प्रभारी सुरेंद्र पाटनी, जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, लौह शिल्प बोर्ड अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा, प्रदेश मंत्री अमित साहू, प्रदेश मीडिया संयोजक हेमंत पाणिग्रही, जिला महामंत्री अमित मैशेरी, अकबर अली, तुषार चोपड़ा, तौकीर रजा, उमेश घोरमोड़े, पन्ना दुबे, अनूप केलकर, शिवजलम दुबे, पुष्पेन्द्र उपाध्याय, अनिता देवांगन, रोहित द्विवेदी, रंभा चौधरी, गोविंदा गुप्ता, प्रणय साहू, अर्पित सूर्यवंशी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पतंजलि के सभी संगठनों के पद का दायित्व सौंपा गया

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला स्तरीय पतंजलि के सभी संगठन की बैठक गायत्री मंदिर परिसर बसना में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य योग, आयुर्वेद व पतंजलि को महासमुंद जिले के सभी गांव तक पहुंचाना तथा पतंजलि संगठन के सभी पदों का गठन करना हैं। पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी पुरुषोत्तम पटेल ने बैठक का संचालन किया। बैठक में सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ी योग समिति के कार्यकारी सदस्य तिलक साव का सम्मान शिवप्रसाद श्रीवास्तव ने किया। साव ने अपने उद्बोधन में पतंजलि, योग, आयुर्वेद गौ सेवा के कार्यों को जिला स्तर पर बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। विभिन्न बीमारियों में कराए जाने वाले आसन, जड़ी बूटी परिचय, हवन के लाभ, एक्यूप्रेशर, प्राणायाम, गौ सेवा, योग शिविर के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की। महामंत्री डॉ. संजय गोयल ने पुनः योग प्रचारक व संगठन को मजबूत करने के लिए सभी से समय देने पर जोर दिया। बसना तहसील प्रभारी शिवप्रसाद श्रीवास्तव ने कहा कि सब का सहयोग लेते हुए हमें बसना के पास के गांव को फिर से योग की सेवा करनी होगी।

स्वामी डॉ. रामविलासदास वेदान्ती का देवलोकगमन सनातन समाज के लिए अपूरणीय क्षति: मुख्यमंत्री साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने रामभक्ति की अमर प्रतिमूर्ति, श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के अग्रणी स्तंभ, पूर्व लोकसभा सांसद एवं संत परंपरा के महान प्रतिनिधि परम पूज्य श्रद्धेय स्वामी डॉ. रामविलासदास वेदान्ती जी के देवलोकगमन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्वामी डॉ. रामविलासदास वेदान्ती जी का देवलोकगमन समस्त रामभक्तों, सनातन समाज और राष्ट्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन श्रीराम के काज, धर्म-संरक्षण और लोककल्याण के लिए समर्पित कर दिया। उनका तपस्वी जीवन, स्पष्ट वैचारिक दृष्टि और निर्भीक राष्ट्रवादी चिंतन समाज को युगों तक मार्गदर्शन देता रहेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान स्वामी वेदान्ती जी का योगदान ऐतिहासिक और अविस्मरणीय रहा है। उन्होंने अपने आचरण, विचार और संघर्ष से यह सिद्ध किया कि संत परंपरा केवल साधना तक सीमित नहीं, बल्कि राष्ट्र और समाज के उत्थान की सशक्त शक्ति है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्वामी वेदान्ती जी का ओजस्वी व्यक्तित्व, धर्म के प्रति अटूट निष्ठा और लोकहित के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। उनके द्वारा स्थापित आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों की विरासत सदैव जीवंत रहेगी।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने दिवंगत संत के श्रीचरणों में विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि वे पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल अनुयायियों और श्रद्धालुओं को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

एसोसिएशन ने किया नव पदोन्नत प्राचार्यों का सम्मान

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने अघरिया सदन महासमुंद में नव पदोन्नत 15 प्राचार्यों का गुलाल, पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष भारत स्काउट्स एवं गाइड्स येतराम साहू रहे। अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे की ने की। विशेष अतिथि के तौर पर सभापति जनपद पंचायत महेन्द्र साहू, जिलाध्यक्ष एथलेटिक्स संघ पंकज चंद्राकर, तहसीलदार प्रेमुलाल साहू, अघरिया समाज से खगेश्वर पटेल, गणेश नायक, सुरेंद्र चौधरी मौजूद रहे। अतिथियों ने सम्मान समारोह का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण के काष्ठ प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना की। बाद नव पदोन्नत 15 प्राचार्यों का गुलाल, पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी ने अपने उद्गार में कहा कि व्याख्याता एलबी संवर्ग की प्राचार्य पद पर पदोन्नति शिक्षाकर्मी संघ, छत्तीसगढ़ पंचायत एवं नगरीय निकाय शिक्षक संघ तथा छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन द्वारा विगत 3 दशक से की गई क्रमिक संघर्ष का प्रतिफल है।

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, KHUSHAL CHAND TIWARI S/O LATE FATTELAL TAWRI resident of H.NO. B-29, MAHESH COLONY, PULGAON, DURG (C.G.) have changed my old name and adopted new name KHUSHAL CHAND TAWRI. So in future I should be recognized by my new name that is KHUSHAL CHAND TAWRI in all Government and other documents.

KHUSHAL CHAND TAWRI
H.No. B-29, Mahesh Colony, Pulgaon, Durg (C.G.)

नाम-परिवर्तन

मै शपथकर्ता सन्तु कुमार बघेल पिता स्व. दशरू राम बघेल, उम्र-52 वर्ष, निवासी-वार्ड-38, मिल पारा दुर्ग, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूँ जो जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ कि यह कि, मेरे पुत्री के आधार कार्ड तथा जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम भूमि बघेल (BHOOMI BAGHEL) पिता सन्तु कुमार बघेल (SANTU KUMAR BAGHEL) दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है। यह कि, मेरे पुत्री के शैक्षणिक प्रमाण पत्रो एवं अकसूची में उसका नाम भूमि बघेल (BHOOMI BAGHEL) पिता संतु बघेल (SANTU BAGHEL) दर्ज हो गया है। यह कि मैं अपने पुत्री के समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रो तथा अंकसूची एवं भविष्य में उसके समस्त दस्तावेजो में उसका नाम भूमि बघेल (BHOOMI BAGHEL) पिता सन्तु कुमार बघेल (SANTU KUMAR BAGHEL) दर्ज करवाना चाहते है एवं भविष्य ने मेरे पुत्री को भूमि बघेल (BHOOMI BAGHEL) पिता सन्तु कुमार बघेल (SANTU KUMAR BAGHEL) के नाम से जाना, पहचाना, पुकारा व पढ़ा-लिखा जावे। यह कि, मेरे पुत्री के शैक्षणिक प्रमाण पत्रो एवं अंकसूची में दर्ज नाम भूमि बघेल (BHOOMI BAGHEL) पिता संतु बघेल (SANTU BAGHEL) को सुधारकर उसका नाम भूमि बघेल (BHOOMI BAGHEL) पिता सन्तु कुमार बघेल (SANTU KUMAR BAGHEL) दर्ज करवाना चाहते है जिसके लिये गजट प्रकाशन बाबत् यह शपथ पत्र सक्षम प्राधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
सन्तु कुमार बघेल
पिता स्व. दशरू राम बघेल,
निवासी-वार्ड-38, मिलपारा दुर्ग,
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ए. जे. अभिषेक (A J ABHISHEK) उम्र-24वर्ष, पिता-ए जे जॉनसन (AJ JOHNSON) निवासी-पटौट नं.-ए-1/27, कृष्णा ग्रैंड सिटी, सुपेला, भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग, छ.ग. का हूँ। में उक्त पते पर स्थायी रुप से निवास करता हूँ। 7491 1852 4033 और मेरी जन्मतिथि 10. 04. 2001 है। जो किं सत्य व सही है। यह कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, सभी शैक्षणिक अंकसुचियों, दस्तावेजों, वोटर आई कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, आदि समस्त दस्तावेजों में संझिप्त नाम ए. जे. अभिषेक (AJ ABHISHEK) पिता-ए जे जॉनसन (AJ JOHNSON) और माता का नाम ए जे शैलजा (AJ SHAILJA) दर्ज है। यह कि मेरा पुरा व सही नाम एरेपल्ली जॉन अभिषेक (AREPALLI JOHN ABHISHEK) पिता-एरेपल्ली जॉन जॉनसन (AREPALLI JONN JOHNSON) माता का नाम अरेपल्ली जॉन शैलजा, (AREPALLI JOHN SHAILJA) है। मेरे पेन कार्ड में मेरे पिता का पूरा नाम अंकित है। लोग मुझको इसी पुरे नाम से जानते, पहचानते व पुकारते हैं, जिसे मैं अपने आधार कार्ड, पेन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, समस्त शैक्षणिक अंकसुचियों, वोटर आई कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस आदि समस्त दस्तावेजों में अंकित संझिप्त नाम ए. जे. अभिषेक (AJ ABHISHEK) पिता-ए जे जॉनसन (AJ JOHNSON) के स्थान में अपना पुरा व सही नाम एरेपल्ली जॉन अभिषेक (AREPALLI JOHN ABHISHEK) पिता-एरेपल्ली जे जॉनसन (AREPALLI JOHN JOHNSON) और माता का नाम अरेपल्ली जॉन शैलजा (AREPALLI JOHN SHAILJA) लिखवाना चाहता हूँ। एरेपल्ली जॉन अभिषेक (AREPALLI JOHN ABHISHEK) पिता-एरेपल्ली जॉन जॉनसन (AREPALLI JOHN JOHNSON) और ए. जे. अभिषेक (AJ ABHISHEK) पिता-ए जे जॉनसन (A J JOHNSON) एक ही व्यक्ति का नाम है जो कि में स्वंय हूँ। यह कि वर्तमान में व भविष्य में भी मुझको मेरे पुरे व सही नाम एरेपल्ली जॉन अभिषेक (AREPALLI JOHN ABHISHEK) पिता-एरेपल्ली जे जॉनसन (AREPALLI JOHN JOHNSON) और माता का नाम अरेपल्ली जॉन शैलजा (AREPALLI JOHN SHAILJA) नाम से जाना व पहचाना जायेगा।

शपथकर्ता
ए.जे. अभिषेक

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता (VANKA SHIVA S/O VANKA TATA RAO) निवासी मकान नंबर 1049, वार्ड नंबर 19, स्टील नगर कैंप 1, सुपेला भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) 490023 का निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं यह कि, मै दर्शित पते पर निवास करता हूं। यह कि, मेरे भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड नंबर 7318 2868 7750, पेन कार्ड एवं समस्त प्रमाण पत्रों में मेरा नाम (SHIVA) दर्ज है। जिसमें मेरा सरनेम (VANKA) दर्ज नही है। यह कि मेरे भारत गणराज्य (REPUBLIC OF INDIA) जिसमें मेरा नाम (VANKA SHIVA) दर्ज जो कि सत्य वास्तविक व पूर्ण नाम है। यह कि (VANKA SHIVA) एवं (SHIVA) दोनो नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे स्वयं के नाम है। यह कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं समस्त अंकसूची में दर्ज नाम (SHIVA) के स्थान में मेरा पुर्ण नाम को (VANKA SHIVA) दर्ज करवाना चाहता हूं तथा इसी नाम से जाने पहचाने व पुकारे जाने बाबत् शासकीय गजट में प्रकाशन करवाना चाहता हूं।

शपथकर्ता
VANKA SHIVA
S/O VANKA TATA RAO
निवासी मकान नंबर 1049, वार्ड नंबर 19, स्टील नगर कैंप 1, सुपेला भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202512103000003 /अ-06अ/ वर्ष 2025-26

[…]

नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 03/अ-20(3)/ वर्ष 2025-26

आवेदक माधुरी बाई ध.प.स्व. मदन लाल सोनकर निवासी मठपारा दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत […]

नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी छ.ग. गृह निर्माण मण्डल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)
आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता […]

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202512103000019 /अ-06अ/ वर्ष 2025-26

[…]

नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

[…]

प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्तायार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06.12.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202512101000099 /अ-06/वर्ष 2025-26

[…]

अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार देवकर, जिला बेमेतरा (छ.ग.)
// ईश्तहार //

[…]

आज दिनांक 08/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

दिनांक
स्थान - देवकर — **तहसीलदार देवकर**

मुहर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com
आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा गुढ़ियारी […]

15 दिन के अन्दर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छ.ग. गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, रायपुर

[illegible]

[…]

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.202511100700072 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया […]

लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.11.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 02/अ-20(3)/ वर्ष 2025-26

आवेदक इंदरचंद जैन आ.स्व.बसंतीलाल जैन निवासी हटरी बाजार दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा इस आशय का […]

व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 31.12.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.12.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 01/अ-20(4)/ वर्ष 2025-26

आवेदिका रूखमणी बाई पटेल ध.प. स्व. आर.एल. पटेल निवासी आपापुरा वार्ड नं0 31 दुर्ग […]

संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.12.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //

कमांक/क / बी-121/2024-2025
रायपुर, दिनांक 03/12/2025
ग्राम भाठागांव
तहसील रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री भोला सोनकर पिता-स्व.श्री झंगल सोनकर द्वारा इस न्यायालय मृत्यु प्रमाण-पत्र बाबत् आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है, आवेदक के पिता- स्व. श्री झंगल सोनकर, पिता- स्व.श्री राम गुलाल सोनकर की मृत्यु दिनांक 02.05.2002 को घर / हॉस्पिटल भाठागांव रायपुर में हो चुकी है। उनके मृत्यु उपरांत आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण-पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 18/12/2025 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी
रायपुर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, टी.डी.पी.पी. जल संसाधन संभाग
जगदलपुर, जिला- बस्तर (छ.ग.)
ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
Main Portal: http://cgeprocurement.gov.in
WRD Portal:http://wrd.cgeprocurement.gov.in

निविदा निरस्तीकरण सूचना

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित सिस्टम निविदा क्रमांक 178314 निआसू क्रमांक 20/वलेलि /25-26 दिनांक 29.10.2025 बस्तर जिले के विकासखंड लोहण्डीगुड़ा के चित्रकोट तालाब बांध एवं नहर मरम्मत एवं स्ट्रक्चर निर्माण का जीर्णोद्धार कार्य (प्रथम आमंत्रण) जिसका जी नंबर 252604448 दिनांक 30.10.2025 है, को प्रथम आमंत्रण में "एकल निविदा" होने से प्रतिस्पर्धा का अभाव होने के कारण निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
टी.डी.पी.पी. जल संसाधन संभाग,
जगदलपुर, जिला बस्तर. (छ.ग.)

जी-252605480/3

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रमांक- 8, मोहबा बाजार रायपुर

क्रमांक 44/न.पा.नि./जोन क्र.-08/2025 — रायपुर दिनांक 15/12/25

EXPRESSION OF INTEREST
Notice Inviting Tender (NIT)

Raipur Municipal Corporation invites sealed tenders from eligible vendors for the construction and maintenance of a 6000 sq. feet Box Cricket Stadium at Chandanidih Near Chota Puliya Ward-70 under the annual license fees model for 5 Years. The Project includes a 10x10 Kiosk, a prefabricated toilet, and advertising rights on two mini unipoles. The tender fee is Rs. 5000, and an EMD of Rs. 1,00,000 is required. Detailed EOI documents can be obtained from The Municipal Corporation Zone No-8 Mohbabazar Raipur The last date for Submission id [09/01/2026] For more information, Visit our Website [http://nagarnigamraipur.nic.in/]. Zone Commissioner Zone No-8 Raipur Municipal Corporation.

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

Zone Commissioner
Zone No-8
Raipur Municipal Corporation

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, कांकेर छत्तीसगढ़
निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा क्र. 933 / नि.शा./का.अ./ लो.स्वा.यां./खण्ड, — कांकेर, दिनांक 10.12.2025

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से मुहरबंद निविदाएं "प्रपत्र-सी" में आयटम दर पर नीचे उल्लेखित कार्य के लिये **कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव जिला जल एवं स्वछता मिशन कांकेर** के कार्यालय में, वाहन किराये से लेने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

समूह क्र.	विवरण	अनुमानित लागत (वार्षिक) (रू. लाख में)	धरोहर राशि
1	2	3	4
01	जल जीवन मिशन के कार्यो के निरीक्षण हेतु एक वर्ष के लिये 01 नग मासिक किराया दर पर महिन्द्रा स्कॉरपियों वाहन की आवश्यकता।	Rs. 7.80	20000.00
02	लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उप खण्ड कार्यालय कांकेर में 01 नग महिन्द्रा बुलेरो।	Rs. 7.20	20000.00
03	लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उप खण्ड कार्यालय भानुप्रतापपुर एवं अंतागढ़ में 01 नग महिन्द्रा बुलेरो।	Rs. 7.20	20000.00

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 24-12-2025 सायं 5.30 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, कांकेर छत्तीसगढ़

जी-252605449/2

कार्यालय अधिष्ठाता
स्व. श्रीमति इंदिरा गांधी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय,
उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) 494334
E-mail Id-gmckanker@gmail.com

क्रमांक /2126/ शा.चि.महा./निविदा/ 2025 — कांकेर, दिनांक 11/12/2025

// निविदा आमंत्रण सूचना //

वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्व. श्रीमति इंदिरा गांधी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कांकेर (छ0ग0) द्वारा वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन हेतु उपयुक्त एवं पात्र सेवा प्रदाताओं / स्थल मालिकों से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक फर्म/सेवा प्रदाता नीचे अनुसार सेवाओं हेतु आवेदन कर सकते हैं -

आवश्यक सेवाः

1. डी.जे. साउण्ड लाइट LED Wall Screen

आवश्यक सेवा पर दिये जाने वाले दर का उल्लेखित करते हुए पृथक-पृथक प्रस्ताव निर्धारित तिथि तक "कार्यालय अधिष्ठाता, स्व. श्रीमति इंदिरा गांधी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर (छ.ग.)" को प्रेषित करें।

डी.जे. साउण्ड लाइट LED Wall Screen हेतु नियम एवं शर्तें, निविदा संबंधी जानकारी संस्था/वेबसाईट www.gmckanker.in से प्राप्त करें। प्राप्त निविदाओं को क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी, जिसमें निविदाकर्ता एवं उनके प्रतिनिधि उपस्थित हो सकते है।

संस्था में निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 29/12/2025 दोपहर 2.00 बजे तक।

निविदा खुलने की तिथि -29/12/2025 को सांय 4.00 बजे

अधिष्ठाता
स्व. श्रीमति इंदिरा गांधी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

जी-252605467/3

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर
(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है-

स. क्र.	सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रु.लाख में)
1	181281 प्रथम आमंत्रण 05.12.2025	जिला रायपुर के ग्राम चरौदा धरसींवा में फोरलेन गौरवपथ मार्ग लंबाई 3.20 कि.मी. निर्माण कार्य, पुल पुलिया सहित। (विधानसभा संभाग रायपुर)	**1480.53**
2	181336 द्वितीय आमंत्रण 08.12.2025	जिला बेमेतरा के जैतपुरी खटई मार्ग लंबाई 2.60 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य।	**283.24**
3	181341 द्वितीय आमंत्रण 08.12.2025	जिला दन्तेवाड़ा के पालनार-फूलपाड़-जूनापारा मार्ग लंबाई 4.50 कि. मी. पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य, शेष कार्य।	**226.05**
4	181344 द्वितीय आमंत्रण 08.12.2025	सिविल न्यायालय परिसर मनेंद्रगढ़ में आबंटित भूमि (589 वर्ग मीटर) पर दो मंजिला कुटुम्ब न्यायालय भवन निर्माण कार्य।	**245.44**
5	181354 प्रथम आमंत्रण 08.12.2025	जिला रायपुर के परसदा (तिल्दा)में शासकीय आई.टी.आई. भवन निर्माण कार्य,वॉटर सप्लाई,सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युती करण सहित । (विधानसभा संभाग रायपुर) (शेष कार्य)	**208.55**
6	181355 द्वितीय आमंत्रण 08.12.2025	जिला नारायणपुर के पल्ली-छोटेडोंगर-ओरछा मार्ग के कि.मी. 16/2 कदम नाला पर उच्चस्तरीय पुल मय पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	**449.32**
7	181359 द्वितीय आमंत्रण 08.12.2025	जिला बेमेतरा के खेड़ा जुनवानी मार्ग लंबाई 3.75 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य।	**368.30**
8	181361 द्वितीय आमंत्रण 08.12.2025	जिला मुंगेली के घानाघाट-बघर्रा मार्ग में मनियारी नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	**388.58**

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क. 05 दिनांक 31.12.2025 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 26.12.2025 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

जी- 252605433/9

संक्षिप्त खबरें

10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा के प्रश्न पत्र के पैटर्न में बदलाव

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा के प्रश्न पत्र के पैटर्न में बड़ा बदलाव किया है। माशिमं की सचिव पुष्पा साहू ने बताया, कॉम्पिटिटिव एग्जाम को देखते हुए बहु विकल्पी सवालों की संख्या में बढ़ोतरी की गई है। माशिमं की सचिव पुष्पा साहू ने बताया, ज्ञानात्मक में 20त्न, अवबोधात्मक में 25त्न, अनु प्रयोगात्मक में 25त्न, विश्लेषणात्मक में 10त्न, मूल्यांकन में 10त्न और रचनात्मक में 10त्न अंक रखा गया है। अब वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में 1-1 अंक का 15 प्रश्न रहेगा। लघु उत्तरीय प्रश्नों में दो अंक का तीन प्रश्न रहेगा। लघु उत्तरीय 2 सेक्सन में 3 प्रश्न 18 अंक का रहेगा। उन्होंने बताया कि, दीर्घ उत्तरीय में 4 प्रश्न होगा, जिसमें सभी पर 5 अंक के हिसाब से कुल 20 नंबर का प्रश्न रहेगा। दीर्घ उत्तरीय 2 में 2 प्रश्न 5-5 अंक टोटल 10 अंक का होगा। अति दीर्घ उत्तरीय में एक सवाल 6 नंबर का रहेगा।

रायपुर में जुआ खेलते 4 जुआरी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिले के आरंग थाना क्षेत्र के ग्राम छटेरा में मुनिबाबा जंगल के पास जुआ खेलते हुए 4 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया है। मौके से ताश की गड्डी और 45,000 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और थाना आरंग पुलिस की संयुक्त टीम ने की।सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर छापा मारा। वहां आरोपी ताश के पत्तों से पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने मौके से कामता सिन्हा, कैलाश ठाकुर, मेघनाथ निषाद और चौतराम निषाद को गिरफ्तार किया। सभी आरोपी आरंग थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं।

जुआ खेलने वालों के खिलाफ थाना आरंग में छत्तीसगढ़ राज्य जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर जिले में जुआ और सट्टा रोकने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

चिरायु योजना से नित्या राजवाड़े को मिला नया जीवन

रायपुर/नवप्रदेश। कोरिया जिले के बैकुंठपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पतरापाली निवासी नित्या राजवाड़े (उम्र 4 वर्ष 7 माह), जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित थी। नित्या का नाम आंगनबाड़ी केंद्र पतरापानी-1 में दर्ज है।जन्म से ही नित्या को कमजोरी, जल्दी थकान, सांस लेने में तकलीफ तथा बार-बार सर्दी-खांसी की समस्या रहती थी। चिरायु टीम द्वारा किए गए स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान चिकित्सक द्वारा जांच कर जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर रेफर किया गया। जिला चिकित्सालय में शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा जांच उपरांत जन्मजात हृदय रोग की पुष्टि हुई, जिसके बाद उच्च संस्थान एम.एम.आई. नारायणा हॉस्पिटल, रायपुर के लिए रेफर किया गया।चिरायु योजना के अंतर्गत नित्या को नारायणा हॉस्पिटल, रायपुर में भर्ती कराया गया। आवश्यक जांचों के पश्चात सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया।

समर्थन मूल्य से आत्मनिर्भरता तक : किसान हंसराज साहू की मेहनत ने बदली रफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की किसान हितैषी नीतियाँ आज गांवों में खुशहाली और आत्मनिर्भरता की मजबूत आधारशिला बन रही हैं। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की पारदर्शी व्यवस्था ने किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। ऐसी ही एक प्रेरक कहानी धमतरी जिले के ग्राम बोड़रा के किसान श्री हंसराज साहू की है। जिन्होंने सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर न केवल अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत की, बल्कि आधुनिक सुविधाओं को भी अपनाया। श्री हंसराज साहू बताते हैं कि उन्होंने पिछले खरीफ सत्र में संबलपुर सहकारी समिति में समर्थन मूल्य पर धान का विक्रय किया। धान बिक्री से प्राप्त राशि से उन्होंने एक ई-स्कूटी खरीदी, जो आज उनके लिए सुविधा, समय की बचत और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन गई है। साँय-साँय दौड़ती ई-स्कूटी से अब उन्हें धमतरी शहर, खेतों, रिश्तेदारों के घर और दैनिक कार्यों के लिए सुगम आवागमन की सुविधा मिल रही है। इससे न केवल ईंधन खर्च में कमी आई है, बल्कि समय की भी उल्लेखनीय बचत हो रही है।

अब तक 17.24 लाख टोकन से 87 लाख टन धान की हो चुकी खरीदी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार छत्तीसगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में केन्द्र सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य पर राज्य के पंजीकृत किसानों से धान खरीदी का कार्य अनवरत रूप से जारी है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में संचालित 2739 खरीदी केन्द्रों के माध्यम से धान की खरीदी सुगमता पूर्वक की जा रही है । धान की खरीदी के लिए 15 नवम्बर 2025 से 31 जनवरी, 2026 तक की अवधि निर्धारित की गई है । राज्य के किसानों से सुगमता पूर्वक धान खरीदी के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना, सपनों को मिली नई उड़ान

आर्थिक सहयोग से भूषण साहू की उच्च शिक्षा का मार्ग प्रशस्त हुआ

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत निर्माणी श्रमिक श्रीमती चंदा बाई साहू, पति श्री हरिशंकर साहू, निवासी ग्राम सिंधौरीकला, विकासखंड कुरूद, जिला धमतरी के परिवार के लिए मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना आशा की किरण बनकर आई है।

श्रीमती चंदा बाई साहू एक निर्माणी श्रमिक (रेजा) के रूप में कार्य करती हैं तथा उनके पति भी दैनिक मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। सीमित आय के कारण उच्च शिक्षा का सपना अधूरा प्रतीत हो रहा था। इसी बीच श्रम विभाग से संपर्क के दौरान उन्हें निर्माणी श्रमिकों के बच्चों हेतु संचालित मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना की जानकारी मिली।

योजना के अंतर्गत उनके पुत्र श्री भूषण साहू, जो कि CIPET कॉलेज, रायपुर में डिप्लोमा इन प्लास्टिक टेक्नोलॉजी (द्वितीय वर्ष) में अध्ययनरत हैं, के लिए आवेदन किया गया। सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ ऑनलाईन आवेदन करने के कुछ ही दिवसों में राशि रूपये 82,496/ सीधे डी.बी.टी. के माध्यम से हितग्राही के खाते में प्रदान की गई। इस आर्थिक सहयोग से भूषण साहू की उच्च शिक्षा का मार्ग प्रशस्त हुआ।

हितग्राही श्रीमती चंदा बाई साहू ने बताया कि आर्थिक तंगी के कारण बच्चों को पढ़ाने का सपना अधूरा लग रहा था, परंतु योजना से मिली सहायता ने उनके परिवार को संबल दिया। वहीं, पिता श्री हरिशंकर साहू ने कहा कि वे चाहते थे कि उनका बेटा मजदूरी के बजाय शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़े और आत्मनिर्भर बने। योजना से मिली सहायता से उनका यह सपना साकार हो रहा है।

श्री हरिशंकर साहू ने मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन, श्रम मंत्री, जिला प्रशासन तथा श्रम विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना श्रमिक परिवारों के बच्चों को शिक्षा के माध्यम से उज्ज्वल भविष्य प्रदान कर रही है।

श्रमिकों के मेधावी बच्चों को पात्रता अनुसार मिल रही सहायता

श्रम पदाधिकारी श्री नंदकिशोर साहू ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत निर्माणी श्रमिकों के मेधावी बच्चों-सामान्य एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरतकृको पात्रता अनुसार सहायता प्रदान की जाती है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 467 तथा 2025-26 में 505 बच्चों को लाभ दिया जा चुका है। आगामी वर्षों में सभी पात्र बच्चों को लाभांवित करने का लक्ष्य निर्धारित है। इच्छुक हितग्राही श्रमेव जयते ऐप अथवा जिला एवं जनपद पंचायतों में स्थापित श्रम संसाधन केंद्रों से नि:शुल्क आवेदन कर सकते हैं।

पर्यावरण संरक्षण और पशुधन संवर्धन की मिसाल सेमरा बी के कृषक की प्रेरक पहल

रायपुर/नवप्रदेश। पर्यावरण संरक्षण और पशुधन हित (पशु कल्याण) आपस में जुड़े हैं, जहाँ पशुधन से ग्रीनहाउस गैस (मीथेन), भूमि क्षरण और जल प्रदूषण होता है, वहीं सतत पशुधन प्रबंधन (जैसे बेहतर चारा, एंटीबायोटिक का विवेकपूर्ण उपयोग) इन प्रभावों को कम कर सकता है, साथ ही जैव विविधता और प्राकृतिक आवासों की रक्षा भी कर सकता है, जिससे खाद्य सुरक्षा, ग्रामीण आजीविका और पर्यावरण संतुलन में मदद मिलती है।

वातावरण में धुएं और विषैली गैसों के उत्सर्जन में आई कमी

पर्यावरण संरक्षण, पशुधन हित और सतत कृषि की दिशा में धमतरी जिले के विकासखण्ड कुरूद के ग्राम सेमरा बी के प्रगतिशील पशुपालक एवं कृषक श्री कीर्तन निषाद द्वारा किया गया कार्य एक उल्लेखनीय शासकीय सफलता की कहानी के रूप में उभरकर सामने आया है। उनकी दूरदर्शी सोच और जागरूक प्रयासों से लगभग 50 एकड़ क्षेत्र में फैले पैरा (फसल अवशेष) को सुरक्षित रूप से उनके भाठा में एकत्रित किया गया, जिससे पराली जलाने की हानिकारक परंपरा पर प्रभावी रोक लगाई जा सकी। पराली जलाने से जहां वायु प्रदूषण, भूमि की उर्वरता में कमी तथा जनस्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, वहीं श्री कीर्तन निषाद की इस पहल ने इन सभी समस्याओं का व्यवहारिक और टिकाऊ समाधान प्रस्तुत किया है।

पशुओं के पोषण स्तर में सुधार

इस नवाचारी प्रयास का दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष पशुधन संवर्धन से जुड़ा है। एकत्रित पैरा से क्षेत्र में पशुओं के लिए पर्याप्त सूखे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित हुई, जिससे पशुपालकों को चारे की कमी की समस्या से राहत मिली। इससे न केवल पशुओं के पोषण स्तर में सुधार हुआ, बल्कि दुग्ध उत्पादन और पशुपालन की आय में वृद्धि की संभावनाएं भी सुदृढ़ हुई हैं। यह पहल आत्मनिर्भर पशुपालन और ग्रामीण आजीविका सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत कदम है।

ग्रामीण विकास की दिशा में एक आदर्श मॉडल

श्री कीर्तन निषाद की यह उपलब्धि इस बात का सशक्त उदाहरण है कि शासन की नीतियों, जनजागरूकता और व्यक्तिगत पहल के समन्वय से बड़े सकारात्मक परिवर्तन संभव हैं। उनकी सामाजिक जिम्मेदारी, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और किसानों-पशुपालकों के हित में की गई यह पहल अन्य कृषकों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गई है। नि:संदेह, ग्राम सेमरा बी की यह पहल पर्यावरण संरक्षण, पशुधन विकास और सतत ग्रामीण विकास की दिशा में एक आदर्श मॉडल है, जिसे अपनाकर अन्य ग्राम भी स्वच्छ, स्वस्थ और समृद्ध भविष्य की ओर कदम बढ़ा सकते हैं।

मैनपाट के करमा रिसॉर्ट में 19 दिसंबर को धूमधाम से लोकनृत्य प्रतियोगिता

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना रजत जयंती वर्ष पर विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड राज्य की स्थापना के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 8 दिसंबर से 21 दिसंबर 2025 तक विशेष गतिविधियों और प्रतियोगिताओं की भव्य श्रृंखला आयोजित कर रहा है। प्रदेश के विभिन्न पर्यटन केंद्रों, रिसॉर्ट्स और पर्यटन बोर्ड के प्रधान कार्यालय रायपुर में रचनात्मक कार्यक्रमों का दौर चल रहा है। इनका मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है।

इसी कड़ी में पर्यटन बोर्ड 19 दिसंबर 2025 को सरगुजा जिले के मैनपाट स्थित करमा रिसॉर्ट में लोकनृत्य प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रही है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 7 हजार रुपये नगद, द्वितीय को 5 हजार रुपये तथा तृतीय को 3 हजार रुपये नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। सभी विजेताओं को प्रमाणपत्र भी भेंट किए जाएंगे।

निदान 1100 में सफाई के बाद लोग सबसे ज्यादा शिकायत कर रहे मच्छरों की

रायपुर/नवप्रदेश। शहर में एक भी वार्ड ऐसा नहीं है जहां के लोग मच्छरों से परेशान नहीं हैं। शाम होते ही लोग मच्छरों से परेशान होने लगते हैं। निगम का दावा है कि सभी वार्डों में हफ्ते में 2 बार फॉगिंग और एक बार एंटी लार्वा का छिड़काव किया जा रहा है।

हकीकत में किसी भी वार्ड में फॉगिंग नहीं की जा रही है। इस वजह से मच्छरों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। शहर से मच्छरों को कम करने निगम ने 4 करोड़ की योजना तैयार कर ली, इसके बावजूद शहर के लोग मच्छरों से परेशान हैं।

निगम के हेल्पलाइन निदान 1100 में सफाई के बाद सबसे ज्यादा शिकायतें मच्छरों की ही दर्ज की जा रही हैं। निगम अफसरों के अनुसार मच्छरों पर नियंत्रण के लिए नवंबर 2024 में निगम ने प्राइवेट एजेंसी को ठेका दिया था। एजेंसी को यह ठेका 1.24 करोड़ में मिला। इसमें तीन महीने तक फॉगिंग और एंटी लार्वा छिड़काव करना था। लेकिन एजेंसी वालों ने इस काम में जबरदस्त लापरवाही बरती। अफसरों ने भी इस काम की मॉनिटरिंग नहीं की। नतीजा तीन माह के बाद कंपनी ने काम खत्म करने का दावा किया। बाद में इसी काम को जोनवाइज दे दिया गया। जोन में यह काम करने के बाद काम और खराब हो गया। अब शहर में फॉगिंग पूरी तरह से बंद है। इस वजह से मच्छरों की संख्या भी बढ़ रही है। लोग बड़ी संख्या में बीमार भी हो रहे हैं।

लोगों ने बताया, हमने तो कभी नहीं देखा फॉगिंग होते

यतियतनलाल वार्ड में रहने वाले शुभम मिश्रा ने बताया कि शाम के समय में मच्छरों का आतंक रहता है। मच्छरों से बचने के लिए दरवाजा बंद कर अगरबत्ती का सहारा लेना पड़ता है। लंबे समय से हमने फॉगिंग और नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव होते नहीं देखा।

महामाया मंदिर वार्ड में रहने वाले पालेश्वर श्रीवास्तव के अनुसार हमारे घर के सामने चार फीट की गली है। जहां कभी फॉगिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव नहीं हुआ। नालियों में मच्छर पनप रहे हैं। शाम होते ही मोहल्लेवालों को परेशानी होने लगती है। ठाकुरपारा पुरानी बस्ती में रहने वाले आशीष ठाकुर ने कहा कि मच्छरों से पूरा मोहल्ला परेशान है। यहां फॉगिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव होते लंबे समय से नहीं देखा है।

ग्रीन आर्मी का पाँचवें दिन भी जारी रहा महाराजबंध सफाई अभियान

आज निरीक्षण हेतु पहुँचे नगर निगम डिप्टी कमिश्नर श्री पाण्डेय और जोन कमिश्नर श्री हितेंद्र यादव

रायपुर/ नवप्रदेश। ऐतिहासिक महाराजबंध तालाब को बचाने की दिशा में ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ का सफाई अभियान लगातार आगे बढ़ रहा है। प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं कार्यक्रम के डायरेक्टर शशिकांत यदु ने बताया कि आज पाँचवें दिन भी सदस्य सुबह 7:30 बजे से गीता नर्सरी क्षेत्र में पहुँचकर सफाई कार्य में जुटे रहे। तालाब के किनारों एवं जलक्षेत्र में जमा प्लास्टिक, पॉलीथिन, विसर्जन सामग्री और गाद को हटाकर क्षेत्र को व्यवस्थित रूप से साफ किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे ने कहा कि यह अभियान केवल सफाई का कार्य नहीं, बल्कि तालाब को उसकी मूल सुंदरता और स्वच्छता लौटाने का संकल्प है। वहीं प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं प्रोग्राम डायरेक्टर शशिकांत यदु ने कहा कि महाराजबंध तालाब रायपुर की अमूल्य धरोहर है और इसे संरक्षित करना हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। यह मुहिम तब तक जारी रहेगी जब तक तालाब पूरी तरह स्वच्छ और पुनर्जीवित नहीं हो जाता।

आज नगर निगम डिप्टी कमिश्नर श्री पाण्डेय और जोन कमिश्नर श्री हितेंद्र यादव ने स्थल पर पहुँचकर सफाई कार्यों का निरीक्षण किया और ग्रीन आर्मी के प्रयासों की सराहना की। निगम द्वारा सहयोग स्वरूप आज एक जेसीबी मशीन उपलब्ध कराई गई, किंतु प्रतिदिन आवश्यक संसाधन उपलब्ध न होने की वजह से सफाई कार्य प्रभावित हो रहा है। ग्रीन आर्मी ने स्पष्ट कहा कि नियमित मशीनरी और पर्याप्त जनशक्ति मिलने पर सफाई अभियान की गति दोगुनी हो सकती है। अभियान में स्थानीय नागरिकों, युवाओं और सामाजिक संगठनों के साथ-साथ महिला शक्ति की संख्या भी लगातार बढ़ रही है, जो इस मुहिम को और अधिक प्रेरणादायक और सशक्त बना रही है। आज दोपहर 4 बजे ग्रीन आर्मी टीम द्वारा नगर निगम जोन-6 कार्यालय, भांटा गांव (न्यू बस स्टैंड) में ज्ञापन पुनः सौंपा गया, क्योंकि इससे पहले भी तालाब की नियमित सफाई, मशीनरी तथा सफाई कर्मचारियों की कमी को लेकर कई बार ज्ञापन दिए जा चुके हैं। ग्रीन आर्मी ने पुनः आग्रह किया है कि महाराजबंध तालाब के पूर्ण रूप से स्वच्छ होने तक प्रतिदिन एक जेसीबी मशीन एवं पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराए जाएँ।

प्रदेश का पहला बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल केंद्र बना सहारा

- **अब तक 800 से अधिक बुजुर्गों ने पाई राहत- नि:शुल्क जांच, उपचार और दवा से मिल रही नई उम्मीद**
- **जिला प्रशासन की पहल को बुजुर्गों की भरपूर सराहना**

रायपुर/नवप्रदेश। बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल केंद्र ऐसे संस्थान हैं जो वरिष्ठ नागरिकों को चिकित्सा, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी विशेष सुविधाएँ प्रदान करते हैं, जिनमें नियमित जाँच , विशेषज्ञ परामर्श , दवा प्रबंधन, फिजियोथेरेपी, और घर-आधारित देखभाल सेवाएँ शामिल हैं, ताकि वे स्वतंत्र और आरामदायक जीवन जी सकें।

यह केंद्र सैकड़ों बुजुर्गों को राहत देने वाला भरोसेमंद स्थान बन चुका है

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सरकार के दो साल में स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पानी, सड़क, ग्रामीणों, महिलाओं, किसानों, युवाओं की बेहतरी के लिए अनेक योजनाएं शुरु की है, जिसका परिणाम बेहद सकारात्मक रहा। इसी कड़ी में कोरिया जिले के जिला अस्पताल परिसर बैकुंठपुर में करीब ढाई माह पूर्व शुरू किया गया प्रदेश का पहला बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल केंद्र अब वृद्धजनों के लिए सच्चा सहारा बन गया है। उम्र बढ़ने के साथ बढ़ती पीड़ा, चलने-फिरने में कठिनाई, भीड़ में अस्पताल की लाइन में लगना और छोटे-छोटे उपचारों के लिए घंटों इंतज़ार जैसी परेशानियों को देखते हुए इस विशेष केंद्र की स्थापना की गई थी। परिणामस्वरूप, आज यह केंद्र जिले के सैकड़ों बुजुर्गों को राहत देने वाला भरोसेमंद स्थान बन चुका है।

आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित केंद्र

यह बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल केंद्र अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित है, जिनमें ट्राईसाइकिल, बैलेंस बोर्ड, फुट मसाजर, पैरेलल बार, स्टेयर क्लाइंबिंग मशीन, ट्रेडमिल, मसाज चेयर, ट्रैक्शन मशीन और वेक्स बाथ जैसी सुविधाएँ शामिल हैं। इसके अलावा फिजियोथेरेपी और पंचकर्म जैसी उपचार सेवाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। अब तक करीब 300 बुजुर्ग पंचकर्म उपचार का लाभ ले चुके हैं। केंद्र के खुलने से बुजुर्गों को अब उपचार के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। शांत वातावरण, सहयोगी स्टाफ और समय पर मिल रही सेवाएं उन्हें आत्मविश्वास और राहत दे रही हैं।

बुजुर्गों के अनुभव-मिला सुकून, मिली राहत

77 वर्षीय श्री एस.डी. सिंह ने बताया कि वे एक माह से यहां आ रहे हैं और उपचार से काफी राहत मिली है। वातावरण भी बेहद सहयोगी है, जिससे मानसिक सुकून मिलता है। 71 वर्षीय श्री पी.एस. दावड़े ने कहा कि पैर में जलन की समस्या से परेशान थे। लगभग 10-12 दिन के उपचार से उन्हें काफी फायदा हुआ है।

अब तक 889 बुजुर्ग जांच और उपचार के लिए पहुँच चुके

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशा और स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन में यह केंद्र खोला गया। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने बताया कि सुशासन तभी सार्थक होता है, जब उसका लाभ प्रत्यक्ष रूप से जरूरतमंदों तक पहुँचे। यह केंद्र उसी उद्देश्य की पूर्ति कर रहा है और वरिष्ठ नागरिकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहा है। इस केंद्र का शुभारंभ 1 अक्टूबर, अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर बैकुंठपुर विधायक श्री भईया लाल राजवाड़े द्वारा किया गया था। अक्टूबर से अब तक 889 बुजुर्ग यहाँ जांच और उपचार के लिए पहुँच चुके हैं, जिनमें 371 महिलाएं और 518 पुरुष शामिल हैं।

18 को निकलेगा बाबा गुरू घासीदास सतनाम संदेश यात्रा

भटगांव/नवप्रदेश। नगर में 18 दिसंबर को गुरु घासीदास बाबा की जयंत पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु घासीदास संदेश यात्रा नगर में निकला जाएगा यह संदेश यात्रा प्रगति नगर से अंबेडकर चौक, हाथीथान चौक, मेन रोड से पुराना बस स्टैंड, गायत्री मंदिर, नया हटरी, ब्राह्मण पारा, मौली माता चौक ,कदम चौक, नागवंशी चौक, काली माता चौक होते हुए सतनाम भवन पहुंचेगी जहां ब स्कूल के सामने शाम 7 बजे पालो चढ़ावा का कार्यक्रम होगा फिर रात्रि 9:00 बजे से छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोक कला मंच झांझर एवं पंथी नृत्य की शानदार प्रस्तुति किया जायेगा। इस कार्यक्रम में सभी ईष्ट मित्रों सहित परिवार वालों को इस सतनाम संदेश यात्रा में आने की अपिल किया गया है। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे ने बताया कि 18 दिसंबर को बाबा गुरूघासी जी की सतनाम संदेश यात्रा बड़े धूमधाम से निकाली जायेगी और बाबा गुरूघासी जी के मनखे मनखे एक समान के विचार धारा को जन जन तक पहुंचाने के लिए यह सतनाम संदेश यात्रा निकाली जायेगी साथ ही सभी ईष्ट मित्रों को इस सतनाम संदेश यात्रा में अधिक से अधिक आने की अपिल की है।

आवारा कुत्तों के रोकथाम के लिए जनपद स्तरीय कार्यशाला संपन्न

महासमुंद/नवप्रदेश। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन के लिए जनपद पंचायत महासमुंद में आवारा कुत्तों के प्रबंधन एवं जनसुरक्षा को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग, पशुधन विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी तथा ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

कार्यशाला में अधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों को बताया गया कि खेल परिसरों, स्कूलों, अस्पतालों, बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशनों को आवारा कुत्तों से सुरक्षित रखने के लिए फेंसिंग, गेट

एवं नियमित निगरानी अनिवार्य है। आवारा कुत्ते पाए जाने की स्थिति में उन्हें पशु जन्म नियंत्रण नियम 2023 के अनुसार हटाकर टीकाकरण व नसबंदी के बाद आश्रय स्थलों में शिफ्ट करने, वापस उसी क्षेत्र में न छोड़ने तथा संपूर्ण डाटा संधारित करने के निर्देश दिए गए।

साथ ही अस्पतालों में एंटी रेबीज टीके की उपलब्धता, हाट-बाजारों में अपशिष्ट प्रबंधन, नियमित निरीक्षण व्यवस्था तथा हेल्पलाइन नंबर 1100 पर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध निराकरण की प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई। अधिकारियों को यह भी अवगत कराया गया कि माननीय न्यायालय द्वारा किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा।

कार चालक ने उड़ाया धूल का गुबार, आधे घंटे रहा प्रदूषण

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। स्टंटबाज कार चालक की लापरवाही पूर्वक गाड़ी चला धूल का गुबार उठाना मंहगा पड़ा और पुराना बस स्टैंड के समीप दुकानदारों सहित आम जनता ने मौके वारदात पर जाकर कार चालक को ऐसा कृत्य करने से रोका। बताया जाता है कि 12 दिसंबर के रात्रि लगभग 7 बजे अचानक है हाई स्कूल ग्राउंड से धूल का गुबार उठते हुए पुराना बस स्टैंड, गोल बाजार, नया बस स्टैंड रोड में हवा में धूल ही धूल आने लगी जिससे आवागमन करने वालो सहित दुकानदारों को आधे घंटे परेशानियों का सामना करना पड़ा। नगर में धूल का गुबार उठाने वाले स्टंटबाज कार चालक व उसके साथी का वीडियो व फोटो तेजी से वायरल हुआ और कार के नंबर प्लेट से सीजी 04 रायपुर पासिंग की गाड़ी का पता बताया जा रहा है।

स्टंटबाज की कलाकारी देखने मौजूद थे लोग : बताया जाता है कि स्टंटबाज कार चालक की स्टंटबाजी देखने के लिए नगर के कुछ नासमझ थे जो इंसान की ब्रम्हात्र मानी जाने वाले मोबाईल केऐप इंस्टाग्राम और फेस बुक की नकल पर समाज के कई लोगों को तकलीफपहुंचा अपने हीरो और अपने आप को परेशानियों में डालने वाला कार्य करते हैं।

मनरेगा अन्तर्गत प्रोजेक्ट उन्नति से आत्मनिर्भर बनेंगे युवा, राजमिस्त्री का ले रहे प्रशिक्षण

छुरा/नवप्रदेश। प्रतिभागियों को राजमिस्त्री संबंधित सभी तकनीकी पहलुओं की जानकारी व्यावहारिक रूप से दी जा रही महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत शुरू किए गए प्रोजेक्ट उन्नति 2.0 कार्यक्रम के तहत गरियाबंद जिले में ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गरियाबंद के श्री प्रखर चन्द्रकार के निर्देशन में इस योजना का क्रियान्वयन तेजी से हो रहा है।

इसी क्रम में जनपद पंचायत छुरा के ग्राम पंचायत बिरनीबाहरा के 35 युवाओं को ऋस्श्वङ्गद्ब (ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान) के माध्यम से राजमिस्त्री का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 10 दिसंबर से प्रारंभ हुआ है, जिसका उद्देश्य युवाओं को कौशल आधारित रोजगार से जोड़ना और उन्हें अतिरिक्त आय का अवसर उपलब्ध कराना है। मिशन प्रोजेक्ट उन्नति 2.0 का मुख्य लक्ष्य ग्रामीणों को मनरेगा के 60 दिवस रोजगार पूर्ण करने के बाद कौशल विकास से जोड़ना है, ताकि वे रोजगार के अधिक स्थायी स्रोतों से जुड़ सकें।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को दिया गया राजमिस्त्री उपकरण कीट

उन्नति 2.0 के तहत शुरू किया गया यह कौशल विकास प्रशिक्षण छुरा विकासखण्ड के युवाओं के जीवन में बड़ा बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल किया जा रहा है। यह कार्यक्रम उन्हें केवल कौशल ही नहीं बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर देगा। प्रशिक्षण के दौरान समस्त प्रतिभागीयों के उनके आवश्यकता को देखते हुए आवश्यक राजमिस्त्री उपकरण कीट की प्रदाय किया गया है।

युवाओं को इसमें प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को राजमिस्त्री के कार्य से संबंधित सभी तकनीकी पहलुओं की जानकारी व्यावहारिक रूप से दी जा रही है। प्रशिक्षक उन्हें निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास स्थलों पर ही नाप-जोख ईंट जोड़ाई, प्लास्टरिंग, फ्लोरिंग, लेवलिंग, कॉलम निर्माण सहित भवन निर्माण से जुड़े सभी जरूरी कौशलों का प्रशिक्षण दे रहे हैं।

योजना के अनुसार रोजाना 261 रुपए की मजदूरी भी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रतिभागियों को दिया जा रहा है:- इस प्रशिक्षण के पीछे एक और महत्वपूर्ण उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत हो रहे आवास निर्माण में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करना है। जिले में कुशल राजमिस्त्रियों की कमी के कारण कई बार निर्माण की गुणवत्ता प्रभावित होती है। ऐसे में यह प्रशिक्षण न केवल युवाओं को रोजगार के अवसर देगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में कुशल श्रमिकों की उपलब्धता भी सुनिश्चित करेगा। प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रतिभागियों को योजना के अनुसार प्रतिदिन 261 रुपए की मजदूरी प्रदान की जाएगी, जिससे प्रशिक्षण के दौरान भी उन्हें आर्थिक राहत मिलती रहे। बताया कि प्रोजेक्ट उन्नति 2.0 के तहत अब 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे ग्रामीण, जिन्होंने मनरेगा के 60 दिवस रोजगार पूर्ण कर लिए हैं, प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।

सरकारी और निजी निर्माण कार्यों में मिलेगा अवसर प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री आवास निर्माण स्थलों पर प्रत्यक्ष प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे उन्हें कार्य का वास्तविक अनुभव मिल सके। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद सभी प्रतिभागी प्रधानमंत्री आवास समेत अन्य सरकारी और निजी निर्माण कार्यों में राजमिस्त्री के रूप में कार्य कर सकेंगे। इससे न केवल उनकी आय बढ़ेगी बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में कुशल मिस्त्रियों की उपलब्धता भी बनी रहेगी।

दैहिक शोषण कर अन्य महिला से शादी युवक को हुई 5 वर्ष की सजा

भाटापारा/नवप्रदेश। पीड़िता के साथ विवाह करने का मिथ्या वचन देकर 8 वर्षों तक शारीरिक संबंध बनाने फिर धोखा देकर दूसरी शादी कर लेने के आरोप में ग्राम सिंगारपुर निवासी अभियुक्त प्रमेंद्र यदु को अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा सतीश कुमार जायसवाल ने पांच वर्ष का कठोर कारावास एवं आर्थिक दण्ड से दंडित किया।

सिविल कोर्ट भाटापारा के अपर लोक अभियोजक कैलाश यादव ने इस प्रकरण के बारे मे बताया कि पीड़ित द्वारा दिनांक 28.02.2025 को थाना मे उपस्थित होकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी प्रमेंद्र यदु वर्ष 2018 से 14.02.2025 तक लगातार 8 वर्षों तक शादी का प्रलोभन देकर उसकी इच्छा के विरुद्ध जबरन शारीरिक संबंध बनाया। पुलिस द्वारा आरोपी को थाना बुलाये जाने पर उसने तरेंगा स्थित मन्दिर मे जाकर हिंदू रीति – रिवाज से आरोपी ने पीड़ित से विवाह कर लिया। आरोपी को पीड़ित द्वारा शादी का पंजीयन कराने बोलने पर दिनांक 28.02.2025 तक करा लेने का आश्वासन दिया था, किंतु नही कराया। आरोपी ने पीड़ित से कुछ पेपरों मे उसका हस्ताक्षर कराया तथा उसे जान से मारने की धमकी देते हुए आश्लील गाली गलौच कर मारपीट करते हुए अपने घर से निकाल दिया। कुछ दिन बाद आरोपी भूमिया गाँव की किसी अन्य लड़की से शादी करने के लिए सगाई कर लिया। पीड़ित को जानकारी होने पर उसने आरोपी को फोन कर जानकारी लेना चाही लेकिन आरोपी और उनके परिवार वाले पीड़ित के घर जाकर उससे गाली गलौच करते हुए मारपीट किया तथा कुछ दिन बाद पीड़ित को जानकारी दिये बिना आरोपी ने दूसरी शादी कर लिया। जिस पर पीड़िता की उक्त रिपोर्ट के आधार थाना भाटापारा ग्रामीण में आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया तथा विवेचना में गवाहों के कथन लेख, जप्ती, नक्शा, मुलाहिजा आदि घटना की संपूर्ण विवेचना पूर्ण कर चालान न्यायालय के समक्ष पेश किया।

गोरेगांव के छात्र-छात्राओं ने जंगल सफारी देखा

नगरी/नवप्रदेश। समीपस्थ शासकीय माध्यमिक शाला -गोरेगांव के समस्त छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक/भौगोलिक भ्रमण में नया रायपुर के लिए प्रस्थान किया ! वहां जंगल सफारी जू (चिड़ियाघर),आदिवासी संग्रहालय, शहीद वीर नारायण सिंह फ्रीडम फाइटर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के स्टैचू, संग्रहालय आदिवासी कल्चर पुरखौती मुक्तांगन ,हवाई अड्डा आदि का दर्शन पाकर सभी विद्यार्थी खूब आनंदित हुए।जंगल सफारी में विभिन्न प्रकार के जंगली जानवर चीता,भालू बारहसिंगा , नीलगाय, लोमड़ी ,सफेद बाघ,काला हिरण ,चिंकारा, सांभर लकड़बग्घा आदि स्वतंत्र अवस्था में देखकर बच्चे काफी रोमांचित गदगद हुए ।कौशल प्रसाद ध प्रधान पाठक माध्यमिक शाला गोरेगांव के निर्देशन में शैक्षणिक भ्रमण दल में शिक्षक राकेश कुमार कोसरिया, चंद्रप्रभा साहू ,गीतांजलि मेश्राम प्रबंधन समिति के सदस्य देवकी बंजारे किरण बनपेला, तुलसी साहू, ईश्वरी ऐल्मा, गंगा यादव, ऋषिकेश साहू सफाई कर्मी व रसोइयों ने सभी भ्रमण दल के सदस्यों को सब्जी पूरी परोसा गया। प्रधान पाठक के पी साहू ने समस्त भ्रमण दल को आभार व्यक्त किया। रात्रि 10:00 बजे सकुशल गोरेगांव मुख्यालय वापस हो गए। शैक्षणिक भ्रमण आनंददाई रहा।

नवकिरण अकादमी एवं जिला ग्रंथालय का निरीक्षण

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए संचालित नवकिरण अकादमी व शासकीय जिला ग्रंथालय महासमुंद का औचक निरीक्षण सहायक जिला परियोजना अधिकारी सह नोडल अधिकारी प्रमोद कुमार कन्नौजे ने किया। जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी डी. बसंत साव ने बताया कि 8 टेस्ट सीरीज के क्रम में छठवां टेस्ट पेपर मेगा टेस्ट-1 (भारत का सामान्य अध्ययन एवं छत्तीसगढ़ का सामान्य अध्ययन) का हुआ। जिसमें कुल 100 नंबर का पेपर हुआ। इसमें इतिहास, भूगोल, संविधान, आर्थिक सर्वेक्षण, अर्थशास्त्र, विज्ञान, दर्शनशास्त्र, कला संस्कृति, करेंट अफेयर्स, पर्यावरण एवं छत्तीसगढ़ के सामान्य अध्ययन आदि के प्रश्न पूछे गए थे।

केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल व स्वामी चिदानंद सरस्वती ने किया सम्मानित

डोंगरगांव/नवप्रदेश। पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले डोंगरगांव के पर्यावरण प्रेमी भोज कुमार साहू को गुरुवार को नई दिल्ली में जल शक्ति मंत्रालय द्वारा 'जल प्रहरी सम्मान 2025' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल एवं स्वामी चिदानंद सरस्वती द्वारा मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र एवं जल प्रहरी पुस्तक भेंट कर प्रदान किया गया। भोज कुमार साहू वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव में रेडियोग्राफर के पद पर कार्यरत हैं। उनकी इस उपलब्धि से न केवल डोंगरगांव बल्कि पूरे जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ है।

वाटर रिचार्ज सिस्टम तैयार

जल शक्ति मंत्रालय, नीति आयोग, नमामि गंगे मिशन एवं राष्ट्रीय जल मिशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस राष्ट्रीय समारोह में देशभर से चयनित जल प्रहरी सम्मानित किए गए। भोज साहू ने जनसहयोग से वाटर रिचार्ज सिस्टम तैयार कराया, जो अब अन्य संस्थानों और क्षेत्रों के लिए प्रेरणादायी मॉडल बन चुका है।

जागरूकता अभियान

बढ़ते जल संकट और वायु प्रदूषण को देखते हुए भोज साहू ने रायपुर, भोपाल और नागपुर जैसे शहरों में मास्क पहनकर और हाथ में पौधा लेकर जन-जागरूकता अभियान चलाया।

7 हजार से अधिक पौधे लगाए

भोज साहू वर्ष 2010 से अब तक 7 हजार से अधिक पौधे रोपित कर चुके हैं। वे विवाह, नामकरण संस्कार जैसे आयोजनों में उपहार के साथ पौधा देना अनिवार्य मानते हैं।

सी.सी. रोड निर्माण से विकास को नई गति मिलेगी : शिवरतन

■ **सी. रोड निर्माण से वार्डवासियों की वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी :अश्वनी शर्मा**

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर के विकास हेतु विभिन्न वार्डों में सी.सी. रोड निर्माण कार्यों का भूमिपूजन कार्यक्रम गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए। पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा एवं पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने उपस्थित रहकर वार्ड वासियों को बधाई दी। शहर के मुंशी स्माईल वार्ड में सी.सी. रोड निर्माण कार्य चंद्रिका सेन से सौरापारा तक तथा सुरदास मंदिर से झरना तक किया जाएगा, जिसकी कुल लागत क्रमशः 1.98 लाख रुपये एवं 3.08 लाख रुपये निर्धारित है।वही सदर वार्ड में

जमात खाना गली में 5.66 लाख की लागत से सी.सी. रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया।

भूमिपूजन कार्यक्रम में उपस्थित वार्ड वासियों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा— नगर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण हमारी प्राथमिकता रही है। सी.सी. रोड निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र के विकास को भी नई गति मिलेगी। पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने अपने संबोधन में कहा— नगरवासियों की आवश्यकताओं को केंद्र में रखते हुए विकास कार्यों को योजनाबद्ध एवं तेज़ी से क्रियान्वित किया जा रहा है। सी.सी. रोड निर्माण कार्य वार्डवासियों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करेगा तथा दैनिक जीवन को अधिक सुविधाजनक बनाएगा।

इस अवसर पर पार्षद बब्बू मंधान, श्रेणिक गोलछा, नंदु वैष्णव भुवन सिंह ठाकुर, चन्द्रशेखर चक्रधारी, उमाशंकर वर्मा, जमील खान, दशरथ साहू, सलीम खान, जयप्रकाश उपाध्याय, नदीम खान,लड्डु सोनी, राकेश उपाध्याय, हारून खान, पुरषोत्तम यदु, नारू सेन, नीरा साहू संटी उपाध्याय, राजेश अग्रवाल, राकेश उपाध्याय, सलीम खान, नदीम भाई, लालाराम गुप्ता, नरेश गुप्ता, चेतन गुप्ता, काके थड़वानी, राजेश मंत्री, पंकज केशरवानी, कीर्तन जायसवाल, आशीष टोडर,अमीत मिश्रा, जुगल गुप्ता, पंकज कामनानी, निखिल उपाध्याय, जयप्रकाश उपाध्याय, राधाकिशन अग्रवाल, जमील खान, गफ्फार गौड़, नाजिम खान, नज़्जा (हाजी) इरफान मेमन, शाहिद खान, मोहम्मद रफी, हाजी शमसुद्दीन खत्री, साकिर खान, दीपक अग्रवाल, राजू अग्रवाल एवं वार्ड वासी उपस्थित थे।

क्रिकेट प्रतियोगिता में मोपकी टीम विजेता बनी

भाटापारा/नवप्रदेश। ग्राम-धुर्राबाँधा में सात दिसम्बर से चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में मोपकी टीम ने मोपका की टीम को हराकर विजेता ट्राफी प्राप्त की।इस आयोजन में कुल 32 टीमों ने भाग लिया।

मैच के समापन अवसर पर मुख्यअतिथि जिला पंचायत सभपति श्रीकांत राजा जायसवाल ने कहा कि खिलाड़ियों को पूर्ण अनुशासन में रहते हुए खेल को खेल भावना से खेलते हुए आगे बढ़ना चाहिए वर्तमान समय मे युवा परंपरागत खेलों से दूर होते जा रहें है जो उनके लिए सही नही है ! युवाओं को खेलो के प्रति प्रोत्साहित कर उन्हें खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित करना चाहिए खेलों के जरिये देश के अनेक युवाओं से बेहतर प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र व देश का नाम रोशन किया हैं जिनसे प्रेरणा लेकर युवाओं को भी आगे बढ़ाने के लिए कठिन परिश्रम करना चाहिए

इस मौके पर सोसायटी अध्यक्ष व भाजपा ग्रमीण मंडल उपाध्यक्ष दिनेश वर्मा , पवन वर्मा, नागेश वर्मा, हेमन्त वर्मा,अभिषेक मांडले,विक्की,राकेश,हेमलाल, सुखरतन पाल, पुनीत पटेल, पोषण, विनोद पटेल, सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी और आसपास के ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

बैठक | **पांच दिवसीय आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियां, मंदिर परिसर का हो रहा रंग-रोगन**

1 फरवरी से शुरू होगा ऐतिहासिक कर्णेश्वर मेला महोत्सव का आयोजन

मेला को भव्य स्वरूप देने ट्रस्ट की बैठक सम्पन्न

नगरी/नवप्रदेश। क्षेत्र की आस्था और परंपरा का प्रतीक ऐतिहासिक कर्णेश्वर मेला महोत्सव का आयोजन इस वर्ष 1 फरवरी से 5 फरवरी तक किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर कर्णेश्वर ट्रस्ट की बैठक रविवार को ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें मेला महोत्सव को परंपरागत एवं भव्य स्वरूप में आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

जिसमे बैठक में जानकारी दी गई कि मेला महोत्सव का शुभारंभ 31 जनवरी को सायंकाल कर्णेश्वर महादेव एवं चित्रोत्पला गंगा की

विधिवत पूजा-अर्चना के साथ होगा। इसके पश्चात मध्यरात्रि में बालका एवं महानदी के संगम पर शाही पुन्नी स्नान का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सिहावा अंचल सहित ओडिशा एवं बस्तर क्षेत्र से देवी-देवताओं का अपने देव विग्रहों के साथ आगमन होगा। इस आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के अनुसार 1 फरवरी को पूर्णिमा स्नान तथा 2 फरवरी को पारंपरिक मड़ई का आयोजन होगा। इस दिन परंपरा अनुसार देवी-देवताओं द्वारा मेला परिक्रमा की जाएगी। बैठक में मंदिर परिसर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्हें मेला प्रारंभ होने से पूर्व पूर्ण करने का निर्णय लिया गया।

ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मेला महोत्सव को सुव्यवस्थित एवं भव्य बनाने के लिए ट्रस्ट द्वारा चाक-चौबंद तैयारियां की जा रही हैं। मेला क्षेत्र में लाइट, माइक, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मंदिर परिसर का रंग-रोगन व चित्रकारी, पेयजल, भोजन व्यवस्था, वाहन पार्किंग सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। मेला के स्वरूप को अंतिम रूप देने हेतु आगामी बैठक में बाजार, वाहन पार्किंग एवं मीना बाजार की नीलामी की जाएगी। बैठक के दौरान वरिष्ठ ट्रस्टी कलम सिंह पवार, उत्तम साहू, के.एस. श्रीमाली एवं झाडूराम यादव के दिवंगत होने पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ ट्रस्टी प्रकाश बैस,जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा, उपाध्यक्ष रवि दुबे, रवि ठाकुर, कोषाध्यक्ष निकेश ठाकुर, सचिव भरत निर्मलकर सह सचिव रामभरोसे साहू, मोहन पुजारी, आनंद अवस्थी, नागेंद्र शुक्ला, छबि ठाकुर, गगन नाहटा, मोहन नाहटा, पेमन स्वर्णबेर, प्रेमलता नागवंशी, मिलेश साहू, खम्मन अडील,दुर्गेश साहू, अनिरुद्ध साहू, बबलू गुप्ता, महेंद्र कौशल, अश्वनी निषाद, ललित निर्मलकर, टेश्वर, राकेश चौबे, डोमार, रवि,प्रकाश सार्वा, संतु राम साहू, प्रमेश, विनोद गोस्वामी आदि की उपस्थिति रही।

जल स्वच्छता एवं फसल संगोष्ठी का आयोजन

डोंगरगांव/ नवप्रदेश। जिले में भू जल स्तर के लगातार गिरावट के मद्देनजर ग्राम पंचायत कुमरदा, जनपद पंचायत छुरिया, जिला राजनांदगाँव में जल स्वच्छता एवं फसल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे विशेष रूप से स्थानीय कृषको को आमंत्रित कर फसल चक्र परिवर्तन कर जनभागीदारी के साथ जल संरक्षण, भू जल रिचार्ज , कृषि एवं आजीविका संवर्धन सम्बन्धित गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके द्य इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रीष्मकालीन में जल स्तर के गिरावट को ध्यान में रखते हुए रबी सीजन में धान के स्थान पर कम पानी वाले फसल जैसे, मक्का, चना, गेहूं मुंग आदि फसल लेने हेतू सहमति जताया गया! और कृषको से अपील व साथ ही साथ प्रस्ताव भी पारित किया गया द्य जल संरक्षण के लिए ग्राम पंचायत में की गई यह पहल प्रेरक है द्य इसकी जगह कम पानी उपयोग वाली अन्य दलहन, तिलहन फसल के लिए प्रोत्साहित किया गया द्य पानी बचाने के लिए ग्राम पंचायत में जन जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया द्य किसानो को धान के बदले दलहन, तिलहन लघु धान्य फसल अंतर्गत मक्का, रागी, गेहू, चना एवं

अन्य फसल लगाने के लिए प्रेरित किया गया द्य उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के लिए सामुदायिक सोखता का निर्माण किया जा रहा है द्य वर्षा जल संचयन के लिए मिनी परकोलेशन टैंक,निजी सोकपीट का निर्माण, बोरी बंधान कार्य, गेबियन स्ट्रक्चर जैसे कार्यों का निर्माण किया जा रहा है द्य इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु मुख्यरूप से ग्राम पंचायत कुमरदा सरपंच नूनकरण भुआर्य फुलबासन बाई, स्वच्छता दीदी, कृषि विभाग, विद्युत विभाग, जल संसाधन विभाग, ग्रामीण पंचायत विभाग एवं ग्राम के कृषक वा ग्राम पटेल कान्ति लाल साहू, हिरा सेन, भूपेंद्र सिंह राजपूत की भूमिका रही।

न्यूज गैलरी

कोरबा पहुंचे दंतैल हाथियों ने तवरिहा गांव में मचाया उत्पात

कोरबा/नवप्रदेश। गौरेला पेण्ड्रा मरवाही जिले से विचरण करते हुए कोरबा पहुंचे दंतैल हाथियों ने शनिवार की रात पसान रेंज के तवरिहा गांव में उत्पात मचाते हुए जहां एक ग्रामीण के घर को ढहा दिया। वहीं एक अन्य ग्रामीण के घर के सामने के हिस्से को क्षतिग्रस्त कर दिया है। हाथियों का आतंक क्षेत्र में लगातार बढ़ता जा रहा है। जानकारी के अनुसार तीन दंतैल हाथी इस माह मरवाही रेंज की सीमा को पार कर पहुंचे हैं। तब से लगातार क्षेत्र में उत्पात मचाकर ग्रामीणों तथा वन के नाक में दम कर रखा है। हाथी प्रतिदिन किसी न किसी गांव में प्रवेश कर खलिहान में रखे धान को चट कर रहे हैं। जिससे उन्हें आर्थीक नुकसान भी झेलना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा सुरक्षा की गुहार लगातार लगाई जा रही है लेकिन न तो वन विभाग उन्हें राहत दे रहा है और न ही प्रशासन। क्षेत्र में मौजूद उत्पाती हाथी ऐसे समय में ग्रामीणों के धान को नुकसान पहुंचा रहे है जब ग्रामीण उसे खेतों से काटकर खलिहान में ले आते हैं और उसे मिसाई कर धान खरीदी केंद्रों में बिक्री के लिए ले जाने की तैयारी में रहते हैं। पीड़ित ग्रामीणों द्वारा तवरिहा में दंतैल हाथियों के आने तथा घर तोड़े जाने की सूचना दिये जाने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी सुबह मौके पर पहुंचकर नुकसानी का आकंलन करने के साथ रिपोर्ट तैयार की। इससे पहले हाथियों ने तरईनार गांव में पहुंचकर दो ग्रामीणों के घर को निशाना बनाया था। इस घटना में मकान मालिक व उसके परिवार के सदस्य बाल-बाल बच गये थे।

पत्नी से विवाद के बाद टावर पर चढ़ा युवक

कोरबा/नवप्रदेश। एक युवक की पत्नी से वाद विवाद हो जाने पर परेशान पति ने आत्महत्या करने की नियत से मोबाइल टावर पर चढ़ गया और घंटों हंगामा करता रहा पुलिस की टीम को जब इसकी सूचना मिली तो पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंची और किसी तरह से समझा बुझाकर युवक को नीचे उतारा गया। तब जाकर पुलिस की टीम ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार रजगामार चौकी अंतर्गत रावणभांटा निवासी करण चौहान घरेलू विवाद से आहत होकर रविवार की दोपहर लगभग 3 बजे मोहल्ले में लगे जिओ टावर पर चढ़ गया और हंगामा शुरु कर दिया। युवक की गतिविधियों को देखकर स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को इसकी सूचना रजगामार चौकी पुलिस को दी। घटना की खबर फैलते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। मौके पर पहुंचे परिजन और मुहल्ले वासी व पुलिस की टीम ने करण को किसी तरह समझाइश दी और उसे टावर से नीचे उतारा गया और उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

स्वदेशी संकल्प यात्रा 20 को दुर्ग में

दुर्ग/नवप्रदेश। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में निकाली जा रही राष्ट्रव्यापी ÷स्वदेशी संकल्प यात्रा÷ का 20 दिसम्बर को दुर्ग में समापन होगा। इसकी तैयारियों को लेकर दुर्ग में हुई बैठक में जानकारी दी गई कि इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री के शामिल होने की भी संभावना है। कैट दुर्ग जिला इकाई अध्यक्ष प्रकाश सांखला ने बताया कि कैट द्वारा नागपुर से प्रारंभ की गई। स्वदेशी संकल्प यात्रा एक राष्ट्रव्यापी अभियान है, जो देशभर में लगभग 25,000 किलोमीटर का सफर तय करेगी। यह यात्रा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वदेशी अपनाओ ङ्क आत्मनिर्भर भारत बनाओ के आह्वान को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से निकाली जा रही है।

10वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

भिलाईनगर/नवप्रदेश। मोहन नगर थाना अंतर्गत बीती रात एक दसवीं की छात्रा ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह घर की सबसे बड़ी बेटी है। उसने आत्मघाती कदम क्यों उठाया है स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है। मोहननगर पुलिस ने बताया कि छात्रा दिशा माथनकर (15 वर्ष) निवासी सिकोला बस्ती दुर्ग के आगे जयंती नगर सड़क नंबर 1 ने 13 दिसंबर की दोपहर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । मृत छात्रा पब्लिक दुर्ग स्कूल दुर्ग में अध्यनरत थी। दिशा सहित चार लोगों का परिवार है जो जयंती नगर में किराए के मकान में रहता है। दिशा किराए की दुकान में टेलरिंग का कार्य करती है। पड़ोसियों ने अनुसार डॉक्टर ने बताया कि 2 बजे के आस पास मौत हुई है। बताया जा रहा है। कि दिशा परिवार की बड़ी बेटी थी। उसकी मां सिलाई का काम करती हैं, और उनकी एक छोटी-सी टेलर की दुकान भी किराए की है।

मंडी की टीम ने 66 हजार अवैध धान किया जब्त

जगदलपुर/नवप्रदेश। प्रशासन के निर्देश पर सीमावर्ती इलाकों में कृषि उपज मंडी जगदलपुर की टीम धान का अवैध परिवहन रोकने के लिए लगातार कड़ी निगरानी की जा रही है। इसलिए मंडी की ओर से सीमावर्ती राज्य के धनपूंजी बेरियर एवं जिले में ओडिशा से आने वाले मालवाहक को रोककर तलाशी की जा रही है। इसी दौरान मुखबीर की सूचना पर मंडी के निरीक्षक वीरेन्द्र दिल्लीवार ने धनपूंजी से आड़ावाल रेलवे क्रासिंग के पास बायपास में सुबह लगभग 10.10 बजे बड़ा पिकअप क्रमांक सीजी 17 केएक्स 9547 को रोका। उसमें 66332 रूपए का 70 बोरा 24 क्विंटल अवैध धान को परिवहन करते पाया।

किसानों के लिए तुंहर टोकन ऐप अब 24 घंटे उपलब्ध

सुकमा/नवप्रदेश। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तूहर टोकन ऐप को अब 24म7 खोल दिया गया है। अब मोबाइल एप

से टोकन काटने के लिए किसी निर्धारित समय की बाध्यता नहीं रहेगी। किसान दिन-रात किसी भी समय अपनी सुविधा के अनुसार टोकन बुक कर सकेंगे। अब किसान 13 जनवरी तक अगले 20 दिनों तक के लिए टोकन ले सकते हैं। इससे किसानों को धान विक्रय की योजना बनाने और टोकन प्राप्त करने में पर्याप्त समय मिलेगा तथा भीड़ और तकनीकी दबाव की समस्या से राहत मिलेगी। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा 2 एकड़ एवं 2 एकड़ से कम रकबा वाले किसान अब 31 जनवरी तक तूहर टोकन ऐप से टोकन ले सकेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर लघु किसनों के लिए यह सुविधा मुहैया कराई गई है। उल्लेखनीय है कि टोकन प्रत्येक सहकारी समिति को आबंटित सीमा के भीतर ही जारी किए जाएंगे। किसानों से आग्रह है कि वे समय रहते तूहर टोकन ऐप के माध्यम से टोकन प्राप्त करें और किसी भी असुविधा से बचें।

ठंडी हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन, आने वाले दिनों में मिलेगी राहत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड के बीच लोगों के राहत मिलेगी। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अगले चार दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की हल्की वृद्धि हो सकती है।

छत्तीसगढ़ में ठंड से मिलेगी राहत

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अगले चार दिनों में प्रदेश भर में न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की हल्की वृद्धि होने की संभावना है, हालांकि, इस राहत के बाद तापमान में फिर से गिरावट दर्ज की जा सकती है। फिलहाल अगले दो दिनों तक प्रदेश में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है।

सामान्य से चार डिग्री कम रहा तापमान

राजधानी रायपुर के बाहरी इलाकों में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। मौसम विभाग द्वारा जारी ताजा रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार और रविवार के दरमियान पिछले 24 घंटों में माना एयरपोर्ट पर न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। यहां का न्यूनतम पारा गिरकर 9 ।4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है।

रायपुर में छाया कोहरा

राजधानी रायपुर के मौसम को लेकर विभाग ने स्थानीय पूर्वानुमान जारी किया है। इसके मुताबिक, सोमवार को शहर में सुबह के वक्त कोहरा या धुंध छाये रहने की संभावना है, जबकि बाद में आसमान मुख्यत साफ रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, अगले चार दिनों तक तापमान में हल्की चढ़ाव के चलते ठंड का असर थोड़ा कम महसूस होगा, लेकिन इसके बाद फिर से सर्दी बढ़ने के आसार हैं। रायपुर में अधिकतम तापमान 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है।

अंबिकापुर में सबसे ज्यादा ठंड

अंबिकापुर प्रदेश में सबसे ज्यादा ठंडा रहा। यहां पारा 5 ।3 डिग्री रहा। अगले 24 घंटे में कुछ जिलों में शीतलहर चलने की संभावना है।

राजनांदगांव ब्लाक में पिछले साल की तुलना में इस साल 350 रजिस्ट्री कम

खैरागढ़, छुईखदान जैसे ब्लाकों में भी रजिस्ट्री में गिरावट

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा कलेक्टर दर में तीस फीसदी छूट बंद कर भले ही राजस्व में इजाफा कर लिया गया है। लेकिन दूसरी ओर रजिस्ट्र के आंकड़े पर गौर करे तो राजनांदगांव, खैरागढ़, छुईखदान जैसे ब्लाको में रजिस्ट्री में गिरावट आई है। हांलाकि अन्य ब्लाको में तेजी भी बनी हुई हैं। पिछले साल के अपेक्षा इस बार 788 रजिस्ट्री अधिक दर्ज की गई हैं।

जानकारी अनुसार राज्य शासन द्वारा पिछले दो साल से कलेक्टर दर में तीस फीसदी छूट समाप्त कर दिया गया हैं। जिसके चलते ही पिछले साल 43 करोड़ 20 लाख से बढ़कर राजस्व इस बार 51 करोड़ 79 लाख रूपए खजाने में राजस्व मिले है, इस तरह जिला पंजीयक को करीब 12 करोड़ रूपए से अधिक का राजस्व इस बार प्राप्त हुआ है। राजनांदगांव की ही बात करे तो ब्लाक में पिछले साल से 340 रजिस्ट्री कम हुई है। जबकि राजस्व 43 करोड़ से बढ़कर 51 करोड़ प्राप्त हुआ है। इससे स्पष्ट है कि तीस फीसदी छूट बंद करने से खजाने में राजस्व अधिक आई हैं। हांलाकि जमीन से जुड़े लोगों का कहना है कि, सरकार द्वारा पांच डिसमिल से कम की छोटी जमीन की बिक्री पर रोक लगाई गई है। जिससे खरीदी बिक्री में कमी आई हैं। जिला पंजीयक से जानकारी के मुताबिक, पिछले साल अप्रैल माह से नवंबर तक जिला पंजीयक को तीनों जिले से 70 करोड़ 67 लाख 25 हजार रूपए राजस्व मिला था, जबकि इस साल यह आंकड़ा बढ़कर 82 करोड़ 27 लाख पहुंच गया हैं। इस तरह गत वर्ष की तुलना में इस बार राजस्व में 11 करोड़ 59 लाख 76 हजार रूपए की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई हैं।

तीन ब्लाक में रजिस्ट्री कम, लेकिन राजस्व ज्यादा

जानकारी के अनुसार, राजनांदगांव में पिछले साल अप्रैल से नवंबर तक 6845 रजिस्ट्री दर्ज की गई थी। जबकि इस साल यह कम होकर 6505 ही रही। वहीं खैरागढ़ में पिछले साल 2694 रजिस्ट्री हुई, जो घटकर 2690 हो गई। छुईखदान में भी 1259 से कम होकर 1226 हो गई। जबकि राजस्व की बात करे तो राजनांदगांव में 43 करोड़ से बढ़कर 51 करोड़, खैरागढ़ में 8 करोड़ चार लाख से बढ़कर 9 करोड़ 11 लाख और छुईखदान में 4 करोड़ 40 लाख से 4 करोड़ 53 लाख रूपए हो गया। इसी तरह डोंगरगढ़ में 1498 से 1567 रजिस्ट्री बढ़ी हैं। डोगरगांव में सबसे ज्यादा बढ़ोत्तरी होकर 721 से 1466 रही। छुरिया 1027 से 1151 व अंबागढ़ चौकी में 416 से 555 और मोहला 279 से 314, गंडई 818 से बढ़कर 871 रजिस्ट्री हुई हैं।

7 साल बाद बढ़ी कलेक्टर दर, मांगे फिर सुझाव

राज्य शासन द्वारा पूरे सात साल बाद अचानक कलेक्टर दर बढ़ाए गए है। जिसे लेकर रियल स्टेट कारोबार और जमीन खरीददारों में खलबली मची है। इसमें राहत देते हुए विगत दिनों शासन द्वारा प्लैट और स्लैब रेट पूर्व की तरह कर दी है। हांलाकि कलेक्टर दर बढ़े अनुसार लागू है, जिसे लेकर लोगो में नाराजगी है। हांलाकि शासन द्वारा 31 दिसंबर तक प्रदेशभर के जिला पंजीयको से सुझाव मांगे गए हैं।

शेयर मार्केट में पैसे डबल करने का झांसा देकर 18 लाख की धोखाधड़ी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शेयर मार्केट में 2 साल में पैसे डबल करने का झांसा देकर 18 लाख रुपए की धोखाधड़ी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है। बसंतपुर पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मुकुंद पांडे पिता कल्याण गोविंद पांडेय उम्र 56 वर्ष निवासी दुर्ग ने थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि वह टॉप वर्थ पावर प्लांट रसमड़ा जिला दुर्ग में कार्य करता है। जहां गोकुलधाम सोसायटी गोकुल नगर राजनांदगांव के थाने में दर्ज कराई गई एफआईआर धनीराम सिन्हा का आना-जाना लगा रहता था। धनीराम ने अपने को शेयर मार्केट का जानकारी बात कर दो साल में रकम दोगुनी करने का झांसा दिया। प्रार्थी का कहना है कि वह धनीराम के झांसे में आकर 15 मार्च 2023 को कल्पना पांडे और अंजू साहू के साथ धनीराम के निवास गोकुलधाम सोसायटी गया जहां धनीराम के झांसे में आकर अपने एक्सिस बैंक के खाते से 18 लाख रुपए आरटीजीएस के माध्यम से उसके खाते में ट्रांसफर किया।

शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी को 20 साल कैद

रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ जिला कोर्ट के द्वारा नाबालिग को घर से भगा ले जाने एवं शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने के आरोपी को 20 साल कैद की सजा सुनाई गई।

पूरा मामला कोतरारोड थाना अंर्तगत ग्राम लिटाईपाली का है, जहां के निवासी विजय जांगडे उर्फ बिज्जू उम्र 24 साल के द्वारा जनवरी 2025 में गांव की ही एक नाबालिग को बहला फुसला कर घर से भगा ले गया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये। जहां परिजनों के शिकायत के बाद पुलिस नें आरोपी को 1 महीनें बाद गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पीडिता नें पुलिस को बताया कि आरोपी ने कई बार उससे शारीरिक संबंध बनाए, पुलिस नें आरोपी को गिरफ्तार कर पॉक्सों एक्ट के तहत जेल भेज दिया जहां कोर्ट ने आरोपी को 20 साल कारावास की सजा सुनाई। पीडिता के के पिता ने कोतरा रोड थाने में सूचना देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 27 जनवरी 2025 की सुबह साढ़े 9 बजे उसकी 16 साल की नाबालिग बेटी स्कूल गई थी। उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी। आसपास व रिश्तेदारों में पूछताछ करने के बावजूद उसका कहीं पता नही चला। ऐसे में उसे संदेह है कि अज्ञात युवक उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। इसके बाद परिजनों की रिपोर्ट पर कोतरा रोड पुलिस ने गुम इंसान दर्ज कर विवेचना शुरू की। पुलिस जांच में जानकारी हुई कि पीड़िता ग्राम लिटाईपाली में है। ऐसे में पुलिस ने 5 फरवरी को नाबालिग को ग्राम लिटाईपाली से बरामद किया।

बंद बोरी में मिली महिला के शव की नहीं हो पाई शिनाख्त

भिलाईनगर/नवप्रदेश। चंद्रा-मौर्या रेलवे अण्डरब्रिज की नाली में शनिवार को बोरे के अंदर मिली महिला के शव की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। इस बीच पुलिस की ओर से छह बिंदुओं में जानकारी देते हुए मृतका की शिनाख्ती का प्रयास किया जा रहा है। मामले में सुपेला थाना पुलिस के साथ-साथ क्राइम एंड साईबर यूनिट द्वारा मुखबिरों को एलर्ट किया गया है। वहीं दुर्ग जिला सहित पड़ोसी जिलों के विभिन्न थानों के हाल ही में दर्ज महिला गुमशुदगी के प्रकरणों की जानकारी जुटाई जा रही है। सुपेला पुलिस ने बताया कि शनिवार की सुबह सुपेला थाना क्षेत्र में चंद्रा-मौर्या रेलवे अण्डरब्रिज की नाली में बोरी में बंद महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई थी।

फसल बीमा में फर्जीवाड़ा करने वाले 2 गिरफ्तार

छुरिया/नवप्रदेश। खेत में केले की फसल लगी होने के बाद चना बोने का झूठा विवरण प्रस्तुत कर फर्जी फसल बीमा कराकर बीमा राशि अंतरित कराने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अमित वर्मा पिता संतोष वर्मा निवासी मासूल थाना घुमका और परमेश्वर साहू पिता प्रकाश साहू निवासी खूंटा छुरिया शामिल है।

जानकारी के अनुसार पूर्व विधायक छन्नी साहू ने गत 8 सितंबर को शिकायत में बताया था कि ग्राम आमगांव स्थित रैलिस बायो एनर्जी प्रा. लिमिटेड के पार्टनर जय बग्गा, वैभव गोलछा एवं सुदर्शन वर्मा के नाम दर्ज 34 खसरा, लगभग 50 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर एक वर्ष से अधिक समय से केले की फसल लगी थी। उक्त भूमि पर वर्ष 2024-25 में चना फसल दर्शाकर फसल बीमा कराया गया तथा बिना फसल कटाई एवं पंचनामा के कृषि विभाग के अधिकारी, पटवारी एवं बीमा एजेंट की कथित मिलीभगत से चना फसल का नुकसान होना बताकर 25 लाख से अधिक की बीमा राशि का भुगतान कराया गया।

आरोपियों ने जुर्म कबूला: पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन एएसपी राहुल देव शर्मा, एसडीओपी आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में छुरिया पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 13 दिसंबर को आरोपी अमित वर्मा और परमेश्वर साहू की तलाश कर हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर दोनों ने अपराध करना स्वीकार किया। आरोपियों को 14 दिसंबर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

जांच में फर्जीवाड़ा की पुष्टिः मामले के खुलासे के बाद कलेक्टर ने तहसीलदार विजय कोठारी की अध्यक्षता में पांच सदस्यों का जांच दल गठित किया था। जांच दल द्वारा ने शिकायत के संबंध में संपूर्ण जांच पर अमित वर्मा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर भारतीय कृषि बीमा कंपनी एवं सीएससी संचालक परमेश्वर साहू द्वारा कूटरचित दस्तावेज पोर्टल में प्रस्तुत कर और फर्जी फसल बीमा कराकर 23 लाख 28 हजार 944 रुपए को परमेश्वर साहू, गंगेश्वरी साहू और रुक्मणी कंवर के बैंक खाते में राशि अंतरण करा लेने पाए जाने पर कृषि विभाग ने आरोपियों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने निर्देश देने दिया था।

हवाई जहाज से सैर कराने का सपना दिखाकर बच्चों को पढ़ाई में बेहतर बनाया

मुसुरपुट्टा में 12 साल से 10वीं-12वीं के टॉपर्स को प्लेन से घुमा रहे गांव वाले

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के दुधावा क्षेत्र के मुसुरपुट्टा गांव ने अनोखी मिशाल पेश की है। यहां गांव के लोगों ने हवाई जहाज से सैर कराने का सपना दिखाकर गांव के बच्चों को पढ़ाई में बेहतर बना दिया। वहीं इस गांव में गांव वालों ने पिछले 12 साल से 10वीं-12वीं के टॉपर्स को प्लेन से घुमाया जा रहा है।

मुसुरपुट्टा में 10वीं-12वीं के टॉपर्स को प्लेन से घुमा रहे गांव वाले: अब गांव के ज्यादातर बच्चे दसवीं और बारहवीं प्रथम श्रेणी में पास हो रहे हैं। करीब 1900 की आबादी वाले मुसुरपुट्टा गांव में 12 साल पहले 2013 में गांव के टॉपर्स को हवाई जहाज से सैर कराने की योजना बनी ताकि गांव में पढ़ाई का माहौल बने।

टॉपर बन रहे बच्चे

धीरे-धीरे मेहनत का असर दिखने लगा। परीक्षा के नतीजे आए तो सभी हैरान रह गए। कई बच्चे जो पहले पिछड़ते थे, वे अब टॉप करने लगे। स्कूल का परिणाम पहले से काफी बेहतर हो गया। बच्चों के आत्मविश्वास में भी जबरदस्त बढ़ोतरी हुई। बच्चों ने न सिर्फ अच्छे अंक हासिल किए, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और बड़े सपने देखने की आदत भी सीख ली। टीचर के मुताबिक, बच्चों को अगर सही दिशा और एक अच्छा सपना दिखा दिया जाए, तो वे असंभव को भी संभव कर सकते हैं। यह कहानी बताती है कि पढ़ाई सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं है। सही मार्गदर्शन, प्रेरणा और विश्वास से बच्चों की किस्मत बदल सकती है। छत्तीसगढ़ की यह पहल आज कई शिक्षकों और स्कूलों के लिए एक मिसाल बन गई है।

गांव वाले मिलकर करते हैं खर्च

इस अनोखी योजना का संचालन गांव के ही शासकीय सेवा में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों ने मिलकर किया। योजना के संस्थापक सदस्य शिक्षाविद धनराज भास्कर ने बताया कि गांव के बहुत से लोग शासकीय सेवाओं में हैं, जो इसका सारा खर्च उठाते हैं। पहले इस योजना से गांव से निकले 15 शासकीय अधिकारी-कर्मचारी जुड़े थे। अब यह संख्या 110 हो गई है, जिनमें डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, शिक्षक, पुलिसकर्मी, सेना के जवान, क्लर्क सब हैं। दीपावली पर गांव के सभी अधिकारी एकत्र होते हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com